आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* गुरु हरराय पुण्यतिथि

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 291 | उज्जैन, मंगलवार 03 नवम्बर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

दिल्ली-एनसीआर में दीपावली पर सिर्फ ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर 2026 को ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दी है। पटाखे केवल सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक जलाए जा सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे जलाने पर रोक लगाई है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इन क्षेत्रों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों को भी 'नो-क्रैकर जोन' घोषित किया जाए। इनकी उचित मार्किंग की जाए और लोगों को इसकी जानकारी दी जाए।

राहुल ने नकली संसद लगाई उसके पीएम बन जाते : शाह

नई दिल्ली। अमित शाह सोमवार को हैदराबाद में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ मार्च में शामिल हुए। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने दिल्ली में नकली संसद लगाई। वे उसके ही पीएम बन जाते तो सोनिया के दिल को शांति मिल जाती। असली संसद में वे कभी पीएम नहीं बनेंगे। विपक्ष के एसआईआर विरोध के जवाब में भाजपा देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चला रही है। इसका पहला चरण 22 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक चलेगा।

सोना 2530 रुपये सस्ता, 1.38 लाख रुपये पर आया

नई दिल्ली। दिवाली से पहले सोने-चांदी के दाम में गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2530 रुपए गिरकर 1.38 लाख रुपए आ गया है। वहीं एक किलो चांदी 1372 रुपए घटकर 1.80 लाख रुपए पर आ गई है। शुक्रवार को सोना 1.40 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 1.81 लाख रुपए किलो बिक रही थी। अक्टूबर में सोना 8,084 रुपए और चांदी 39,485 रुपए सस्ती हुई है। एक अक्टूबर 2026 को एक किलो चांदी के दाम 2.20 लाख रुपए और 10 ग्राम सोना 1.48 लाख रुपए पर थे।

एक्टर इमरान ने बॉम्बे हाईकोर्ट से माफी मांगी



प्रदर्शन में नहीं जाऊंगा, सीजेपी प्रोटेस्ट में शामिल होने पर मिला था देश छोड़ने का नोटिस

मुंबई। एक्टर इमरान खान ने 'एसआईआर' विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए बिना शर्त माफी मांग ली है। उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट से कहा है कि वे भविष्य में इस तरह के किसी भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लेंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट इमरान को मिले लीव इंडिया नोटिस के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कोर्ट ने उनसे बिना शर्त माफी और अंडरटेकिंग देने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत की याद दिलाई और निर्देश दिया कि इमरान को उनके खिलाफ जारी 'लीव इंडिया नोटिस' का जवाब देने के लिए कुछ समय दिया जाए। अगली सुनवाई 7 दिसंबर को होगी। तब तक उनके खिलाफ जारी 'लीव इंडिया' (भारत छोड़ो) नोटिस पर रोक रहेगी। एक्टर इमरान खान 42 साल से भारत में रह रहे हैं लेकिन उनके पास अमेरिका की नागरिकता है, 2006 से ओसीआई कार्ड होल्डर हैं।

नैनो न्यूज

- **पंजाब :** होशियारपुर में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा के घर ईडी की दबिश, सुबह 5 बजे पहुंची टीम।
- **अमेरिका :** फ्लोरिडा में विमान हादसा, रिहायशी इलाके की सड़क पर गिरा बिजनेस जेट, 9 लोगों की मौत।
- **नई दिल्ली :** 1 जनवरी 2027 से हवाई किराये के नियम बदलेंगे, एयरलाइंस को मिलेगी कीमत तय करने की छूट।
- **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर चंदा चोरी मामले की बंद की निगरानी, मजिस्ट्रेट को कार्रवाई करने का आदेश।
- **तेहरान :** नेतन्याहू आइजनकोट के साथ सरकार बनाने को तैयार, अरब पार्टियों के विपक्ष को मिले समर्थन से डरे, चुनाव में किसी दल को बहुमत नहीं।
- **नई दिल्ली :** आप छोड़ने वाले तीनों विधायक बीजेपी में शामिल, बोले- पंजाब में फिरौती इंडस्ट्री बनी, गैंगस्टर सरकार में, तीनों ने पिछले दो दिन में दिया था इस्तीफा।
- **नई दिल्ली :** सेंसेक्स 1233 अंक चढ़कर 75,693 पर बंद, निफ्टी 388 अंक चढ़ा, रिलायंस का शेयर 12% चढ़कर 1300 रुपये पहुंचा।

तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंचे थे, ट्रक ड्राइवर को बाहर आने के लिए कहा था, लेकिन डिवाइडर पर चढ़ाकर आगे बढ़ा दिया

शराब तस्करों ने ट्रक से कुचलकर टीआई को मार डाला


जांच के लिए एसआईटी बनाई, 2 आबकारी आरक्षक सस्पेंड, पत्नी को एसआई की नौकरी और 1 करोड़ की मदद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव/देवास

प्रदेश के देवास में अवैध शराब से भरे ट्रक ने खातेगांव टीआई दिलीप पुरी को कुचल दिया। वे रविवार रात तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंचे थे। अस्पताल में करीब दो घंटे तक सीपीआर और इलाज किया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

पुलिस के मुताबिक, टीआई ने ट्रक ड्राइवर को बाहर आने के लिए कहा था, लेकिन ड्राइवर ने ट्रक को डिवाइडर पर चढ़ाकर आगे बढ़ा दिया। इससे ट्रक का पिछला पहिया टीआई के ऊपर चढ़ गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

सीएम ने उनकी पत्नी को अनुकंपा पर एसआई पद और परिवार को 1 करोड़ रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा खातेगांव में पकड़ी गई शराब के बैच नंबर की शराब टिमरनी की दुकान में भी मिली। हरदा जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया- भारतेन्द्र जायसवाल से जुड़ी तीन शराब दुकानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। सहायक जिला आबकारी अधिकारी अमरसिंह बघेल, दो आरक्षकों अरुण कुम्बरे और कृष्णपाल सिंह डोडिया को निलंबित किया गया है।



तिरंगे में लिपटी पार्थिव देह, गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई

पोस्टमॉर्टम के बाद टीआई दिलीप पुरी के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया। इसके बाद पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तिरंगे में लिपटा टीआई दिलीप पुरी का पार्थिव शरीर पैतृक गांव बरमंडल पहुंचा। उनके अंतिम दर्शन के दौरान पुलिसकर्मी और परिजन फूट-फूटकर रो पड़े।

ट्रक के कंपार्टमेंट में शराब भरी हुई थी- पुलिस

आबकारी उपनिरीक्षक पूजा गेहलोत ने बताया- ट्रक बेस से करीब दो फीट ऊंचा है। ट्रक के कंपार्टमेंट में शराब भरी हुई थी। शराब कितनी है, कहां से लाई थी, यह जांच के बाद ही पता चलेगा। मामले में पुलिस ने शराब माफिया केरम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उसे आलीराजपुर जिले के बेहड़वा से पकड़ा गया। फिलहाल उसे खातेगांव पुलिस को सौंपने की कार्रवाई की जा रही है।

चंदाना-बिंजाना में संदिग्ध जहरीली शराब से 13 मौतें हुई थीं

इससे पहले हाल ही में देवास जिला मुख्यालय से करीब 7 किलोमीटर दूर चंदाना और पास के बिंजाना गांव में संदिग्ध जहरीली शराब से मौतों का मामला सामने आया था। ग्रामीणों ने दोनों गांवों में 20 दिन के भीतर 13 से ज्यादा लोगों की मौत होने का दावा किया था। कई लोगों की आंखों की रोशनी प्रभावित होने की बात भी सामने आई थी। ग्रामीणों के मुताबिक, मौतों का सिलसिला 27 सितंबर को शुरू हुआ था। शराब पीने के बाद लोगों को पेट दर्द, चक्कर, घबराहट और उल्टी की शिकायत हुई थी। कुछ ही घंटों में उनकी मौत हो गई थी।

ट्रक में केरम सिंह की शराब रखी हुई थी- पुलिस के मुताबिक, जिस वाहन से टीआई दिलीप पुरी को कुचला गया, उसमें केरम सिंह की शराब रखी हुई थी। वहीं, जोबट एसडीओपी आशुतोष पटेल ने बताया कि खातेगांव पुलिस की तीन टीमें ड्राइवर की तलाश में पहुंची हैं। पुलिस द्वारा आलीराजपुर, झाबुआ और गुजरात राज्य में लगातार तलाश की जा रही है। इस दौरान संबंधित वाहन के ड्राइवर और मालिक की जानकारी जुटाकर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस टीमें अलग-अलग स्थानों पर जांच कर रही हैं। देवास एसपी आदित्य मिश्रा सोमवार तड़के करीब 3.30 बजे खातेगांव पहुंचे। एसपी ने बताया कि घटना की जांच के लिए एसआईटी बना दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

पिता ओमप्रकाश पुरी किसान होने के साथ कांग्रेस के नेता- दिलीप पुरी मूल रूप से धार जिले की सरदारपुर तहसील के ग्राम बरमण्डल के निवासी थे। परिवार में पत्नी कविता और बेटा-बेटी हैं। उनके पिता ओमप्रकाश पुरी किसान होने के साथ कांग्रेस नेता हैं। बताया जा रहा है कि दिलीप पुरी का अंतिम संस्कार बरमण्डल में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उनके छोटे भाई इंदौर में निजी नौकरी करते हैं।

शराब ठेकेदार के कुछ कर्मचारी हिरासत में लिए गए

बताया जा रहा है कि हादसे में इस्तेमाल ट्रक रतलाम पासिंग का है। पुलिस ने हरदा जिले की टिमरनी तहसील के शराब ठेकेदार और कांग्रेस नेता राहुल जायसवाल के कुछ कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि टिमरनी की शराब दुकान को फिलहाल सील कर दिया गया है।

राजस्थान: हाईटेंशन लाइन से टकराई सड़क निर्माण मशीन

करंट से 8 मजदूरों की मौत, 5 झुलसे

एजेंसी ▸▸ झुंझुनूं

राजस्थान के झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी क्षेत्र के छापोली गांव में सड़क निर्माण के दौरान बड़ा हादसा हो गया। कदम कुंड मार्ग पर काम कर रही बजरी मिलाने वाली मशीन अचानक ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। इससे मशीन में करंट फैल गया और वहां काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए।

हादसे में आठ मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। एक साथ आठ मजदूरों की मौत से क्षेत्र में शोक फैल गया।



हादसे की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। उदयपुरवाटी एसएचओ रामपाल ने बताया कि बजरी मिलाने के काम में लगी मशीन ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई थी। इससे मशीन में करंट फैलने पर मजदूर उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया।

सीएम ने जताया दुःख दिए जांच के निर्देश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हादसे पर दुःख जताया। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार और प्रभावित परिवारों को तत्काल हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घटना की जांच के भी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने दिवंगत श्रमिकों को श्रद्धांजलि देते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और शोकाकुल परिवारों को दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

शरद पवार सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▸▸ पुणे

एनसीपी प्रमुख शरद पवार को सोमवार को पुणे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें सांस लेने पर बढ़ने वाले सीने के दर्द की शिकायत थी। 85 साल के पवार को खांसी के बाद पुणे के प्राइवेट हॉस्पिटल रूबी हॉल क्लिनिक लाया गया। उनकी बेटी, बारामती सांसद और एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने यह जानकारी दी। सुले के मुताबिक, पवार के मेडिकल टेस्ट चल रहे हैं।



बंगाल की खाड़ी से उठे तूफान मुरासु का असर

विजयवाड़ा में 10 फ्लाइट कैंसिल चेन्नई में भारी बारिश, स्कूल बंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

तूफान अर्नब के बाद अब बंगाल की खाड़ी से उठा तूफान मुरासु आंध्र प्रदेश के तट की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह मंगलवार सुबह 4 बजे के बीच ओंगोल के पास तट से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किमी प्रतिघंटे रह सकती है।

सोमवार सुबह 5.30 बजे चक्रवात चेन्नई से 200 और नेल्लोर से 210 किमी दूर था। यह 25 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तमिलनाडु में चक्रवात का असर शुरू हो गया है। आंध्र के नेल्लोर के मयपाडु बीच पर समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर 10 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। राज्य में एनडीआरएफ की तीन टीमें तैनात हैं। तमिलनाडु के चेन्नई, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर में रविवार रात से बारिश हो रही है। चेन्नई में कई सड़कें जलमग्न हैं। स्कूल बंद कर दिए गए हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र में भी तूफान का असर दिख सकता है।

नौसेना को मिलेंगे 8 नए युद्धपोत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 8 नए युद्धपोत बनाने के लिए 53,866.50 करोड़ के समझौते पर साइन किए हैं। ये नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट यानी नई पीढ़ी के युद्धपोत होंगे।

इनमें आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इन युद्धपोतों को बनाने की जिम्मेदारी दो भारतीय कंपनियों को दी गई है। इनमें कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड पांच और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड तीन युद्धपोत बनाएगी। सोमवार को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए गए। नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट में आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इनकी मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और पानी के नीचे से आने वाले खतरों का मुकाबला कर सकेगी। इन जहाजों का इस्तेमाल समुद्री व्यापार के रास्तों की सुरक्षा, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ कार्रवाई और तटीय सुरक्षा के लिए किया जाएगा।

घर में मिले एक परिवार के चार लोगों के शव, दो बच्चे भी शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश की राजधानी भोपाल के मालीखेड़ी इलाके में सोमवार को एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या का मामला सामने आया है।

मृतकों में 50 साल की एक महिला, उनकी बहू और दो बच्चे शामिल हैं। बच्चों की उम्र 10 साल और 6 साल है। वहीं, बेटे नरेंद्र का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। पुलिस को आशंका है कि नरेंद्र ने पहले परिवार के चारों सदस्यों की हत्या की और फिर ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या कर ली। भोपाल के जोन 4 के डीसीपी आदर्श कांत शुक्ला ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, सोमवार सुबह हमें रेलवे ट्रैक के पास एक घटना की सूचना मिली थी। इस जानकारी के आधार पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो एक ही घर के चार सदस्यों और एक अन्य व्यक्ति की मौत का पता चला। उस व्यक्ति की मौत ट्रेन से कटकर हुई थी। परिवार के चार सदस्यों के शवों की शुरूआती जांच करने पर गला काटने का मामला लग रहा है। मृतकों की पहचान नरेंद्र की मां सरस्वती साहू, पत्नी सोमलता साहू, बेटी कृति साहू और बेटे खुश साहू के रूप में हुई है। चारों के शव घर में एक ही बेड पर मिले।

यूपी में दर्दनाक हादसा : मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहा था परिवार

ट्रेलर और कार में भिड़ंत से 6 लोगों की मौत

एजेंसी ▸▸ कुशीनगर

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में नेशनल हाईवे-28 पर एक मारुति ओमनी कार और भारी ट्रेलर के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार टक्कर में छह लोगों की मौके पर ही जान चली गई।

वहीं, बाराबंकी में तेज रफ्तार एसयूवी ने दो बाइकों को रौंद दिया, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई।



इसके अलावा मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर दो डबल डेकर बसों और कैंटर की भिड़ंत में आधा दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गए। कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एनएच-28 पर थरुआडीह के समीप देर रात यह दिल दहला देने वाली दुर्घटना घटी। मिली जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी लोग रिश्तेदारी में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में शरीक होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी ओमनी कार थरुआडीह के पास पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर से उसकी भीषण भिड़ंत हो गई।

महापौर कार्यालय और तीन स्कूलों को ई-मेल, बच्चों को कार्यक्रम में नहीं भेजने की चेतावनी

दिलजीत के इंदौर कॉन्सर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मशहूर पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के 15 नवंबर को इंदौर में होने वाले कॉन्सर्ट को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। आतंकी संगठन के नाम से आए एक धमकी भरे ई-मेल में कॉन्सर्ट के दौरान आईईडी से धमाके करने की चेतावनी दी गई है।

यह धमकी भरा ई-मेल इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के दफ्तर समेत कई अन्य लोगों को भेजा गया है। ई-मेल में इंदौर महापौर कार्यालय के अलावा बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन के मुंबई स्थित बंगले 'जलसा' को भी उड़ाने की बात कही गई है। यह ई-मेल 'खालिस्तानी नेशनल आर्मी' के नाम से भेजा गया है। ई-मेल भेजने वालों में खुद को इंजीनियर गुरानाख सिंह, रुखन शाहवाला, डॉ. गुरनिरवेर सिंह और बब्बर खालसा (परमार-कनाड़) के प्रोफेसर गुरकाल सिंह पीएचडी बताने वालों के नाम लिखे हैं। ई-मेल में इंदौर शो के दौरान आईईडी ब्लास्ट करने की बात कही गई है।



15 नवंबर को इंदौर के सी-21 मैदान में है शो

?दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने म्यूजिक टूर पर हैं। दिल्ली में उनका शो हो चुका है और 15 नवंबर को इंदौर के सी-21 मैदान में उनका कार्यक्रम तय है। इससे पहले भी इस शो को लेकर धमकियां मिलने की बात सामने आ चुकी है।


इंदौर के 3 स्कूलों को भी धमकी भरे ई-मेल

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, इंदौर के तीन स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। इनमें चेतावनी दी गई है कि 15 नवंबर को होने वाले दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम में अपने बच्चों को न भेजें, क्योंकि वहां बम धमाके किए जाएंगे। एहतियात के तौर पर राजेश दंडोतिया ने स्कूलों के नाम बताने से इनकार किया है। उनके मुताबिक, ई-मेल की तकनीकी जांच की जा रही है। ये मेल सोमवार सुबह मिले हैं।

अमिताभ के पैर छूने पर विवाद: अमेरिका स्थित आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और अन्य शो के दौरान दिलजीत को धमकी दी थी। संगठन का आरोप है कि दिलजीत ने बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के पैर छूकर उनका सम्मान किया, जिससे 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों की भावनाओं को ठेस पहुंची है।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

हादसे पर उठते सवाल

धर्मनगरी में अन्यानेक आधुनिकीकरण के बावजूद फिर से एक हादसा हो गया। इससे पूर्व सिवरेज का मामला हुआ था। पीपलीनाका पर हुए उस हादसे के बावजूद भी ऐसे ही एक चैंबर से हादसा हो गया। घटना स्थल और उसका प्रकार जरूर बदला है लेकिन परिस्थितिजन्य हालात वैसे ही हैं। सिवरेज हो चाहे अन्य चैंबर इनकी सफाई की तकनीक की स्थिति को देखते हुए जो भी किया गया है उसमें प्रारंभिक स्तर पर ही लापरवाही जैसे घटक दिखाई दे रहे हैं। घटनास्थल पर आधुनिक यंत्रों की उपस्थिति न होना और विशेषज्ञ के अभाव में ही उसे किया जाना भी यह बताता है कि कहीं न कहीं इसमें लापरवाही बरती जा रही थी। इस तरह के चैंबरों को वर्तमान समय में जब यंत्रों से सफाई का चलन होने के बावजूद आखिर मानव उपयोग किया जाना ही प्रारंभिक स्तर पर सवाल पैदा कर रहा है। चैंबरों की सफाई के लिए शहर की संस्था की और से सशुल्क व्यवस्था दिए जाने एवं उसके विशेषज्ञ इंजीनियरों की सहायता उपलब्ध होने के बाद भी तकनीकी रूप से अक्षम लोगों का इसमें उपयोग किया जाना ही सबसे अहम बिंदुओं को सामने ला रहा है। उसके बाद सफाई का समय सवाल खड़े कर रहा है। खुसूर-फुसूर है कि अव्वल तो आधुनिक उपकरणों के होते हुए ऐसे चैंबरों की सफाई में पुरातन तरीके का उपयोग ही अपने आप में सवाल खड़े कर रहा है। उसके बाद ऐसे कार्यों को जो दिन में किए जाने चाहिए उन्हें रात में अंजाम दिया जा रहा था। आखिर ऐसी कौनसी मजबूरी थी जिसके चलते प्रबंधन इसे रात में ही करना चाहता था और ठेकेदार के माध्यम से ही इसे अंजाम दिया जा रहा था। जो भी हो नगर की संस्था को ऐसे मामलों के लिए जनहित में आगे आना चाहिए और चैंबरों की सफाई के लिए आधुनिक यंत्रों के उपयोग को ही प्राथमिकता देने के लिए जनसूचना जारी करना चाहिए जिससे ऐसे हादसों को रोका जा सके।

नैनो न्यूज

- **उज्जैन के** यतिन कोरी ने जीते 1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक, अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन मल्लखम्ब प्रतियोगिता में पांच अन्य खिलाड़ियों ने भी टीम के साथ जीते कांस्य पदक
- **हाईकोर्ट** के आदेश के बावजूद 87 वर्षीय आसाराम बापू को जेल में रखने पर उठे सवाल, गंभीर हृदय रोग से पीड़ित होने के बावजूद आरोग्यम अस्पताल की चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने का आरोप
- **दीपावली** को लेकर लखेरवाड़ी बाजार में रौनक, ग्राहकों की उमड़ी भीड़
- **एलईडीपी** मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह
- **माता भगवती** देवी शर्मा की जन्मशताब्दी पर स्मारक डाक टिकट जारी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया जारी, तीन दिवसीय महोत्सव में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी हुए शामिल, उज्जैन सहित मध्यप्रदेश के परिजनों ने की सहभागिता
- **राष्ट्रीय गांधी** नेतृत्व शिविर में उज्जैन के उदय दांगी ने किया मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ने राष्ट्रीय मंच पर दिया नेतृत्व क्षमता का परिचय, कुलगुरु सहित शिक्षकों ने दी बधाई
- **मानव जाति** और समाज कल्याण के लिए संत कंवर राम के आदर्शों को जीवन में अपनाना होगा, समाजसेवी सुनील नवलानी सिंधु रत्न 2026 से सम्मानित
- **बचपन** की बुनियाद, व्यक्तित्व का निर्माण पालन-पोषण की शैली, बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला स्नेह, अनुशासन और संवाद से विकसित होता है स्वस्थ एवं संतुलित व्यक्तित्व
- **वरिष्ठ कवि** जीवन प्रकाश आर्य के काव्य संकलन भाव शब्दिका का लोकार्पण, राष्ट्रीय समीक्षा संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा असंख्य लोगों की पीड़ा और मानवीय संघर्ष को सामने लाता है रचनाकार
- **महाराष्ट्र** सांस्कृतिक मंडल ने मनाया कोजागिरी पर्व, मराठी गीतों ने बांधा समां, महानंदा नगर में 20 वर्षों से हो रहा आयोजन, खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत
- **सर्व प्रयास** सामाजिक संस्था ने गोद ली गई 60 बालिकाओं को वितरित की दीपावली सामग्री, शिक्षा, स्वास्थ्य और त्योहार से लेकर विवाह होने तक भरण-पोषण की जिम्मेदारी निभाएगी संस्था
- **सुरक्षित** बचपन अभियान', विद्यार्थियों को दी बाल अधिकारों और पॉक्सो एक्ट की जानकारी, विधिक साक्षरता शिविर में गुड टच-बैड टच और सड़क सुरक्षा कानून भी समझाए
- **मन को जीतने** वाला ही जीवन की हर जंग में होता है विजयीः आचार्यश्री, मनुष्य के जीवन में मन अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मन ही उसे ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है और पतन के गर्त में भी ढकेल सकता है।
- **पाइपलाइन** शिफ्टिंग कार्य के चलते 4 नवंबर को उत्तर क्षेत्र में नहीं होगा जलप्रदाय, एमपीआरडीसी के निमार्णाधीन ब्रिज में पाइपलाइन शिफ्टिंग के लिए लिया जाएगा शटडाउन
- **वार्ड 40** में बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव के द्वारा संपन्न हुआ

उज्जैन की पॉश कॉलोनी संत नगर के आईआईटी से पढ़े दो भाइयों का अनोखा प्रयोग

गोबर और मिट्टी से बना रहे इको-फ्रेंडली घर

दीवारों पर पीली मिट्टी और गोबर का लेप, छत पर मिट्टी के खपरे, बिना एसी के घर को ठंडा रखने की विशेष व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आधुनिक दौर में जहां मकानों के निर्माण में सीमेंट, कंक्रीट और केमिकल का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है, वहीं उज्जैन की पॉश कॉलोनी संत नगर में आईआईटी से पढ़े दो भाइयों ने पारंपरिक निर्माण पद्धति को नए प्रयोग के साथ अपनाया है। दोनों भाई यहां ऐसा अनोखा इको-फ्रेंडली घर तैयार कर रहे हैं, जिसमें आधुनिक तकनीक के बजाय प्राकृतिक संसाधनों और पारंपरिक निर्माण सामग्री को प्राथमिकता दी जा रही है।

इस घर की सबसे खास बात इसकी दीवारें और छत हैं। दीवारों पर पीली मिट्टी और गोबर का लेप किया जा रहा है, जबकि छत पर मिट्टी के खपरे लगाए जा रहे हैं। भाइयों के मुताबिक घर के निर्माण में करीब



35 टन गोबर और मिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण में सीमेंट और केमिकल का उपयोग नहीं किया जा रहा। उनका उद्देश्य ऐसा घर तैयार करना है, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ प्राकृतिक रूप से आरामदायक भी हो।



जमीन के 10 फीट नीचे से आएगी हवा

घर को गर्मी में ठंडा रखने के लिए भी विशेष तकनीक अपनाई गई है। इसके लिए जमीन से करीब 10 फीट नीचे से हवा घर के भीतर पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। भाइयों का दावा है कि इस व्यवस्था से घर का तापमान बाहर की तुलना में करीब 5 डिग्री तक कम रह सकता है। इससे गर्मियों में बिना एयर कंडीशनर के भी घर के भीतर राहत मिलेगी।

परंपरा और तकनीक का संगम

आईआईटी से शिक्षा प्राप्त दोनों भाइयों का यह प्रयोग बताता है कि आधुनिक शिक्षा और तकनीक के साथ पारंपरिक निर्माण पद्धतियों को भी नए रूप में अपनाया जा सकता है। प्राकृतिक सामग्री से घर बनाने की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रयोग है, बल्कि सीमेंट-कंक्रीट के बढ़ते इस्तेमाल के बीच वैकल्पिक निर्माण शैली की संभावनाएं भी सामने रखती है।

भस्म आरती में रूप चौदस पर बाबा महाकाल को लगेगा उबटन, शाम को मनेगी दिवाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तिथियों के घटने-बढ़ने के चलते इस बार रूप चौदस (नरक चतुर्दशी) का पर्व 7 और 8 नवंबर, दो दिन मनाया जाएगा। उज्जैन के महाकाल मंदिर में रूप चौदस और दिवाली एक ही दिन मनाई जाएगी। रविवार को तड़के 4 बजे भस्म आरती के दौरान पुजारी परिवार की महिलाएं भगवान महाकाल को सुगंधित उबटन लगाकर विशेष पूजन करेंगी। इसके बाद मंदिर के गर्भगृह में पुजारी फुलझड़ियां जलाकर दिवाली मनाएंगे।

महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने बताया कि भस्म आरती में भगवान महाकाल को पंचामृत स्नान कराने के बाद केसर, चंदन, इत्र, खस और सफेद तिल से तैयार उबटन लगाया जाएगा। भगवान का रूप निखारने के लिए विशेष श्रृंगार किया जाएगा और अन्नकूट का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद विशेष कपूर आरती होगी, जिसे महिलाएं करेंगी।

साल में एक बार उबटन लगाती हैं पुजारी परिवार की महिलाएं- रूप चौदस पर पुजारी और पुरोहित परिवार की महिलाएं वर्ष में एक बार भगवान महाकाल को उबटन लगाने के लिए भस्म आरती में शामिल होती हैं। महिलाएं सुगंधित द्रव्यों से उबटन तैयार कर भगवान का विशेष श्रृंगार करती हैं। इस दौरान भगवान को पंचामृत अर्पित करने के बाद उबटन लगाया जाता है और विशेष कपूर आरती की जाती है।



रूप चौदस से महाशिवरात्रि तक गर्म जल से स्नान

महाकाल मंदिर के पुजारी महेश गुरु के अनुसार, कार्तिक मास की चौदस से सर्दियों की शुरुआत मानी जाती है। इसी कारण भगवान महाकाल को ठंड से बचाने के लिए गर्म जल से स्नान कराने की परंपरा शुरू होती है। रूप चौदस से प्रतिदिन भस्म आरती के दौरान भगवान को गर्म जल से स्नान कराया जाएगा। यह परंपरा महाशिवरात्रि तक चलेगी।

त्योहारों से पहले महाकाल में श्रद्धालुओं की भीड़ कम, बाद में बढ़ेगा दबाव

श्री महाकालेश्वर मंदिर में इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ अपेक्षाकृत कम नजर आ रही है। त्योहारों और विशेष धार्मिक अवसरों से पहले दर्शनार्थियों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है। हालांकि आगामी दिनों में त्योहारों के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की संभावना है।त्योहारों के दौरान देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर प्रबंधन और प्रशासन के सामने दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, कतार प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुचारु बनाए रखने की चुनौती रहेगी। फिलहाल अपेक्षाकृत कम भीड़ के कारण श्रद्धालुओं को आसानी से दर्शन हो रहे हैं। लेकिन त्योहारों के बाद भीड़ का दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाओं की तैयारी अभी से करना जरूरी है, ताकि श्रद्धालुओं को अव्यवस्था और लंबी प्रतीक्षा का सामना न करना पड़े।

श्री गंगा होटल में मृतक कर्मचारियों को निगम कर्मचारी संघों ने दी श्रद्धांजलि



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास रोड स्थित श्री गंगा होटल में शनिवार रात को वेस्ट चैंबर की सफाई के लिए कर्मचारियों को बुलाया गया था। सफाई के दौरान चार कर्मचारियों की चेंबर में फंसने से चार कर्मचारियों का निधन हो गया था।

उक्त कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने हेतु सोमवार को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सफाई कामगार संघ, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ कार्यालय में शोकसभा रखी गई थी। शोकसभा को संबोधित करते हुए तीनों कर्मचारी संघों के संरक्षक रामचंद्र कोरट एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ उपाध्यक्ष रमेशचंद्र निगम ने कहा कि नगर निगम उज्जैन चेंबर में सफाई का कार्य मशीनों से करवाता है तो और निगम के पास आवश्यक संसाधन है तो फिर होटल संचालकों को अलग से कर्मचारियों से चेंबर सफाई कार्य नहीं करवाना चाहिए और इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो इसका भी सभी होटल संचालकों व अन्य प्रतिष्ठानों को ध्यान रखना चाहिए। शोकसभा में अजयप्रकाश मेहता, चंदगीराम टांकले (पहलवान), मनसुख मेहरवाल, गय्यूर अहमद, सुरेन्द्र सारवान, शैलेष नागर, कमलेश चावरे, मुकेश कल्याणे, राजेन्द्र देवधरे, धीरज कलोसिया, नितिन मुसले, अजय संगत, मनोज सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

आज निगम के स्थगित सम्मिलन में शेष प्रकरणों पर होगी चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर पालिक निगम का स्थगित सम्मिलन आज मंगलवार, 3 नवंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक दोपहर 3 बजे छत्रपति शिवाजी भवन स्थित पंडित अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में होगी। सम्मिलन में पूर्व बैठक के दौरान शेष रह गए प्रकरणों को विचारार्थ रखा जाएगा। इन सभी प्रकरणों पर सदन में चर्चा की जाएगी। बैठक में निगम अध्यक्ष कलावती यादव की मौजूदगी में पार्षद शेष विषयों पर अपने विचार रखेंगे।

विकास प्राधिकरण अध्यक्ष ने सिंहस्थ कार्यों का किया औचक निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी द्वारा प्राधिकरण द्वारा सिंहस्थ 2028 अंतर्गत किये जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया।

सर्वप्रथम अध्यक्ष द्वारा 13 दिन पहले बनाई गई खाक चौक से भतृहरी गुफा तक बनाये जा रहे सीसी रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क की गुणवत्ता परखने हेतु स्थल पर ही खड़े होकर कोर कटिंग मशीन से सड़क का सेम्पल टेस्ट लिया गया तथा उसे नेबल लेब में भिजवाया गया। इसके साथ ही पिपलीनाका से भैरवगढ़ जेल तक बनाई जा रही रोड का भी निरीक्षण किया गया तथा सभी सड़कों को त्वरित गति से बनाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश प्राधिकरण अधिकारियों को दिये गये। इसके साथ ही ऋण मुक्तेश्वर से भृतहरी गुफा तक बनाई जा रही सड़क का भी निरीक्षण



किया तथा सड़क की गुणवत्ता के साथ साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री कुलदीप रघुवंशी, शुभम सोनी तथा कार्य से संबंधित इंजीनियर एवं जनसम्पर्क अधिकारी प्रशांत साठे उपस्थित थे।

सिंहस्थ-2028 के स्वागत में प्रशांति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बनाएगा 5 हजार वर्ग फीट की रंगोली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले विश्वप्रसिद्ध सिंहस्थ महापर्व के स्वागत एवं उसकी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रशांति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा 3 नवंबर 2026 को अपने कॉलेज परिसर में 100 X 50 फीट (5,000 वर्ग फीट) क्षेत्रफल में एक भव्य रंगोली का निर्माण किया जाएगा।

सिंहस्थ-2028 आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिकता का महापर्व विषय पर आधारित इस विशाल रंगोली का निर्माण संस्थान के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं शिक्षक सामूहिक रूप से करेंगे। इस कलात्मक प्रस्तुति में सिंहस्थ की दिव्यता, उज्जैन की सांस्कृतिक पहचान, भगवान महाकाल की महिमा तथा भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का सजीव चित्रण किया जाएगा। यह आयोजन केवल एक कलात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि सिंहस्थ-2028 के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, युवाओं को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने तथा उज्जैन की वैश्विक पहचान को सशक्त बनाने का एक अभिनव प्रयास है। प्रशांति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस इस रंगोली के माध्यम से विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड पुस्तकों में पंजीकरण हेतु भी आवेदन प्रस्तुत करेगा, जिससे उज्जैन और मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को व्यापक स्तर पर नई पहचान मिल सके। संस्थान ने शहरवासियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं सभी कला एवं संस्कृति प्रेमियों से इस ऐतिहासिक पहल के साक्षी बनने तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



दीपावली से पहले गाड़ी अड्डा से निकास चौराहा मार्ग को संवारने की तैयारी

एक किमी लंबे मार्ग 18 मीटर तक होगा चौड़ीकरण

महापौर टटवाल ने किया निरीक्षण

मलबा हटाने, नाली निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावली के त्योहार पर बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए नगर निगम ने गाड़ी अड्डा से निकास चौराहा तक मार्ग को व्यवस्थित करने की तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल ने मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को दीपावली से पहले मार्ग को सुगम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी नहीं होनी चाहिए। निर्माण कार्य के दौरान निकलने वाला मलबा तत्काल हटाया जाए, ताकि सड़क पर यातायात बाधित न हो।



सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत गाड़ी अड्डा से निकास चौराहा तक करीब एक किलोमीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस मार्ग को 18 मीटर चौड़ा करने की योजना है। चौड़ीकरण के लिए चिह्नित प्रभावित हिस्सों को रहवासी स्वयं हटाने की कार्रवाई कर रहे हैं। नगर निगम भी रहवासियों के सहयोग से नाली निर्माण का काम कर रहा है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नाली निर्माण और अन्य कार्य इस तरह किए जाएं कि लोगों की आवाजाही प्रभावित न हो। दीपावली के दौरान बाजारों में खरीदारों की आवाजाही बढ़ने से इस मार्ग पर यातायात का दबाव भी बढ़ सकता है। ऐसे में सड़क से मलबा हटाकर मार्ग को व्यवस्थित रखना जरूरी है।

ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर, क्षेत्रीय पार्षद राजेश बाथम, अपर आयुक्त संतोष टैगोर, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, जोनल अधिकारी सुनील जैन, उपयंत्री शिवम गुप्ता एवं आकाश रघुवंशी उपस्थित रहे।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

सेना दिवस 15 जनवरी को भोपाल में होगा आयोजन

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर भोपाल में 15 जनवरी को मनाए जाने वाले सेना दिवस-2027 के आयोजनों का संकल्प वृक्ष पौध-रोपण अभियान के माध्यम से शुभारंभ किया। शौर्य स्मारक में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्मारक स्तंभ पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश के वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन किया । मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर सेना के अधिकारियों और एनसीसी कैडेट्स ने उनकी अगवानी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रकृति के संरक्षण और विकसित व संरक्षित भारत के संकल्प के प्रतीक स्वरूप संकल्प वृक्ष पौध-रोपण अभियान में अर्जुन का पौधा रोपा।

वन स्टॉप सेंटर का अपर संचालक ने किया निरीक्षण

इंदौर। महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर संचालक डॉ. संध्या व्यास एवं ज्वाइंट डायरेक्टर श्रीमती सुनीता यादव ने इंदौर के लसूड़िया स्थित नवीन वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। यह सेंटर 1 जुलाई 2026 से संचालित है। यहां विगत माह में कुल 59 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें आवश्यक कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान सेंटर की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई। पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए पुलिस विभाग से आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के संबंध में अपर संचालक द्वारा पुलिस कमिश्नर एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर को अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान सेंटर की गतिविधियां एवं संचालन व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

संभाग के 24 किसानों की चमकी किस्मत

इंदौर। किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने तथा कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर आयोजित किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व विजन-2026 के अंतर्गत इंदौर संभाग के आठों जिलों के 24 किसानों को पुरस्कृत किया गया। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर संभाग के सभी जिलों में आयोजित मुख्य समारोहों में प्रत्येक जिले से चयनित तीन-तीन विजेता किसानों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इस योजना के तहत प्रत्येक जिले के प्रथम पुरस्कार विजेता को 7 लाख 26 हजार रुपये मूल्य का ट्रैक्टर, द्वितीय पुरस्कार विजेता को 1 लाख 68 हजार रुपये मूल्य की बुलेट मोटरसाइकिल तथा तृतीय पुरस्कार विजेता को 1 लाख 20 हजार रुपये की ई-स्कूटी के लिए राशि प्रदान की गई।

हरदीप पुरी को चुनौती देंगे निर्दलीय राजकुमार लोहानी



भोपाल। मध्य प्रदेश में होने जा रहे राज्यसभा उप चुनाव के लिए सियासी हलचल तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार हरदीप सिंह पुरी के सामने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने निर्दलीय उम्मीदवार राजकुमार लोहानी को अपना समर्थन देकर कर मैदान में उतार दिया है। कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी बनाए गए राजकुमार लोहानी के नामांकन में मध्य प्रदेश विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे प्रस्तावक बने हैं। कांग्रेस द्वारा निर्दलीय उम्मीदवार को अपना समर्थन देने के बाद अब प्रदेश की इस राज्यसभा सीट पर मुकाबला तय हो गया है। कटारे ने कहा कि राजकुमार लोहानी और मध्यप्रदेश की जनता की दो प्रमुख भावनाएं हैं। पहली यह कि राज्यसभा का प्रत्याशी प्रदेश का स्थानीय व्यक्ति होना चाहिए। मध्यप्रदेश में योग्य लोगों की कमी नहीं है, ऐसे में बाहर के प्रत्याशी को क्यों थोपा जाए। उन्होंने कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हरदीप पुरी जैसे व्यक्ति को मध्यप्रदेश से चुनकर राज्यसभा नहीं भेजा जाना चाहिए। कटारे ने एपस्टीन फाइल्स को लेकर पुरी पर दबाव और ब्लैकमेलिंग के आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि भले ही कोई दूसरा व्यक्ति इस पद पर जाए, लेकिन पुरी को राज्यसभा नहीं भेजा जाना चाहिए। राजकुमार लोहानी भोपाल के पुराने शहर इलाके में घोड़ा नक्कास के रहने वाले हैं। वे हायर सेकेंडरी पास हैं और मोबाइल एसेसरीज की दुकान चलाते हैं।

नैनो न्यूज

- **देवास:** सोनकच्छ में जर्जर सड़क के विरोध में कांग्रेस का पैदल मार्च, पोलाय से डकाच्या मार्ग पर गड्ढों में पौधे लगाकर जताया विरोध।
- **आगर:** नलखेड़ा में मां बगलामुखी देवी लोक निर्माण की तैयारी तेज, 55 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा परिसर, 85 करोड़ रुपये खर्च होने का प्रस्ताव।
- **शाजापुर:** खेत में घास काट रहे युवक को जहरीले जीव ने काटा, गंभीर हालत में जिला अस्पताल से इंदौर रेफर किया गया।
- **सुसनेर:** त्योहारी खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांचने खाद्य सुरक्षा टीम ने सुसनेर में दुकानों का निरीक्षण किया, मावा पेड़ा, मिल्क केक और नमकीन के नमूने लिए।
- **रतलाम:** टीही-धार रेलखंड पर 6 नवंबर तक 130 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से ट्रायल होगा, रेलवे ने लोगों से ट्रैक से दूर रहने की अपील की।
- **बड़नगर में गांजा तस्करी का आरोपी गिरफ्तार-** बड़नगर क्षेत्र में पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर 1 किलो 517 ग्राम गांजा जब्त किया।
- **खाचरौद में ब्यूटी पार्लर की आड़ में धोखाधड़ी-** खाचरौद में ब्यूटी पार्लर की आड़ में महिलाओं से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में पति-पत्नी के खिलाफ मामला सामने आया।

धनतेरस से गोवर्धन पूजा तक उत्सव के बीच एक-एक दिन का अंतर, पांच दिन फुलझड़ियों से होगी आरती

पांच दिनों तक दीपोत्सव से दमकेगा राजा महाकाल का आंगन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में इस बार दीपावली का वैभव अनूठा होगा, गर्म जल से स्नान, अन्नकूट का भोग और फुलझड़ियों से आरती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में इस बार दीपावली का वैभव अनूठा होगा। राजाधिराज का आंगन दीपों की आभा से दमकेगा, फुलझड़ियों की झिलमिलाहट में उत्सव के रंग बिखरेंगे। तिथियों की घट-बढ़ से पांच दिवसीय दीपपर्व की परंपरा में भी नया रंग दिखाई देगा। 6 नवंबर को धनतेरस, 8 को दीपावली तथा 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा होगी।

प्रत्येक उत्सव के बीच एक दिन का अंतर रहेगा। महाकाल मंदिर में पूजा-अर्चना और उत्सवों के लिए ग्वालियर के पंचांग को प्रधानता दी जाती है। इस बार पंचांगीय गणना में तिथियों की घट-बढ़ से धनत्रयोदशी से गोवर्धन पूजा तक एक दिन उत्सव, अगले दिन विराम की स्थिति बनेगी। हालांकि दीपोत्सव की रौनक पांच दिन बनी रहेगी। परंपरा अनुसार पुजारी पांच दिन भगवान महाकाल की फुलझड़ियों से आरती करेंगे। मंदिर दीपों, पुष्पों और विद्युत रोशनी से जगमगाएगा। परिसर में आकर्षक रंगोली सजाई जाएगी। 8 नवंबर (दीपावली के दिन) को होने वाली भस्म आरती बहुत खास रहेगी। इस दिन सुबह 4 बजे बाबा महाकाल का विशेष पूजन होगा, तड़के 4 बजे भस्म आरती में भगवान महाकाल के आंगन में दीपावली मनेगी। इसी दिन से भगवान को गर्म जल से स्नान कराने की परंपरा शुरू होगी। पुजारी पहले हल्दी-चंदन से स्नान कराएंगे, इसके बाद गर्म जल से अभिषेक होगा। सोने-चांदी के आभूषणों से विशेष श्रृंगार कर अन्नकूट का भोग लगाया जाएगा और फुलझड़ियों की जगमगाहट के बीच आरती होगी। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा पर मंदिर समिति ग्राम चिंतामन स्थित वैदिक शोध संस्थान की महाकालेश्वर गोशाला में गोवर्धन और गोवंश का विधि-विधान से पूजन करेगी।

हल्दी-चंदन लगाने के बाद गर्म जल से स्नान कराया जाएगा।


मंदिर के कैलेंडर में इन तिथियों का उल्लेख- 06 नवंबर, शुक्रवार : द्वादशी, प्रदोष व्रत, 07 नवंबर, शनिवार : त्रयोदशी, मास शिवरात्रि, 08 नवंबर, रविवार : चतुर्दशी, दीपावली पर्व, 10 नवंबर, मंगलवार : प्रतिपदा, गोवर्धन पूजा

6 नवंबर, धनत्रयोदशी : महाकाल को अर्पित होंगे चांदी के सिक्के

धनतेरस पर पुरोहित समिति देश, प्रदेश और नगर की सुख-समृद्धि के लिए भगवान महाकाल की विशेष पूजा-अर्चना करेगी। भगवान को चांदी के सिक्के अर्पित किए जाएंगे। समिति अध्यक्ष पं. लोकेंद्र व्यास के अनुसार ग्वालियर के पंचांग में धनत्रयोदशी की पूजा 6 नवंबर को है, इसलिए इसी दिन महापूजा होगी। हालांकि मंदिर के कैलेंडर में 6 नवंबर को कार्तिक कृष्ण द्वादशी तिथि बताई जा रही है।

8 नवंबर, दीपावली : गर्म जल से स्नान, अन्नकूट का भोग और फुलझड़ियों से आरती- रूपचतुर्दशी पर

10 नवंबर, गोवर्धन पूजा : पूजे जाएंगे गोवंश



कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा पर मंदिर समिति ग्राम चिंतामन स्थित वैदिक शोध संस्थान की महाकालेश्वर गोशाला में गोवर्धन और गोवंश का विधि-विधान से पूजन करेगी। वेदपाठी बटुक वैदिक मंत्रोच्चार करेंगे। महाकाल मंदिर के मुख्य द्वार पर भी गोवर्धन बनाकर पूजा-अर्चना की जाएगी।

देश-विदेश के श्रद्धालुओं को मिलेगी बड़ी सौगात, 365 दिन में निर्माण पूरा कराने का लक्ष्य

18.81 करोड़ रुपये से बनेगा भव्य महाकाल भक्त निवास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक-पर्यटन नगरी उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर आने वाले देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम प्रवास के लिए एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की महत्वाकांक्षी योजना के तहत हरिफाटक रोड पर निमार्णाधीन यूनिटी मॉल के ठीक सामने अत्याधुनिक और सर्वसुविधायुक्त ह्यमहाकाल भक्त निवासह्न का निर्माण कराया जाएगा। इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने ठेकेदार चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। कहा गया है कि महीनेभर में ठेकेदार तय कर 365 दिन यानी सालभर में निर्माण पूरा कराया जाएगा।

हरिफाटक रोड जैसे प्रमुख मार्ग पर बनने वाला यह नया भक्त निवास महाकाल महालोक और महाकालेश्वर मंदिर दर्शन के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक साबित होगा। मंदिर समिति और यूडीए की इस संयुक्त पहल का मुख्य उद्देश्य शहर में आने वाले श्रद्धालुओं को किफायती, सुरक्षित और उच्च स्तरीय आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

इमारत को पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा



इस विशाल परियोजना की अनुमानित लागत 18 करोड़ 81 लाख रुपये तय है। योजना के तहत बनने वाली यह बहुमंजिला इमारत केवल एक साधारण भवन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

भवन निर्माण, एसी और फायर फाइटिंग के काम होंगे एक साथ

प्रोजेक्ट के अंतर्गत मुख्य भवन निर्माण के साथ-साथ इमारत में श्रद्धालुओं के आरामदायक प्रवास के लिए संपूर्ण एयर कंडीशनिंग (एसी) सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आपातकालीन सुरक्षा के तहत अत्याधुनिक अग्निशमन (फायर फाइटिंग) प्रणाली, इलेक्ट्रिकल नेटवर्क, पावर बैकअप, प्लंबिंग और अन्य सभी आवश्यक सहायक निर्माण कार्य एक ही एकीकृत योजना के तहत पूरे किए जाएंगे। महाकाल भक्त निवास के विशाल परिसर में मुख्य आवासीय इमारतों की नींव और बिल्डिंग खड़ी करने से पहले क्षेत्र का बुनियादी ढांचा पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। परिसर तक पहुंचने के लिए चौड़ी सड़कें, जल निकासी के लिए मजबूत नाली तंत्र का ढांचा पहले ही तैयार किया जा चुका है। बाउंड्रीवाल और भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण जारी है। बुनियादी सिविल वर्क पूरा होने के बाद अब मुख्य भवनों का काम गति पकड़ेगा।

श्रद्धालुओं के लिए क्यों और कितना फायदेमंद

महाकाल महालोक के भव्य निर्माण के बाद उज्जैन में श्रद्धालुओं की आवक कई गुना बढ़ चुकी है। ऐसे में यह भक्त निवास देश-विदेश और दूर-दराज से आने वाले तीर्थयात्रियों तथा मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए वरदान साबित होगा। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से सीधी और सुगम कनेक्टिविटी होने के कारण श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए शहर में भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें एक ही छत के नीचे सुरक्षित, स्वच्छ, आधुनिक और एसी सुविधाओं से युक्त किफायती ठहराव मिल सकेगा।

नहीं लग पा रहे सोलर प्लांट.. स्मार्ट मीटर ही नहीं एमपीईबी के पास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना में उज्जैन के लोगों ने सोलर प्लांट लगाने में बिजली कंपनी का शुरूआती लक्ष्य पार कर दिया, लेकिन स्मार्ट मीटर की कमी इसमें सबसे बड़ी बाधा बन रही है। इन दिनों शहर के कई घरों और परिसरों में सोलर पैनल व इनवर्टर लग जाने के बाद भी प्लांट शुरू नहीं हो पाए हैं। उल्लेखनीय है कि शहर में 1000 से 1500 प्लांट का प्रारंभिक लक्ष्य था। योजना शुरू होने के बाद 2000 से ज्यादा उपभोक्ताओं ने आवेदन व रजिस्ट्रेशन कराया और 1500 प्लांट शुरू हो चुके हैं लेकिन 20 से 30 तैयार प्लांट स्मार्ट मीटर के इंतजार में अटके हैं। यानी उपभोक्ताओं ने अपनी तरफ से प्लांट लगाने की प्रक्रिया पूरी कर ली, लेकिन सिस्टम की अगली कड़ी स्मार्ट मीटर पर आकर रुक गई। इस देरी का असर सिर्फ बिजली बचत तक सीमित नहीं है। जिन उपभोक्ताओं ने बैंक से लोन लेकर प्लांट लगवाया है, उनकी ईएमआई शुरू हो चुकी है। दूसरी तरफ सामान्य बिजली बिल भी देना पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर नहीं लगने से कमीशनिंग पूरी नहीं हो रही और इसके कारण सब्सिडी की प्रक्रिया भी आगे नहीं बढ़ पा रही। यानी प्लांट की लागत और उसकी किस्त शुरू हो गई, लेकिन जिस बचत के लिए प्लांट लगाया गया था, उसका लाभ अभी नहीं मिल रहा। शहर के महानंदा और महाश्वेता बिजली जोन के कई क्षेत्रों में उपभोक्ता तैयार प्लांट के साथ मीटर का इंतजार कर रहे हैं।

इंदौर के विजयनगर इलाके में रविवार देर रात की घटना

दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची पुलिस, बहन को चाकू से डराया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के विजयनगर इलाके में रविवार देर रात चाकू लेकर हंगामा कर रहे एक युवक ने पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। आरोपी ने खुद को कमरे में बंद कर रखा था।



पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची और उसे पकड़ने की कोशिश की, तभी उसने जवान राजपाल सेंधव की पीठ पर चाकू से वार कर दिया। घायल पुलिसकर्मी को इलाज के लिए मेदांता अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक, रविवार रात डायल-112 पर श्रीराम मंदिर, विजयनगर से सूचना मिली थी कि एक युवक ने खुद को कमरे में बंद कर रखा है और हाथ में चाकू लेकर हंगामा कर रहा है।

सूचना मिलने पर बीट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी राजपाल सेंधव मौके पर पहुंचे। वहां पता चला कि आरोपी जितेंद्र, पिता सुरेंद्र रघुवंशी, मूल रूप से रायसेन का रहने वाला है और इंदौर में किराए के मकान में रहता है। वह कमरे के अंदर से जोर-जोर से चिल्लाकर लोगों को भागने के लिए कह रहा था। पुलिसकर्मियों ने जितेंद्र को समझाने और दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। मौके पर मौजूद आरोपी की बहन पूजा ने भी उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह उसे भी चाकू दिखाकर डराने लगा। स्थिति को देखते हुए पुलिसकर्मियों ने आरोपी को घेरकर पकड़ने की कोशिश की।

पकड़ने के दौरान जवान की पीठ पर किया चाकू से वार

पुलिस के मुताबिक, आरोपी को पकड़ने की कोशिश के दौरान उसने पुलिसकर्मी राजपाल सेंधव की पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने आरोपी को पकड़ लिया और घायल जवान को तत्काल मेदांता अस्पताल पहुंचाया। विजयनगर पुलिस ने आरोपी जितेंद्र के खिलाफ पुलिसकर्मी पर हमला करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सरकारी वेबसाइट्स पर हैकर्स की नजर

डेटाबेस और पासवर्ड चोरी का खतरा, एमपी-सर्ट ने जारी किया हाई अलर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्रदेश सरकार की साइबर सुरक्षा विंग एमपी-सर्ट ने सरकारी पोर्टल की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर चेतावनी जारी प्रतिशत वेबसाइट में इस्तेमाल होने वाले पीएचपी सॉफ्टवेयर के मुख्य इंजन में दो गंभीर सुरक्षा खामियां मिली हैं। इन खामियों की वजह से की है। दुनिया की लगभग 70 साइबर हमलावर बिना यूजर आईडी और पासवर्ड के अनधिकृत अनुरोध भेजकर सर्वर पर पूरा नियंत्रण हासिल कर सकते हैं।

इस खतरे की जद में राज्य के लगभग 30 सरकारी विभागों की वेबसाइट आ गई हैं। एमपी-सर्ट ने सभी प्रभावित विभागों और सेवा प्रदाताओं को तत्काल सुरक्षा पैच अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

तकनीकी जांच के अनुसार यह सुरक्षा खामी वेबसाइट के मूल इंजन की मेमोरी सुरक्षा से जुड़ी है। इसका गलत फायदा उठाकर हैकर्स डेटाबेस के पासवर्ड, गोपनीय चाबियां और उपयोगकताओं के सक्रिय सत्र टोकन आसानी से चुरा सकते हैं। वर्डप्रेस, झपल और जूमला जैसे लोकप्रिय मंचों पर बनी वेबसाइट भी इस खतरे से प्रभावित हो सकती हैं। यह सुरक्षा चूक पीएचपी के पुराने संस्करणों में लगभग 10 वर्षों से मौजूद थी।

वार्ड में काम कर रहे तीन कर्मचारियों को हाल ही में काम से हटाया गया

कर्मचारी को हटाने पर पार्षद पति और अधिकारी के बीच विवाद

पार्षद पति ने सहायक सीएसआई से कहा कि अभी त्योहार के समय ऐसा ना करें

इन कर्मचारियों को दोबारा काम पर रखकर इनसे नियमानुसार काम लिया जाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कर्मचारियों को काम से हटाने के मामले में पार्षद पति और सहायक सीएसआई आमने-सामने हो गए। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला वार्ड 48 का है। पुलिस को दिए आवेदन में वार्ड 48 की पार्षद विजयलक्ष्मी गोहर के पति अनिल गोहर ने कहा है कि रविवार को वार्ड के निरीक्षण के दौरान वे बारह पत्थर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे थे।

उन्होंने सहायक सीएसआई दिलीप लोधी को जनता की समस्या से अवगत कराने का प्रयास किया। उन्होंने सहायक सीएसआई से कहा कि वे सफाईकर्मियों से नियमानुसार कार्य लें। इस पर लोधी आक्रोशित हो गए और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने लगे।

लोधी ने कहा कि नेतागिरी मुझे मत दिखाना। हम अधिकारी हैं, तुम्हारा तो कार्यकाल समाप्त होने वाला है, हमें कोई नहीं हटा सकता। इधर सहायक सीएसआइ लोधी ने भी इस मामले में पुलिस को आवेदन देकर पार्षद पति द्वारा धक्का-मुक्की करने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है।

यह है पूरा मामला

मामला दरअसल कुछ कर्मचारियों को काम से हटाने का है। जानकारी के मुताबिक वार्ड में काम कर रहे तीन कर्मचारियों को हाल ही में काम से हटाया गया है। पार्षद पति ने सहायक सीएसआई से कहा कि अभी त्योहार का समय है। ऐसे में कर्मचारियों को काम से हटाना सही नहीं है। इन कर्मचारियों को दोबारा काम पर रखकर इनसे नियमानुसार काम लिया जाए। इसी बात को लेकर पार्षद पति और सहायक सीएसआई में विवाद हो गया जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की तक पहुंच गया। इधर संयोगितागंज पुलिस का कहना है कि दोनों ही पक्षों ने लिखित में शिकायत की है। शिकायतों की जांच की जा रही है। इसके बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

इंदौर में जल कनेक्शन बंद कराने के लिए अब एसओपी

इंदौर में जिन उपभोक्ताओं को अब जल कनेक्शन की आवश्यकता नहीं है, उन्हें इसे स्थायी रूप से बंद कराने के लिए अब निर्धारित प्रक्रिया से गुजरना होगा। नगर निगम ने जल कनेक्शन हटाने और उपभोक्ता का खाता बंद करने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार की है। इसके तहत कनेक्शन बंद कराने के बाद भी बिल जारी होने जैसी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। साथ ही पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समय-सीमा तय की गई है। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर तैयार एसओपी के अनुसार उपभोक्ता को संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री के पास लिखित आवेदन देना होगा। इसमें कंज्यूमर आईडी, नाम, जल कनेक्शन का पता, मोबाइल नंबर और कनेक्शन बंद कराने का कारण दर्ज करना होगा।

पेड़ से टकराई बेकाबू कार; पुलिस ने दबोचा

बिचौली ब्रिज पर फिल्मी अंदाज में भागने की कोशिश नाकाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

चेकिंग से बचने के लिए कार रिवर्स कर भागने में कार चालक की जान पर बन आई। तेज रफ्तार में कार घुमा दी और पेड़ से जा घुसा। रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई और एयर बैग तक खुल गए। पुलिसकर्मियों ने भागने के पहले चालक को पकड़ा और उसकी जांच की और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

घटना कनाड़िया थाना के बिचौली ब्रिज की है। टीआई तिलक करोले के मुताबिक एएसआई मुकामसिंह डाबर रात में वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी एक कार तेज रफ्तार में आते हुए दिखाई दी। पुलिसकर्मियों और बैरिकेड को देखकर चालक घबरा गया और करीब 100 मीटर दूरी पर कार मोड़कर भागने लगा। कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और एयर बैग खुल गए।

शराब के नशे में था राऊ निवासी हुजैफा

टीआई के अनुसार चालक का नाम हुजैफा अब्दुल कय्यूम निवासी राऊ है। वह शराब पीकर गाड़ी चला रहा था। उसको डर था कि पुलिस ब्रीथ एनालाइजर से जांच करेगी और कार जब्त हो जाएगी। पुलिस ने टकराने के बाद भी कार पकड़ी और हुजैफा की जांच की। शराब पीने की पुष्टि होने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 में कार्रवाई कर दी।

रेडिसन चौराहा के समीप दो कारों में आमने-सामने की भिड़ंत- एक अन्य घटना विजय नगर थाना अंतर्गत रेडिसन चौराहा के समीप हुई है। दो कारों में आमने-सामने की टक्कर हो गई और कारों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

न्यूज कालम



आचार्य श्री समय सागरजी को बावनगजा महा मस्ताकभिषेक व वर्षायोग का श्रीफल भेंट किया

बड़वानी। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर जी महा मुनिराज के पट्ट शिष्य एवं नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज को गत दिवस बावनगजा ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों और ट्रस्टियों ने भोपाल पहुंच कर बावनगजा सिद्ध क्षेत्र पर पधारने के लिए श्रीफल समर्पित कर आचार्य संघ से निवेदन किया कि आगामी वर्ष 2027 का मंगल वषायोग चातुर्मास सिद्ध क्षेत्र बावनगजा जी पर हो एवं आने वाले महा मस्तकाभिषेक में भी अपने पूरे संघ सहित सानिध्य प्रदान करने के लिए निवेदन किया गया ,साथ ही ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद दोशी बाकानेर द्वारा क्षेत्र पर चल रहे निर्माण कार्यों के साथ ही ८४ फिट उतुंग भगवान श्री आदिनाथ जी की प्रतिमा के जीर्णोद्धार की भी जानकारी प्रदान की गई, और कई चर्चा आचार्य श्री से की गई ,प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष जितेंद्र गोधा बड़वानी,मंत्री निलेश रावका मानवर,कोषाध्यक्ष मनोज गोधा अंजड़,प्रबंधक इंद्रजीत सिंह मंडलोई और अन्य लोग साथ थे ।

दूसरे अपराधी को वन विभाग ने किया गिरफ्तार, एक फरार

बुरहानपुर। एक बेगुनाह बेजुबान वन्य-प्राणी बंदरिया को शौक पूरा करने के लिए मार देने और उसके दूधमुंहे नवजात बच्चे को मां से अलग कर देने वाले तीन आरोपियों पर वन विभाग ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। हिंदू जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद और हिंदू संगठनों के विरोध-प्रदर्शन के बाद 2आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है, अभी भी एक आरोपी वन विभाग की गिरफ्त से फरार चल रहा है। घटना के अनुसार इतवारा स्थित बुरहानी कादरिया स्कूल के भीतर बुधवार सायंकाल लगभग 6 बजे एक बंदरिया जो अपने नवजात बच्चे के साथ पेड़ पर बैठी थी, उसे स्कूल प्रबंधन से जुड़े एक रईसजादे ने बैलेट गन से निशानेबाजी के शौक के चलते ४ गोलियां मारकर गंभीर घायल कर दिया। अगले दिन सुबह उसकी मृत्यु हो गई।कादरिया स्कूल प्रबंधन पर भी आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के लिए हिंदू जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद द्वारा जिला वनमंडल अधिकारी के कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की गई है। उक्त जानकारी महेश चौहान ने दी।



जिले में जल संरक्षण के लिए व्यापक अभियान चलाएं-सांसद पाटील

बुरहानपुर।* इस वर्ष जिले में औसत से कम वर्षा होने के कारण जल स्त्रोतों में पानी का स्तर काफी कम है। आगामी ग्रीष्मकाल में संभावित जल संकट को देखते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कलेक्टर विवेक कुमार से फोन पर चर्चा कर जिले में जल संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाने का आग्रह किया। सांसद ने कहा कि गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए अभी से उपलब्ध जल का संरक्षण करना आवश्यक है। जल संसाधन विभाग, जिला पंचायत, जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों सहित सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से इस अभियान में सक्रिय किया जाए। जिले में ऐसे स्थानों को चिह्नित किया जाए, जहां डैम एवं जलाशयों के गेट बंद कर पानी रोका जा सकता है। साथ ही जहां बोरी बंधान बनाकर जल संरक्षण संभव है, वहां प्राथमिकता से आवश्यक कार्य कराए जाएं। उन्होंने पिछले वर्ष शहर में उत्पन्न हुए जल संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बार ऐसी स्थिति दोबारा निर्मित न हो, इसके लिए समय रहते ठोस कार्ययोजना बनाना जरूरी है। जल स्त्रोतों का निरीक्षण कर पानी रोकने की संभावनाओं वाले स्थानों की पहचान की जाए और वर्षा से उपलब्ध पानी का अधिकतम संचय किया जा सके। कलेक्टर विवेक कुमार ने सांसद को आश्वस्त किया कि इस संबंध में संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। जल संरक्षण की संभावनाओं वाले स्थानों को चिह्नित कर इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने किया औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण



बड़वानी । शासकीय आईटीआई बड़वानी के प्राचार्य श्री केतन मालवीया प्राचार्य ने बताया कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वानी की कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं के लिए औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण व्यावसायिक शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा छात्राओं को तकनीकी प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसरों से परिचित कराने के उद्देश्य से किया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को आईटीआई में संचालित विभिन्न व्यवसायों एवं तकनीकी प्रशिक्षण की जानकारी प्रदान की गई। उन्हे कौशल विकास, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा तकनीकी शिक्षा के माध्यम से भविष्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने के संबंध में अवगत कराया गया। इस दौरान छात्राओं को आईटीआई में संचालित विभिन्न व्यवसायों, प्रशिक्षण, मशीनों एवं उपकरणों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा के महत्वो से अवगत कराया गया। इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण से छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को समझने तथा भविष्य में अपने रुचि के अनुसार व्यवसाय एवं करियर का चयन करने में सहायता मिलती है।

दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का कारावास एवं जुमार्ने से दंडित किया गया

बड़वानी। तृतीय अपर सत्र न्यायालय बड़वानी, श्रीमती रेखा आर. चंद्रवंशी ने पारित अपने फैसले में दुष्कर्म के आरोप में आरोपी सलीम पिता बहादुर बड़ोले निवासी ग्राम छिपीपुरा थाना बरूड़ जिला खरगोन को धारा 3/4(2) पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष सश्रम कारावास व १ हजार रुपए जुमार्ना, व धारा 137(2)भादवि में 5वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया है। उक्त प्रकरण को प्रशासन द्वारा चिन्हित जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण में चिन्हित किया गया था। अभियोजन के प्रस्तुत तर्क एवं वैज्ञानिक एवं अन्य साक्ष्य के साक्ष्य से सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है।

नेपानगर में सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समिति शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नेपानगर



बुरहानपुर जिले में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड खकनार के अंतर्गत नवांकुर संस्था श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा सेक्टर नेपानगर में सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समिति शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा बुद्ध विहार नवांकुर समिति कार्यालय पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समन्वयक जन अभियान परिषद मनीष कुवादे, खकनार ब्लॉक समन्वयक अमजद खान, नवांकुर समिति के भीमराव वानखेड़े, निंबा पाटील उपस्थित रहे।

ब्लॉक समन्वयक अमजद खान ने अपने उद्बोधन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का परिचय तथा उद्देश्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रस्फुटन समितियां समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की महत्वपूर्ण इकाई हैं। समितियां अपने कार्यक्रम आयोजित करें, दस्तावेजीकरण करें और त्रैमासिक व छह माही प्रतिवेदन तैयार करें। सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण, जैविक खेती, माटी की प्रतिमाओं के प्रचार-प्रसार, बोरी बंधान जैसे विषयों पर कार्य करें। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जनजागरण में समितियों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

नवांकुर समिति के भीमराव वानखेड़े ने कहा कि जन अभियान परिषद का उद्देश्य समाज में सक्रिय जनभागीदारी विकसित कर शासन और समाज के बीच समन्वय स्थापित करना है। प्रस्फुटन समितियों का स्वयंसेवी संगठन के रूप में उन्नयन कर पंजीयन कराकर समाजसेवी संस्था के रूप में कार्य किया जा सकता है। प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग जमीनी स्तर पर करते हुए सामाजिक कार्यों को परिणाम मूलक बनाया जाए। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर समिति प्रमुख राजेंद्र मसाने द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। सेक्टर की नगर विकास प्रस्फुटन समिति राजीव नगर वार्ड क्रमांक 1, पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2, साईनाथ वार्ड 5, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सारोला, नावठा, साईंखेड़ा, डाभियाखेड़ा, देवरी तथा नवांकुर सखियों ने सहभागिता की। आभार नगर विकास समिति के सर्वेश किंगे ने माना। इस दौरान कमल बाई वानखेड़े, इंदु बाई मसाने, लीला बाई ढीवरे, सुनंदा ठाकरे, शीला बाई मोरे, आर्यन पाल, अभय पठारिया सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।



पेयजल गुणवत्ता परीक्षण में सौ प्रतिशत संतोषजनक परिणाम दर्ज

मुम्बई। उमरगाम रेलवे स्टेशन पर रेसिडुअल क्लोरीन/टोटल डिसॉल्व्ड सॉलिड्स की जांच तथा वाटर कूलर एवं वाटर फाउंटेन का निरीक्षण करते हुए। पश्चिम रेलवे यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। पश्चिम रेलवे के चिकित्सा विभाग द्वारा नियमित पेयजल गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत 25 से 31 अक्टूबर, 2026 तक की अवधि में पेयजल गुणवत्ता के 3.039 परीक्षण किए गए, जिनके परिणाम पूरी तरह संतोषजनक रहे। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन परीक्षणों में रेसिडुअल क्लोरीन के 1,812 तथा बैक्टीरियोलॉजिकल के 227 परीक्षण शामिल थे। एकत्र किए गए सभी सैम्पल निर्धारित परीक्षण मानकों पर खरे उतरे और 100 प्रतिशत संतोषजनक परिणाम दर्ज किए गए। ये परीक्षण मुंबई सेंट्रल, वडोदरा, अहमदाबाद, रतलाम, राजकोट एवं भावनगर मंडलों के साथ-साथ दाहोद तथा अन्य रिपोर्टिंग स्थानों पर किए गए।



पश्चिम रेलवे के आठ रेलकर्मी महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुंबई

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने मुंबई स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में आयोजित समारोह में अगस्त एवं सितंबर 2026 के लिए आठ रेलकर्मियों को महाप्रबंधक के "मैन ऑफ द मंथ" संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। इन कर्मचारियों को उनकी असाधारण सतर्कता, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया गया, जिनके कारण संभावित अप्रिय घटनाओं को टालने तथा सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में मुंबई सेंट्रल मंडल के दो, रतलाम मंडल के तीन तथा वडोदरा, अहमदाबाद एवं राजकोट मंडलों के एक-एक कर्मचारी शामिल हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, मुंबई सेंट्रल मंडल के पुरस्कार प्राप्त कर्मचारियों में से एक, वसई रोड में कार्यरत सीनियर टेक्नीशियन श्री राजेश गावड़ को गुड्स ट्रेन की रोलिंग-इन जांच के दौरान असाधारण सतर्कता के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने एक वैगन में लदी एचआर कॉइल को बांधने वाली पट्टियों के टूटे होने का पता लगाया। विस्तृत जांच में पाया गया कि चार में से तीन पट्टियां टूट चुकी थीं तथा लकड़ी का एक रनर भी गायब था, जिसके कारण कॉइल झुक गई थी और आगे तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। उन्होंने तत्काल मेमो जारी कर संबंधित अधिकारियों को इस दोष की जानकारी दी तथा उसे ठीक करने के लिए सूचित किया। उनकी समय पर की गई कार्रवाई से गंभीर समस्या टल गई और मुख्य लाइन पर संभावित रेल परिचालन बाधित होने से बच गया।मुंबई सेंट्रल मंडल के ही एक अन्य कर्मचारी, उधना में कार्यरत लोको पायलट (गुड्स) श्री जितेंद्र कुमार ने भी असाधारण सतर्कता एवं तत्परता का परिचय दिया। वे अपने सहायक लोको पायलट के साथ भरूच यार्ड से लोकोमोटिव को परिचालित कर रहे थे। हाथ के संकेतों के आधार पर आगे बढ़ते समय चालक दल ने पूरी सावधानी बरती और ट्रैक की स्थिति पर लगातार नजर रखी। श्री जितेंद्र कुमार ने देखा कि दो मैनुअल पॉइंट सही दिशा में सेट थे, जबकि तीसरा पॉइंट गलत दिशा में सेट था।



छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने हेतु शिविर आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और शोषण से बचाव के लिए कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सनावद में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में छात्राओं को कानूनी अधिकारों, बाल संरक्षण कानूनों और साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया।

न्यायालय खंडपीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण और उत्पीड़न जैसे अपराधों से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम 2012 के प्रावधानों को समझाते हुए कहा कि छात्राओं को अपनी सुरक्षा के प्रति आंतरिक और बाहरी दोनों स्तरों पर सजग रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि कई मामलों में परिचित और करीबी लोग भी शोषण में शामिल होते हैं, इसलिए किसी पर भी आंख बंद कर भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से कहा कि यदि कोई व्यक्ति अभद्र व्यवहार करता है, गलत नजर रखता है या ऐसी हरकत करता है जिससे असहज महसूस हो, तो चुप रहने के बजाय तत्काल माता-पिता, भाई-बहन या भरोसे मंद व्यक्ति को इसकी जानकारी दें और जरूरत पड़ने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूकता रहे।

केन्द्रीय विद्यालय में लगाया जागरूकता शिविर

बड़वानी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में बच्चों को उनके विधिक अधिकारों, बालकों की सुरक्षा, लैगिंक अपराधों से सरंक्षण, बाल विवाह एवं बाल शोषण की रोकथाम तथा निशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य साकेत इंटरनेशनल विद्यालय एवं केन्द्रीय विद्य ालय बड़वानी में शिविर लगाकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्रीमती रेखा आर चन्द्रवंशी जिला न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री कपिल वर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री रॉबिन दयाल एवं किशोर न्याय बोर्ड सदस्य सुश्री जया शर्मा, साईबर सेल से श्री रितेश ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की।



सेवा कार्यों की गूंज मांडव तक पहुंची, लायंस क्लब सनावद स्नेह को मिला उत्कृष्ट सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸

सनावद। सेवा गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण के लिए लायंस क्लब सनावद स्नेह को मांडव में आयोजित डिस्ट्रिक्ट स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट सेवा सप्ताह सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान क्लब द्वारा 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित सेवा सप्ताह के दौरान किए गए जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंदों की सहायता से जुड़े कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

ऐतिहासिक नगरी मांडव में लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 की द्वितीय डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट मीटिंग एवं सेवा सप्ताह पुरस्कार समारोह आयोजित हुआ। इसमें डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। बैठक में आगामी सेवा योजनाओं, संगठन विस्तार, सदस्यता वृद्धि, नेतृत्व विकास और सामाजिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

समारोह में इंटरनेशनल डायरेक्टर इंडोर्सी ला. कुलभूषण मित्तल, मल्टीपल काउंसिलिंग चेयरपर्सन ला. प्रवीण वशिष्ठ, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. जयप्रकाश त्रिपाठी, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. राम जाट, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. डॉ. राजेश सोडानी, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी ला. रवि बोथरा, कोषाध्यक्ष ला. श्रवण त्रिपाठी सहित पूर्व गवर्नर रश्मि गुप्ता, यश शर्मा, साधना सोडाणी और सेवा सप्ताह संयोजक ला. मनोज नाहर मौजूद रहे।लायंस क्लब सनावद स्नेह की ओर से क्लब अध्यक्ष ला. भागचंद जैन, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनीता जैन एवं प्रथम उपाध्यक्ष ला. विपिन गुप्ता ने सम्मान ग्रहण किया।



गांजे की अवैध खेती पर पुलिस कस रही शिकंजा, बिस्टान में 63 लाख 45 हजार के पौधे जब्त

खरगोन। राज्य स्तरीय एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत जिले में अवैध गांजे की खेती पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। जिले में लगातार कार्रवाई कर लाखों रुपए मूल्य के गांजे के पौधे जब्त किए जा रहे है। यह खेती पारंपरिक फसलों की आड़ में हो रही है। पुलिस सुदुर इलाकों में भी फैलते इस कारोबार पर नकेल कसने में जुटी है। बिस्टान थाना पुलिस ने अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 63 लाख 45 हजार रुपए कीमत के 2230 गांजे के हरे पौधे जब्त किए है। यह कार्रवाई ग्राम महुमांडली में की गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर ग्राम महूमाण्डली के रहने वाले तेरसिंह के गिट्टी खदान के पास, माता मंदिर के सामने स्थित उसके कब्जे वाले खेत में दबिश दी गई। मौके पर तेरसिंह पिता जुवानसिंह रंधावे निवासी डोल फाटा ग्राम महूमाण्डली खेत की निगरानी करते पकड़ा गया। सर्चिंग के दौरान खेत से 1269 किलोग्राम वजनी पौधे उखाड़कर जब्त किए गए। आरोपी का पुलिस रिकार्ड खंगलने पर पूर्व से थाना बिस्टान पर एनडीपीएस एक्ट प्रकरण पाया गया। गोगावां थाना पुलिस ने भी गांजे की खेती के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 63 नग गांजे के हरे पौधे जब्त किए है। यह गांजा कपास फसल के बीच उगाया गया था।

पीजी कॉलेज बड़वानी में विकसित भारत युवा संसद का भव्य आयोजन; बिड़वानी । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संचालित मेरा युवा भारत द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बड़वानी में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस बौद्धिक मंच पर जिले के विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक एवं ग्रामीण पृष्ठभूमियों प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जन सूचना

तीही और धार के मध्य नई बड़ी रेल लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त पश्चिम परिमण्डल मुम्बई द्वारा निरीक्षण

रेल प्रशासन द्वारा तीही धार रेलखंड के कमीशनिंग के संबंध में, तिही-धार के बीच रेलवे लाइन पर **दिनांक 30.10.2026 से 06.11.2026 तक प्रातः 08:00 बजे से शाम 09:00 बजे के बीच** तीही और धार के मध्य नई बड़ी रेल लाइन का निरीक्षण एवं 130 किमी प्रति घंटा की स्पीड से ट्रायल किया जायेगा।

अतः सर्वसाधारण जनता से अनुरोध है कि वे **दिनांक 30/10/2026 से 06/11/2026 को प्रातः 08:00 बजे से शाम 09:00 बजे के बीच** तीही और धार के मध्य नई बड़ी रेल लाइन के करीब न जावें एवं समय नियमों का पालन करें जिससे कोई दुर्घटना न हो।

यह सूचना-सर्वसाधारण के लिए प्रकाशित है।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
0756

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार कुसुम जोशी के पति स्व. पंकज जोशी पिता स्व. भगवानलाल जोशी की पैतृक सम्पत्ति/भवन क्रमांक 93/3, गली नं. 03, संविदा नगर कनाड़िया रोड़ इंदौर म.प्र. में स्थित है। वर्तमान में उक्त भवन मेरी पक्षकार के ससुर स्व. भगवानलाल जोशी पिता दयाराम जोशी एवं सास श्रीमती कमला जोशी पति स्व. श्री भगवानलाल जोशी के नाम नगर पालिक निगम, इंदौर के रिकार्ड में दर्ज है। उक्त भवन पैतृक संपत्ति होने के नाते मेरी पक्षकार के पति स्व. पंकज जोशी का उक्त भवन में १/४ हक व हिस्सा निहित है। मेरी पक्षकार के पति पंकज जोशी पिता भगवानलाल जोशी का स्वर्गवास दिनांक 28.07.2016 को हो चुका है तथा अन्य हिस्सेदार लक्ष्मीनारायण, प्रकाश का भी स्वर्गवास हो चुका है। मेरी पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उक्त भवन के अन्य वारिस शंकर उर्फ शेखर तथा स्व. लक्ष्मीनारायण एवं स्व. प्रकाश के उत्तराधिकारीगण उक्त भवन को मेरी पक्षकार की सहमति व अनुमति के बगैर बाले-बाले विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि मेरी पक्षकार के पति स्व. पंकज जोशी के निधन के पश्चात उनकी वैध विवाहिता पत्नी होने के नाते मेरी पक्षकार का भी उक्त संपत्ति में 1/4 के मान से हक व हिस्सा निहित है। ऐसी स्थिति में मेरी पक्षकार की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति/भवन क्रमांक 93/3, गली नं. 03, संविदा नगर कनाड़िया रोड़ इंदौर म.प्र. के क्रय-विक्रय के संबंध में कोई भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय बैंक, पेढ़ी, सहकारी पेढ़ी, संस्था निकाय, आदि किसी भी प्रकार का कोई क्रय-विक्रय आदि के संबंध में कोई संव्यवहार मेरी पक्षकार की सहमति व अनुमति के बगैर ना करें एवं वर्तमान जाहिर सूचना के पश्चात भी उक्त संपत्ति को क्रय-विक्रय या अंतरित किया जाता है तो ऐसी स्थिति में ऐसा संव्यवहार वर्तमान जाहिर सूचना के प्रभाव में शून्य होकर मेरी पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचित हो। इति दिनांक : 02.11.2026

ममता सोलंकी
अधिवक्ता उच्च न्यायालय
कार्यालय - कोर्ट परिसर इंदौर म.प्र.
मो.नं.-98266-69369

पश्चिमी रेलवे
विद्युत कार्य

मुंबई सेंट्रल, मुंबई स्थित Sr.DEE/P/Mumbai डीईई/पी ने ई-टेंडर संख्या: ईएल-मेंटेनेंस-80-481-डब्ल्यू-15 दिनांक 29-10-2026 को आमंत्रित किया है। कार्य और स्थान: मुंबई उपनगरीय खंड (चर्चगेट - विरार) - रेलवे कॉलोनियों में विद्युत संपत्तियों का 2 वर्षों के कार्य की अनुमानित लागत: 1,89,56,568/- रुपये। लिए रखरखाव। ईएमडी: ₹3,79,100/-। निविदा खोलने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 26.11.2026, दोपहर 3:00 बजे तक। की तिथि और समय: 26.11.2026 को दोपहर 3:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0771

हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

बड़वानी।कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभागृह में जिला स्वास्थ्य समिति एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया।

पश्चिम रेलवे
रखरखाव कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यू.ए.), पश्चिम रेलवे, छठा तल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008 ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	निविदा सूचना सं. एवं दिनांक	कार्य एवं स्थान	कार्य की अनुमानित लागत ₹ में	ई.एम.डी. ₹
1.	BCT/26-27/210 दिनांक 29/10/2026	जोरावासन-सूरत सेक्शन:- एस.एस.ई. (पी.वे.) के अंतर्गत पी.वे. की मरम्मत, 1 वर्ष की अवधि के लिए नवसारी सेक्शन। संयुक्त निविदा (इंजी. + एस एंड टी)।	₹ 5,26,02,715.75	₹ 10,52,100.00
2.	BCT/26-27/211 दिनांक 29/10/2026	जोरावासन-सूरत सेक्शन:- एस.एस.ई. (पी.वे.) के अंतर्गत पी.वे. की मरम्मत, 1 वर्ष की अवधि के लिए सूरत सेक्शन। संयुक्त निविदा (इंजी. + एस एंड टी)।	₹ 4,74,99,593.58	₹ 9,50,000.00
3.	BCT/26-27/212 दिनांक 29/10/2026	उधना-उकाई सोनगढ़ सेक्शन:- एस.एस.ई.(पी.वे.)-बारडोली क्षेत्राधिकार (कि.मी. 3.180 से 45.00 तक) के अंतर्गत अप/डाउन (UP/DN) लाइन के पी.वे. का 12 महीने के लिए रखरखाव। संयुक्त निविदा (इंजी. + एस एंड टी)।	₹ 4,19,71,133.76	₹ 8,39,400.00
4.	BCT/26-27/213 दिनांक 29/10/2026	उधना-उकाई सोनगढ़ सेक्शन:- एस.एस.ई.(पी.वे.) व्यारा क्षेत्राधिकार (कि.मी. 45.0 से 77.162 तक) के अंतर्गत अप/डाउन (UP/DN) लाइन के पी.वे. का 12 महीने के लिए रखरखाव। संयुक्त निविदा (इंजी. + एस एंड टी)।	₹ 4,05,09,018.43	₹ 8,10,200.00

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए, जमा करने की दिनांक एवं समय: 25.11.2026 को 15:00 बजे तक। खोलने की दिनांक एवं समय: 25.11.2026 को 15:30 बजे। नोट:- अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0770

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

शहीद थाना प्रभारी को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



उज्जैन। देवास खातेगांव थाना प्रभारी दिलीपपुरी गोस्वामी अवैध शराब की सूचना पर रविवार रात टीम के साथ इंदौर-बैतूल हाईवे पर चेकिंग के लिए पहुंचे थे। उन्होने शंका के आधार पर एक आयशर वाहन को रोका और चालक को नीचे उतरने के लिये कहा, लेकिन चालक ने ग्रियर डालकर रफ्तार के साथ भागने का प्रयास किया। थाना प्रभारी आयशर की चपेट में आ गये, उन्होने गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया। ड्युटी के दौरान कर्तव्य का पालन करते हुये शहीद हुये थाना प्रभारी का सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव उनके पैतृक निवासा धार जिले के सरदारपुर ले जाया गया। पार्थिव शरीर का वाहन उज्जैन से गुजरने पर उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, एएसपी करणदीप सिंह, मनस्वी शर्मा और रक्षित निरीक्षक रणजीतसिंह इंदौर-बड़नगर बायपास पहुंचे। वाहन के आने पर अधिकारियों ने अमर शहीद स्वर्गीय दिलीप पुरी गोस्वामी की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एसपी शर्मा ने कहा कि उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण, राष्ट्र और समाज की सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को पुलिस विभाग सदैव स्मरण करता रहेगा।

तस्करी में फरार महिला वारंटी 3 साल बाद गिरफ्तार

उज्जैन। वर्ष 2014 में स्मैक तस्करी में पकड़ी गई महिला रूबीना उर्फ नम्मो पति बबला कुरैशी 35 साल निवासी नजमा आपा का मकान बेगमबाग वर्ष 2023 से फरार चल रही थी। उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी हुआ था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी लेकिन पता नहीं चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार को महिला के चिमनगंज थाना क्षेत्र स्थित अहमदनगर में होने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी गगन बादल ने प्रधान आरक्षक शैलेष योगी, गोपाल, वासुदेव और महिला आरक्षक सरिता विश्वकर्मा की टीम को रवाना किया। स्थायी वारंटी महिला गिरफ्त में आ गई। जिसे दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया। स्मैक के साथ पकडाने पर उसे पति ने छोड़ दिया था।

घायल की मौत हुई तो सामने आया घटनाक्रम

उज्जैन। निजी अस्पताल में भर्ती ग्राम उमरिया जागीर के अर्जुन पिता गोकुलप्रसाद जाति बंजारा की सोमवार दोपहर को मौत हो गई। सूचना मिलने पर पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और परिजनों से पूछताछ की तो सामने आया कि 5 दिनों से भर्ती था। गांव में बिजली ग्रिड पर काम करता था। पांच दिन पहले काम के दौरान डीपी पर चड़ा था तभी करंट लगने से नीचे गिर गया था। उसे उपचार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार बिजली कंपनी से जुड़ा ठेकेदार और अन्य लोग करा रहे थे। घटनाक्रम के बाद शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। पुलिस ने मामला सामने आने पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप विवेचना शुरू की है।

सालभर से चल रहे थे फरार, पकड़ाये 2 वारंटी

उज्जैन। पानबिहार चौकी क्षेत्र के 2 प्रकरण में सालभर से 2 आरोपी फरार चल रहे थे। जिनके खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थाई और गिरफ्तारी वारंट जारी किये थे। रविवार रात दोनों आरोपियों को पानबिहार चौकी पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है। चौकी प्रभारी प्रवेश जाटव ने बताया कि ग्राम पंचेड में रहने वाले संदीप पिता निर्भयसिंह आंजना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। उसे धारा 138 मामले में सजा सुनाई जा चुकी थी, लेकिन वह फरार हो गया था। दूसरा आरोपी राहुल पिता भगवान सिंह आंजना निवासी शंकरपुर है। वह न्यायालय पेशी पर नहीं जा रहा था। उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी हुआ था।

सोयाबीन से भरी बोरी चोरी

उज्जैन। उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम अरोली जस्सा से संदीप पिता शंकरलाल परमार सोयाबीन बेचने कृषि उपज मंडी उज्जैन आया था। 6 क्विंटल का सौदा फड़ पर किया। 5 बोरी खरीददार की दुकान पर पहुंचाई। एक बोरी फड़ पर रह गई थी। कुछ देर बाद वापस आया तो 1 क्विंटल सोयाबीन की बोरी गायब हो चुकी थी। मंडी समिति से संपर्क करने पर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। इस दौरान चार युवक आटो में सोयाबीन की बोर चुराकर ले जाते दिखाई दिये। मंडी समिति से फुटेज प्राप्त कर चिमनगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई है। पुलिस फुटेज के आधार पर चारों की पहचान और तलाश का प्रयास कर रही है।

दिन	789-4	150-6
मेन बाजार	110-2	270-9
कल्याण नाइट	449-7	669-1
मिलन डे	133-7	690-5
मिलन नाइट	677-0	158-4
मधुर डे	779-3	345-2
मधुर नाइट	168-5	149-4
शुभांक	8 5	2

चैंबर में गिरने पर 31 अक्टूबर को हुई थी 4 युवकों की मौत...

होटर श्री गंगा प्रबंधन पर धारा 106 (1) का प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होटल श्री गंगा में चार युवकों की मौत के मामले में सोमवार को पुलिस ने मर्ग जांच के बाद प्रबंधन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। घटना में एक युवक हताहत हुआ था, जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया था।

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि 31 अक्टूबर की रात 11 बजे सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम होटल श्री गंगा पहुंची थी। होटल के फूड वेस्ट चैंबर में चार युवक गिरे थे। पुलिस टीम ने डे? घंटे की मशकत्त के बाद चारों को बाहर निकाला था। उसकी सांसे थम गई थी, जिसके चलते सीपीआर दिया गया था। लेकिन अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। मामले में मर्ग कायम कर चारों का पोस्टमार्टम कराया गया था। सोमवार डॉक्टरी रिपोर्ट से चारों की मौत का कारण चैंबर में भरे वेस्ट मलबे की वजह से सांस नली में अवरोध सामने आया। प्रारंभिक जांच के बाद सोमवार शाम मामले में होटल प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही से हुई मौत की धारा 106 (1) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर लिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार चैंबर सफाई के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। लापरवाही पूर्वक चारों युवकों से काम कराया गया था। जिसके चलते उनकी मौत हुई है। पुलिस द्वारा प्रबंधन से जुडे सभी लोगों के बयान दर्ज किये जायेगें।

अस्पताल में भर्ती युवक दर्ज किये बयान

पुलिस के अनुसार चारों मृतकों के साथ घटना में हेमराज नामक कर्मचारी भी हताहत हुआ था, उसने चारों को बचाने का प्रयास



किया था लेकिन वह भी चैंबर की गैंस से बेहोशी की हालत में आ गया उसे बाहर निकाल लिया गया था। अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है, बयान दर्ज कर उससे घटना की जानकारी ली गई। वहीं नगर के 2 आउटसोर्स कर्मचारियों को चैंबर सफाई के लिये लाने वाले सचिन के बयान भी दर्ज किये गये है।

इन युवकों की गई थी घटना में जान

चैंबर से चारों के शव बाहर निकालने के बाद उनके नाम कमलेश पिता सोहनलाल तंबोली, नितिन पिता ताराचंद निवासी वाल्मिकी नगर मछली मार्केट, वाहिद पिता सगर पीर का टेकरा जूना सोमवारिया और मनोज पिता तेजमल मीणा निवासी झालावाड राजस्थान सामने आये थे। मनोज होटल का कर्मचारी था। वहीं तीनों युवकों को सफाई के लिये बाहर से बुलाया गया था। जो नगर निगम कर्मचारी थे। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने मुआवजे की मांग की थी। होटल प्रबंधन ने 30-30 लाख देने की बात कहीं, वहीं शासन स्तर पर 4-4 लाख की सहायता की घोषणा हुई है।

कार चालक ने युवक और डंपर ने वृद्ध को कुचला

उन्हेल-मक्सी रोड दुर्घटना में हुई दोनों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मक्सीरोड और उन्हेल मार्ग पर सोमवार को बाइक सवार युवक और वृद्ध के सामने कार के साथ डंपर मौत बनकर आ गया। दोनों को अस्पताल पहुंचाया जाता उससे पहले उनकी सांस थम चुकी थी। पुलिस ने डंपर जप्त किया है। कार की तलाश जारी है।

दुर्घटना का पहला मामला मक्सीरोड पर माधव मीरा मंदिर के सामने हुआ। बाइक सवार लक्ष्मीनारायण पिता मानसिंह पाटीदार 65 साल निवासी कचनारिया को तेजगति से आये डंपर ने कुचल दिया था। लक्ष्मीनारायण की मौके पर मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद मार्ग पर जाम लग गया था। पंवासा थाना पुलिस ने शव अस्पताल पहुंचाकर डंपर जप्त कर लिया था, चालक मौके पर भीड़ लगती देख भाग निकला था। परिजनों के आने पर सामने आया कि गांव में किराना दुकान संचालित करते थे और सामान खरीदी के लिये उज्जैन आ रहे थे। पंवासा पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। दूसरी दुर्घटना दोपहर में भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ा और खोरिया के बीच हुई। तेजगति से दौड़ती कार ने बाइक पर सवार किशोर पिता रामसिंह 25 साल निवासी ग्राम नवेली को कुचला था। किशोर को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। भैरवगढ़ पुलिस के अनुसार चालक कार लेकर भाग निकला था। मृतक के परिजन सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे थे, उन्होने बताया कि मजदूरी करता था और उज्जैन आ रहा था। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार का नम्बर ट्रेस करने का प्रयास कर रही है।

इधर ट्रेक्टर पलटने पर गई जान

रविवार रात नानाखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित तपोभूमि के पीछे से मृत अवस्था में महेश पिता अंतरसिंह पंवार 30 साल निवासी ग्राम पासलोद उन्हेल का लाया गया था। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि महेश मजदूरी के लिये उज्जैन आया था। तपोभूमि के पीछे कान्ह नदी के पास बिजली के पोल लगाने का काम चल रहा है। महेश ट्रेक्टर पर बैठा था, संतुलन बिगड़ने से ट्रेक्टर पलटी खा गया था और वह खंती में गिर गया था। नानाखेड़ा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

बैंक अधिकारी बताकर खाते से निकाले 47 हजार



उज्जैन। ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले हर दिन किसी ना किसी को अपनी बातों में उलझा रहे है और उनके खातो से हजारों-लाखों का ट्रांजेक्शन कर रहे है। एक मामले में चिमनगंज थाना पुलिस ने वृद्धा के साथ हुई धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र की दुर्गा कालोनी में रहने वाली मिनाक्षी खन्ना ने पुलिस को बताया कि उनका खाता यूको बैंक में है। मोबाइन पर बैंक की ओर से कॉल आया कहा कि यूको बैंक अधिकारी बोले रहा हूं। आपका खाता बंद हो गया है। चालू करवाने के लिये केव्हायसी करना होगी। उसने ऑनलाइन प्रोसेस करने की बात कहीं और बैंक जानकारी मांगी। उसके द्वारा ओटीपी भेजा गया, जिसके बताने के बाद पहले 22 हजार, उसके बाद 10 हजार और फिर 15 हजार खाते से निकलने का मैसेज मिला। 47 हजार खाते से निकलने पर धोखाधड़ी का पता चलते ही उन्होने ऑनलाइन साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायत मिलने पर साइबर धोखाधड़ी का शिकार सिनियर सिटीजन के बयान दर्ज कर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। मोबाइल पर आये कॉल नम्बर की जांच कर आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू किये जा रहे है। विदित हो कि साइबर धोखाधड़ी करने वाले हर दिन लोगों को झांसा दे रहे है। कुछ को एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक किये जा रहे है, तो किसी को बैंक अधिकारी बनकर उनके खाते से अनाधिकृत ट्रांजेक्शन कर रहे है।

पीछा कर रास्ता रोका और बोले क्राइम ब्रांच के लोग है

युवक से मारपीट कर ऑनलाइन कराया ट्रांजेक्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

घर लौट रहे युवक का बाइक सवार 3 बदमाशों ने पीछा किया और रास्ता रोक बोले की क्राइम ब्रांच है, तीनों उसे जबदस्ती साथ ले गये और मारपीट करने के बाद 2 हजार रूपये नगद लेने के बाद सा? पांच हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया। पुलिस मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

अक्षयनगर में रहने वाला शिवम प्रजापत महाकाल मंदिर के पास फूल प्रसाद बेचने का काम करता है। शनिवार शाम वह बाइक से दोस्त नकुल के साथ घर लौट रहा था। हरिफाटक ब्रिज से बाइक सवार 3 लोगों ने उसका पीछा किया और गोल्डन पेट्रोल पंप के पास रोक लिया। उन्होने खुद को क्राइम ब्रांच का होना बताया और मारपीट कर उसे अपने साथ ले गये। शिवम और नकुल को लालपुल जंगली पीर दरगाह के पास ले जाया गया।

जहां उसकी बेल्ट और डंडे से जमकर पिटाई की और उसकी जेब में रखे 2 हजार रूपये निकाल लिये। उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी और बैंक अकाउंट चैक कराने के लिये कहा। तीनों ने उसके मोबाइल से 5 हजार 500 रूपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया और भाग निकले।

दोस्त पिता के साथ थाने पहुंचा शिवम

घटना के बाद शिवम दोस्त और पिता के साथ नीलगंगा थाने पहुंचा। उसने बताया कि क्राइम ब्रांच का बताने वाले तीनों लोगों ने उसके साथ मारपीट कर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराया। उन्होने मोबाइल से वीडियो बनाया और बुलवाया कि वह एमडी ड्रग्स बेचता है। मना करने पर नंगा करने और चाकू मारने की धमकी दी। वह 20 हजार रूपये मांग रहे थे। मामले में थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि मामले में तीन युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। तलाश जारी है, जल्द गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जायेगा।

ब्रिज से कूदने वाले का जेल में होगा उपचार

उज्जैन। दोहरे हत्याकांड में नागपुर से गिरफ्तार आरोपी को सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे केन्द्रीय जेल भेजा गया है। आरोपी ने पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया था, जिसके चलते उसका पैर टूट गया था।

नीलगंगा थाना पुलिस 18 जुलाई को हुये गोरकर परिवार के दोहरे हत्याकांड में शामिल एक आरोपी रोहित बौरासी को नागपुर से गिरफ्तार कर रविवार शाम उज्जैन ला रही थी। आरोपी ने पुलिस वाहन से कूदकर नागझिरी गरोठ ब्रिज के पास भागने का प्रयास किया था। पुलिस उसे पकड़ने दौड़ी थी, आरोपी ने ब्रिज से छलांग लगा दी थी। उसका एक पैर टूटने पर पुलिस ने उसे दबोच लिया था। जिसका चरक अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया और सोमवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है। अब आरोपी का उपचार जेल में होगा। दोहरे हत्याकांड में अब भी 4 आरोपी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। पुलिस मामले में रोहित सहित 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

क्षिप्रा नदी में डूबा युवक, एक घंटे बाद मिला शव

उज्जैन। इंदौर-देवास मार्ग पर क्षिप्रा नदी में सोमवार सुबह युवक डूब गया। एक घंटे की तलाश के बाद उसका शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि क्षिप्रा नदी में सुबह युवक के डूबने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। स्थानीय लोगों से तलाश शुरू कराई गई। इस दौरान डूबने वाले युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि डूबने वाला सरदार पिता सुरेश केवट 35 साल निवासी नीमनवासा है। परिजन भी उसकी तलाश में उतरे। करीब एक घंटे की तलाश के बाद सरदार का शव बाहर निकाला गया। इस दौरान सामने आया कि वह मछली पकड़ने आया था। उसके साथ परिवार और कुछ लोग भी आये थे, जो नदी के दूसरे छोर पर आधा किलोमीटर दूर थे। सरदार नदी में उतर गया था, बताया जा रहा है वह शराब के नशे में भी था। जिसके चलते घटना हुई है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच के बाद ही डूबने का कारण सामने आने की बात कहीं है।

वडोदरा से उज्जैन लाई गई गैंगरेप में प्रयुक्त कार

उज्जैन। चलती कार में इंदौर-उज्जैन रोड पर युवती के साथ गैंगरेप में प्रयुक्त कार गुजरात के वडोदरा से पुलिस ने जप्त कर ली है। जिसे रविवार-सोमवार रात उज्जैन लाया गया। गैंगरेप का मुख्य आरोपी पुलिस रिमांड पर है। उसका दूसरा साथी सोमवार शाम तक हिरासत में नहीं आ पाया था। इंदौर की रहने वाली युवती ने 26 अक्टूबर को नानाखेड़ा पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह इंस्टाग्राम दोस्त चक्रेश जैन से मिलने उज्जैन आई थी। चक्रेश ने मेघदूत से उसे कार में बैठाया था और आने एक साथी के साथ मिलकर चलती कार में गैंगरेप किया था। उसे इंदौर छो?कर भाग निकले थे। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर 2 दिन बाद चक्रेश को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे 5 नम्बर तक रिमांड पर पूछताछ की जा रही है। चक्रेश ने अपने साथी राजेश पंथी का नाम बताया था और कार गुजरात के वडोदार में पार्क करना बताई थी। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने कार बरामद करने के लिये टीम रवाना की थी। कार को उज्जैन लाया गया है। गैंगरेप का दूसरा आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश में उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। आरोपी राजेश पंथी के संबंध में चक्रेश का कहना है कि वह घटनाक्रम के बाद गुजरात पहुंचे थे। वडोदारा में कार खड़ी करने के बाद बस से उदयपुर निकल गये थे, वहां से राजेश उसका साथ छोड़कर चला गया था। पुलिस मामले में गंभीरता से जांच कर रही है। चक्रेश के परिवार ने युवती पर हनी ट्रेप में फंसाने का आरोप लगाया है।

पुराने अधिकारियों को आशंका,अर्थ में या काम में पहुंचाया जा सकता है नुकसान.....

बीलो रेट पर सवाल- कोई कैसे कर सकता है नुकसान सहकर काम

स्वतंत्र एजेंसी के साथ अधिकारियों के सतत निरीक्षण के साथ हो रहा है काम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 के जारी कामों के बीच निविदा और उसके बीलों रेट को लेकर पुराने अधिकारियों को आशंका है कि ठेकेदार अर्थ या काम में नुकसान पहुंचाकर अपना नुकसान पूरा कर रहे हैं। शासन दर से भी 15 से 20 और कुछ मामलों में तो उससे भी अधिक कम दर पर ठेकेदारों ने काम लिए हैं। ऐसे में इस आशंका को प्रबल रूप से देखा जा रहा है। बडा सवाल यह उठ रहा है कि बीलो रेट पर कोई कैसे कर सकता है नुकसान सहकर काम।

सिंहस्थ की तैयारी के तहत शहर एवं सिंहस्थ क्षेत्र में सैंकडों निर्माण कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। तकरीबन निर्माण विभागों से जुडे दो सैंकडा से अधिक काम जारी हैं। दिसंबर तक इनमें से 60 कामों की पूर्णता होने वाली है। इनमें से कई काम 10 प्रतिशत से अधिक बीलो रेट पर विभागों ने ठेका कंपनियों को काम दिए हैं। इसी पर पूर्व अधिकारियों को आशंका हो रही है कि इतने बीलो रेट पर कैसे काम किया जा सकता है तय है कि इसमें गुणवत्ता से समझौता होगा।

यांत्रिकी विभागों से जुडे रहे पुराने अधिकारी मुद्दा छेडते हुए चर्चा किए जाने पर कहते हैं कि पिछले वर्षों में 5-10 प्रतिशत बीलो रेट पर काम किए जाते थे। इसमें विभागीय स्तर पर समन्वय के साथ एवं समयानुकुल निर्माण किए जाने की स्थिति में ठेकेदार एवं संबंधित एजेंसी को न नफा न नुकसान की स्थिति विभागीय नियमों के अनुसार बना दी जाती थी। इसके विपरित वर्तमान में जो कार्य आदेश हुए हैं उनमें कैसे संतुलन बनेगा यह समझ से परे हैं। इसे लेकर ही गुणवत्ता को लेकर आशंका होना सहज ही है। पूर्व अधिकारियों का कहना है कि इस बार टेंडर के बारे में ही जानकारियां सार्वजनिक हुई। किस काम का ठेका किस एजेंसी या ठेका कंपनी को कितने बीलो रेट पर गया है उसकी स्थिति साफ नहीं हुई है। विभागीय सूत्रों के हवाले से मिली खबरों के अनुसार कई काम शासन दर से 20 प्रतिशत अधिक बीलो रेट पर एजेंसी एवं ठेका कंपनी ने लिए हैं। ऐसे में यह सवाल लाजिमी है कि कोई कैसे कर सकता है नुकसान सहकर काम।

गुणवत्ता पूरी तो अर्थ से पूर्ति

अधिकारी कहते हैं कि अगर निर्माण की गुणवत्ता को लेकर स्वतंत्र एजेंसी जांच कर रही है और अधिकारियों का सतत निरीक्षण हो रहा है। इसके साथ ही पेनल्टी भी लग रही है। ऐसे में गुणवत्ता बना कर रखी जा रही है तो इसमें विभागीय रूप से निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार की अर्थ पूर्ति विभागीय स्तर से हो रही है। पूर्व अधिकारी बताते हैं कि पूर्व में भी बीलो रेट 5 से 10 प्रतिशत में कामों को लेकर कार्य आदेश तो मूल रेट के अनुसार ही दिया जाता था लेकिन विभागीय अधिकारी यानिकी कार्यपालन यंत्री एवं ठेकेदारों के समन्वय से कार्य बढाने एवं सामग्री परिवर्तन कर ठेकेदार को होने वाले घाटा की पूर्ति सीएसआर के करीब 400 आयटम से पूर्ति कर दी जाती थी। उदाहरण के बतौर अगर ठेके के किसी निर्माण में टाईल्स लगना थी तो उसके स्थान पर पालिस पत्थर लगाने के लिए स्वीकृति देकर ठेकेदार की पूर्ति? के लिए एक रास्ता बनाया जाता था। इस बार 5 से 10 प्रतिशत की बजाय बीलो रेट का मसला कंपनियों ने कई कामों में 20 प्रतिशत और कुछ में तो उससे भी अधिक के कार्य आदेश लिए हैं ऐसे में अधिकारियों के लिए घाटा पूर्ति कैसे संभव होगी यह भी समझ से परे है।

कार्यआदेश एवं भूगतान से होगा साफ

पूर्व अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों को पकडने के लिए संबंधित विभागों के निर्माण के कार्य आदेश एवं मूल भूगतान के साथ एमबी के परीक्षण से साफ होगा कि किस तरह से ठेकेदार को बीलो रेट की पूर्ति संबंधित विभाग में अधिकारी द्वारा की गई है और निविदा के साथ डीपीआर में क्या किया जाना था और बाद में उसमें किस तरह का संशोधन करते हुए किया गया है।

बहुत बार आई दीपावली



दीवाली देश की उस परंपरा का हिस्सा है, जिसने इंसान की खुशहाली के लिए देवताओं का सृजन किया। लोग इस अथाह अस्तित्व में जीने के लिए सहारा या किसी से आशीष चाहते थे, जो उनको आत्म-विश्वास दे। दीवाली इतनी पुरानी है कि वात्स्यायन के कामसूत्र में इसका उल्लेख है। इसे यक्ष-रात्रि कहा जाता था, जो काफी हद तक दीवाली से मिलता-जुलता था। त्योहार की पूर्व संध्या (चतुर्दशी) पर, घरों की साफ-सफाई की जाती थी और पवित्र स्नान किया जाता था; रास्तों व घरों में दीयों की कतारें लगाई जाती थीं; कुबेर के लिए वेदी बनाई जाती थी और उसे फूलों से सजाया जाता था; मिठाइयां बनाई जाती थीं, नृत्य और काव्य-पाठ किया जाता था; रात के समय जुआ खेलने और मदिरा पान का दौर चलता था; सुबह होने पर दीयों को बुझा दिया जाता और जलाशय में विसर्जित कर दिया जाता। इसमें उत्सव के अलावा कुबेर की पूजा भी शामिल है। आज के विज्ञान और तकनीक के युग में इस उत्सव की सार्थकता कैसे होगी? उत्सव-प्रियता मानव स्वभाव है, वह जीवन का बहुमूल्य हिस्सा है। दीवाली के मूल में यही भाव था कि वर्षा ऋतु के बाद जब फसल कटती थी, तब स्त्री-पुरुष उत्सव मनाने के लिए मुक्त हो जाते थे। अब दीवाली का समूचा त्योहार ही लक्ष्मी पूजन के आस-पास केंद्रित हो गया है, क्योंकि आज धन साधन नहीं रहा, साध्य हो गया है। धन के साथ आदमी का रिश्ता बहुत विकृत हो गया है। लोग अब यही चाहते हैं कि पैसा आए तो, लेकिन जाए नहीं। यह तो लक्ष्मी के स्वभाव के विपरीत है। लोग लक्ष्मी की कृपा चाहते हैं, लेकिन भूल जाते हैं कि लक्ष्मी के दो विशेषण हैं- चंचला और चपला; इसका आशय है कि लक्ष्मी को बांधकर नहीं रख सकते। धन एक बहती धारा है। जिस लक्ष्मी की लोग पूजा करते हैं, उनको पाने के लिए हर तरह का अपराध करते हैं। क्या यह लक्ष्मी का अपमान नहीं है? धन पर जो पकड़ है, वह हवा को मुट्ठी में बांधने जैसी निष्फल कवायद है। बचपन में मैंने देखा है, घर के बुजुर्ग चांदी के लोटे में सिक्कों को रखकर उस पर हाथ रखते थे और सब मिलकर चिल्लाते थे- ह्यस्थिरो भव, स्थिरो भव ॑ यानी, स्थिर हो जा, स्थिर हो जा। जो अस्थिर है, उसे स्थिर होने के लिए कहा जा रहा है। इस दीवाली कुछ नया करें। लक्ष्मी जी से अपना रिश्ता सुधार लें, उन्हें बांधने की कोशिश न करें। चार पुरुषार्थ बताए गए हैं- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। इनमें से सिर्फ एक चौथाई अर्थ, यानी धन है। अगर उसे ही जीवन का लक्ष्य मान लिया, तो आपके पास लक्ष्मी नहीं आएगी; और आई, तो टिकेगी नहीं। जरा सोचें, बहुत बार आई गई दीवाली, मगर तम जहां था, वहीं पर खड़ा है। अबकी बार मन के दीप जलाएं।

सम्पादकीय

सड़क पर विपक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर शनिवार को हुए प्रतीकात्मक जन-महाभियोग कार्यक्रम में जिस तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध छह बिंदुओं का आरोप पत्र पेश किया गया, उससे तय था कि रविवार की महारैली में विपक्षी इंडिया ब्लॉक केंद्र सरकार पर अधिक हमलावर रहेगा। वही हुआ भी। रामलीला मैदान में करीब 20 दलों की महारैली महज शक्ति प्रदर्शन नहीं थी, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थानों की निष्पक्षता के सवालों पर सत्तारूढ़ दलों को घेरने का एक बड़ा मौका बन गया। पहले सड़क मार्च और फिर महारैली- यह बताने की कोशिश थी कि विपक्ष अपनी मांगों से पीछे हटने को कतई तैयार नहीं। वैसे भी, पिछले दिनों जिस तरह से विशेष गहन पुनरीक्षण (एआईआर) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयुक्तों में मतभेद की खबरें मीडिया में सामने आईं, उसने विपक्षी दलों को इस सवाल पर कहीं अधिक एकजुट कर दिया है। हालांकि, एसआईआर में कथित मनमानी और मतदाता सूचियों से करोड़ों वोट काटे जाने का मामला अब भी शीर्ष अदालत में विचाराधीन है, जहां तथ्यों और तर्कों के आधार पर अंतिम निष्कर्ष तय होगा। फिर भी, सड़कों पर उतरने का विपक्ष का फैसला सियासी नजरिये से समयानुकूल माना जा रहा है।

उधर, एनडीए गठबंधन के घटक दलों की लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा से भी रविवार को देश की सड़कें सियासत का अखाड़ा बनी रहीं। लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देने के साथ-साथ यह कार्यक्रम मूलतः विपक्ष को घेरने का मौका बना। विडंबना यह है कि जनता के मुद्दों पर आमने-सामने की लड़ाई लड़ रहे सत्ता पक्ष और विपक्ष के इस सियासी संग्राम में मुश्किलें जनता के सामने ही पेश आईं। कुछ व्यापारी संगठनों ने महारैली के कारण हजारों करोड़ रुपये के आर्थिक नुकसान का दावा किया। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली आए तमाम पार्टी कार्यकर्ताओं से यहां शॉपिंग करने का भी आह्वान किया, लेकिन दिल्ली के कारोबारियों को इसका कितना लाभ मिला, यह तो बाद में ही आंका जा सकेगा। वैसे, इसी तरह के सवाल एनडीए की पदयात्रा को लेकर भी पूछे जा रहे हैं। साफ है, राजनीतिक कार्यक्रम जनजीवन को अधिक प्रभावित न कर सकें, इसकी व्यापक कोशिशें होनी चाहिए। सवाल सुरक्षा पर होने वाले खर्च का भी है।

स्ंदर्भ: अरुणाचल प्रदेश में बांध परियोजनाओं का विरोध

दुनिया भर के युवाओं में क्यों बढ़ रहा असंतोष?

दुनिया तेजी से बदल रही है। विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। बड़े-बड़े उद्योग स्थापित हो रहे हैं और अर्थव्यवस्थाओं के विकास के दावे किए जा रहे हैं। इसके बावजूद दुनिया के अनेक देशों में युवा पीढ़ी अपने भविष्य को लेकर चिंतित है।



महेन्द्र तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

रोजगार की कमी, महँगाई, महँगा आवास, शिक्षा का बढ़ता खर्च और आर्थिक असुरक्षा ने युवाओं के सामने गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। यही कारण है कि उनकी चिंताएँ अब व्यक्तिगत परेशानी तक सीमित नहीं रह गई हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनती जा रही हैं।

हाल के दिनों में जर्मनी और फ्रांस सहित यूरोप के कई देशों में युवाओं के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों ने इस समस्या को दुनिया के सामने रखा है। इन आंदोलनों में युवाओं ने बेहतर शिक्षा, रोजगार के अवसर, किफायती आवास और जीवनयापन की बढ़ती लागत से राहत देने की माँग की है। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि आर्थिक विकास के आँकड़े और आम नागरिकों के जीवन की वास्तविक परिस्थितियाँ हमेशा एक जैसी नहीं होतीं।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की अगस्त 2026 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में दुनिया के युवाओं की बेरोजगारी दर बढ़कर 12.4 प्रतिशत हो गई। लगभग 6.7 करोड़ युवा बेरोजगार थे। रिपोर्ट यह भी बताती है कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में युवाओं के लिए रोजगार प्राप्त करना पहले की तुलना में कठिन हुआ है। उत्तरी अमेरिका में युवा बेरोजगारी की दर वर्ष 2023 के 8.3 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 9.8 प्रतिशत हो गई। उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी यूरोप में यह दर लगभग 15 प्रतिशत रही।

इन आँकड़ों का अर्थ केवल इतना नहीं है कि युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। इसके पीछे एक बड़ी समस्या रोजगार की गुणवत्ता भी है। अनेक युवा अपनी योग्यता के अनुरूप काम पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कुछ को अस्थायी रोजगार मिलता है, जबकि दूसरे कम वेतन पर काम करने को विवश हैं। नौकरी मिलने के बाद भी यह निश्चित नहीं होता कि उनकी आय नियमित रहेगी और भविष्य सुरक्षित होगा।

जब शिक्षा पूरी करने के बाद भी आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करना कठिन हो जाता है, तो युवाओं में निराशा बढ़ना स्वाभाविक है।

युवाओं की आर्थिक चिंताओं का दूसरा बड़ा कारण जीवनयापन की बढ़ती लागत है। भोजन, परिवहन, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं और आवास पर होने वाला खर्च लगातार उनके बजट को प्रभावित करता है। विशेष रूप से बड़े शहरों में किराये की ऊँची दरों के कारण कम आय वाले युवाओं के लिए स्वतंत्र रूप से रहना कठिन होता जा रहा है। यूरोप में हाल के प्रदर्शनों के दौरान आवास और महँगाई का मुद्दा प्रमुखता से उठा। जब किसी युवा की आय का बड़ा हिस्सा केवल किराया और आवश्यक वस्तुओं पर खर्च हो जाता है, तो बचत करना, परिवार शुरू करना अथवा अपने भविष्य के लिए निवेश करना कठिन हो जाता है।

यह समस्या केवल यूरोप तक सीमित नहीं है। भारत सहित अनेक विकासशील देशों के बड़े शहरों में भी युवाओं को शिक्षा, रोजगार और आवास के बीच संतुलन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। आर्थिक स्वतंत्रता का सपना तब अधूरा रह जाता है, जब नियमित आमदनी के बावजूद बुनियादी जरूरतें पूरी करना चुनौती बन जाए।

31 अक्टूबर 2026 को जर्मनी के 34 शहरों में युवाओं के नेतृत्व में प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश बढ़ाने, जीवनयापन की लागत कम करने तथा अनिवार्य सैन्य सेवा का विरोध करने जैसी माँगें उठाईं। अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, हालाँकि कुछ स्थानों पर हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाएँ भी हुईं।

फ्रांस में भी युवाओं और अन्य सामाजिक समूहों ने शिक्षा व्यवस्था, सार्वजनिक सेवाओं, महँगाई और रोजगार की समस्याओं को लेकर विरोध जताया। इन आंदोलनों में एक साझा भावना दिखाई देती है। युवाओं को लगता है कि उनकी समस्याओं को पर्याप्त गंभीरता से नहीं सुना जा रहा है और नीतियाँ बनाते समय उनकी आवश्यकताओं को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जाता।

इन घटनाओं को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानकर नहीं देखा जाना चाहिए। शांतिपूर्ण विरोध लोकतंत्र में अपनी बात रखने का एक माध्यम है। सरकारों को हिंसा रोकने के साथ उन आर्थिक और सामाजिक कारणों पर भी विचार करना चाहिए, जिनसे असंतोष पैदा हो रहा है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वचालन ने रोजगार की दुनिया में नए अवसर पैदा किए हैं, लेकिन इनके कारण कुछ पारंपरिक नौकरियों के स्वरूप में भी बदलाव आ रहा है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं द्वारा किए जाने वाले लगभग 6.1 प्रतिशत रोजगार ऐसे क्षेत्रों में हैं, जिन पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े बदलावों का अधिक प्रभाव पड़ सकता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि इन सभी नौकरियों का अंत हो जाएगा। बल्कि अनेक कार्यों की प्रकृति बदल सकती है और नए कौशलों की आवश्यकता बढ़ सकती है। समस्या तब पैदा होती है, जब शिक्षा और प्रशिक्षण व्यवस्था इस परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को समय पर नहीं ढाल पाती।

इसलिए युवाओं को केवल प्रमाणपत्र देने के बजाय व्यावहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता, रचनात्मक सोच और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने पर जोर देना चाहिए। साथ ही, काम कर रहे लोगों के लिए भी नए कौशल सीखने के अवसर उपलब्ध होने चाहिए।

भारत की युवा आबादी देश की सबसे बड़ी संभावनाओं में से एक है। लेकिन इस संभावना को वास्तविक शक्ति में बदलने के लिए पर्याप्त और सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना आवश्यक है। शिक्षा प्राप्त युवाओं की आकांक्षाएँ बढ़ रही हैं। वे आर्थिक स्वतंत्रता, सुरक्षित भविष्य और अपनी योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने के अवसर चाहते हैं।

यदि आर्थिक विकास के साथ गुणवत्तापूर्ण रोजगार नहीं बढ़ते, तो युवाओं की अपेक्षाओं और वास्तविक अवसरों के बीच दूरी बनी रह सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का अभाव, महिलाओं के लिए काम की सीमित उपलब्धता और असंगठित क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा की कमी भी गंभीर प्रश्न हैं।

प्रयोगशाला

प्रयोगशाला में शिक्षा निदेशालय से नए निदेशक बनकर आए साहब अनिमेष अग्निहोत्री अनुशासित अफसर माने जाते थे। अनिमेष साहब जब भी अपनी गाड़ी से उतरकर नए साइंस हब का मुआयना करने निकलते तो उनकी नजर चबूतरे पर बैठे जगमोहन काका पर टिक जाती थी जिनकी आँखें हमेशा उस मेज पर रखे टूटे फ्लास्क पर जमी रहती थीं। अनिमेष साहब को मोल दिवस के इस जलसे के दौर में किसी बुजुर्ग का इस तरह रोज आकर एक कबाड़ कांच के आगे हाथ जोड़ना दकियानूसी सोच लगता था। जब दोपहर के समय सत्र समाप्त हुआ और अतिथि चले गए तो अनिमेष साहब सीधे जगमोहन काका के पास पहुँच गए। अनिमेष साहब ने तीखे लहजे में पूछा काका आप इस उम्र में रोज यहाँ आकर रास्ता क्यों रोकते हैं, अगर आपको कोई पेंशन चाहिए तो भीतर काउंटर जाइए, इस तरह बाहर बैठकर एक टूटे फ्लास्क को घूरने से विज्ञान ठीक नहीं होने वाला है।

जगमोहन काका ने जवाब दिया निदेशक साहब मैं किसी भीख के लिए नहीं बैठा हूँ, मैं तो बस उस दिन की बाट जोह रहा हूँ जब इस फ्लास्क में वह सच लौटेगा जो मुझसे छीना गया था। अनिमेष ने पूछा आप किस सच की बात कर रहे हैं, सरकार तो मोल दिवस पर बच्चों को किट दे रही है? सोमेश्वर आगे बढ़े और बोले साहब जब इस जिले में कारखानों का कचरा नदियों में बहाया जाता था तब काका के बेटे मानस ने इसी प्रयोगशाला में खड़े होकर शुद्ध पानी की मशाल जलाई थी। अनिमेष ने पूछा मानस ने क्या किया था? सोमेश्वर ने बताया मानस विज्ञानी था, जब फैक्टरियां पानी में जहर घोलती थीं तब मानस ने इसी फ्लास्क से जाँच करके गरीबों को बचाया था, उसने कसम खाई थी कि जब तक हर बच्चे को शुद्ध पानी नहीं मिलेगा तब तक वह कंपनियों के आगे नहीं झुकेगा।



पञ्चांग राशिफल

दिनांक- 03 नवंबर 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:33सूर्यास्त 17:46
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - नवमी14:42 उपरांत दशमी
नक्षत्र - अश्लेषा 07:33 उपरांत मघा 06:29 उपरांत पूर्वाफाल्गुनी
योग - शुक्ल14:08 उपरांत ब्रह्म
करण - गर
चन्द्रमा-कर्क में है 07:33 पर सिंह में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 22मास तारिख

मेष- सप्ताह की शुरूआत में कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिलेगी।शिवलिंग पर जल अर्पित करें।

वृषभ- व्यावसायिक योजनाओं में प्रगति होगी, लाभ के योग हैं। माता-पिता का सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त होगा।

मिथुन- आय के नए मार्ग खुलेंगे, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। मानसिक रूप से शांति और ताजगी महसूस करेंगे।

कर्क- दफ्तर के कामों में जल्दबाजी से बचें, ध्यान से काम करें। व्यापारिक फैसलों में वरिष्ठों की सलाह लें।

सिंह- परिजनों के साथ किसी बात को लेकर बहस से बचें। बजट बनाकर चलें।

कन्या- गैर-जरूरी खर्चों पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, पर्याप्त आराम लें। चंद्र देव को अर्घ्य दें।

तुला- कार्यस्थल पर नई संभावनाएं लक्ष्मी जी को गुलाबी फूल अर्पित करें।

वृश्चिक- बनेंगी, दिन अच्छा रहेगा। साझेदारी के व्यवसाय में मनमुताबिक सफलता मिलेगी।

धनु- दांपत्य जीवन में प्रेम और मधुरता बढ़ेगी। वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होगी, धन लाभ होगा।

मकर- कार्यस्थल पर अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। व्यापारिक लेन-देन में लिखा-पढ़ी स्पष्ट रखें।

कुंभ- घर-परिवार के सदस्यों के साथ तालमेल बेहतर होगा। खर्चों पर लगाम लगाएं, धन संचय पर ध्यान दें।

मीन- थकावट महसूस हो सकती है, विश्राम आवश्यक है। शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

समसामयिक

शासक हो तो आपके जैसा

सभी विपक्षी दलों के द्वारा आयोजित 01नवंबर को दिल्ली में हुए प्रदर्शन और उसमें प्रमुख नेताओं के भाषण को सुनकर ऐसा प्रतीत हुआ कि सारे ईमानदार(?) लोग आज दिल्ली के मैदान पर इकट्ठे हुए हैं। इनके बिना देश का सब कुछ लुट चुका है। यदि ये होते तो वोट चोरी नहीं होती। ई. डी., सीबीआई कोई मनमानी नहीं करती। चुनाव आयुक्त पूरी पारदर्शिता से काम करते। कोई गरीब नहीं होता। कोई अमीर नहीं होता। पूर्णतः रामराज्य होता। एक भी बेरोजगार नहीं होता। हर घर बिजली होती, पानी होता। एक भी व्यक्ति अशिक्षित नहीं होता। कोई बीमार नहीं होता। यदि होता भी तो उसके इलाज के लिए अस्पताल खुद चलकर मरीज के पास जाता। किसी का एक भी पैसा नहीं डूबता। एक आवेदन पर हर विभाग में काम होता। न्यायालय में जितने मुकदमे लगे हैं, वे शायद जीरो हो जाते। विश्व के जितने भी देश हैं, वे सब इन बुद्धिजीवी नेताओं से सलाह लेकर ही अपने देश की व्यवस्था को चलाते। जीडीपी इतनी हो जाती कि अंकों में उसे आँका ही नहीं जा सकता था। कोई भी देश हमारे ऊपर आँख उठाकर नहीं देख सकता था। पेट्रोल और डीजल के लिए लाइन में नहीं लगा पड़ता। राशन इतना होता कि जितना हम खाते हैं, उसका 05 गुना निर्यात करते। अराजकता और गुंडागर्दी का तो नामोनिशान मिट गया होता। कर्मठ(?) लोगों के लिए एटीएम कार्ड मुफ्त में दिए जाते, ताकि वे जब चाहें और जितना चाहें, उतना पैसा एटीएम से निकल सकें। उसके लिए बैंक में अकाउंट होना अनिवार्य नहीं होता। शेर और बकरी एक घाट पर पानी पीते।



डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय (दैनिक अवन्तिका)

जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहाँ पर यह सब हो रहा है। वहाँ की जनता इतनी सुखी है कि वह दूसरे राज्य में रह रहे अपने रिश्तेदारों को बुला रही है कि आओ हमारे प्रदेश में पूरा अमन-चैन है। और जहाँ इन दलों की सरकार नहीं है, वहीं सारी गड़बड़ है। प्रदर्शन कर रहे इन्हीं विपक्ष के दलों में एक दल ऐसा भी है कि जिसने लगातार लगभग 60 वर्ष तक देश पर शासन किया। तब कहीं कोई चोरी-बेईमानी-लूट-खसोट थी ही नहीं। यह तो सत्ता बदलने के बाद शुरू हुई। इसलिए जनहित में वह चाहते हैं कि भारत की जनता उन्हें पूरे देश का शासन दे दे और एक प्रॉमिसरी नोट लिख दे कि- 'अब कभी भी देश में चुनाव नहीं होंगे। आप, आपके बच्चे, उनके बच्चे फिर उनके बच्चे ही देश पर शासन करेंगे। महोदय! यह देश आपका था, है और आगे भी रहेगा। क्योंकि आप शासन करने के लिए ही पैदा हुए हैं, भले ही अक्ल आपके पास से होकर भी नहीं गुजरी है, और हम आपके शासन में रहने के लिए पैदा हुए हैं। हमें कोई अधिकार नहीं है कि हम चुनाव लड़कर देश पर शासन करें। इस पर आपका एकाधिकार है। आप ही शासन करें और आप जैसा चाहे वैसा ही देश चलायें।'

स्वच्छता हेतु स्पॉट फाइन की अनिवार्यता

सड़क और डिवाइडरों पर पान -गुटका थूकने वालों के खिलाफ नगर निगम इंदौर द्वारा गंदगी करने वालों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई किये जाने की कार्यवाही प्रशंसनीय है` ऐसी ही पहल हर गांव -शहरों में होना चाहिए। साथ ही गंदगी थूकने हेतु पीकदान भी नियत स्थानों पर होना चाहिए। सबसे पहले तो तम्बाकू सेवन से जन्मे अनेक रोगों से बचने हेतु सलाह दी जाना आवश्यक है। एक जानकारी के मुताबिक बढ़ती लत कारण मुख कैंसर के मरीजो की संख्या देश में लगभग 50 लाख है। घातक रसायन निकोटिन तम्बाकू मे पाया जाता है स्वैच्छिक संगठन एवं सामाजिक संस्थाए तम्बाकू निषेध दिवस (31-मई) पर अपना राग अलापते शायद थक सी गई है। आज भी स्थितिया वैसी ही बनी हुई है। व्यसन मुख्य परामर्श केंद्र भी जागरूकता लाने का प्रयत्न कर रही है । व्यसन मुक्ति केंद्र भी चिकित्सालय के समीप में ही होना चाहिए ताकि इलाज हेतु मरीज को एक ही स्थान पर सुविधा प्राप्त हो सके।

इन विटामिन की कमी से हो सकती है फटी एड़ियों की समस्या

हमारे शरीर को प्रोटीन, विटामिन समेत सभी पोषक तत्वों की जरूरत होती है। शरीर में पोषक तत्वों की कमी के कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर इन समस्याओं पर ध्यान ना दिया जाए तो यह काफी बढ़ सकती हैं। इसके लिए आज हम विटामिन्स से होने वाली कमियों की बात कर रहे हैं। फटे होंठ से लेकर कमजोर हड्डियों तक विटामिन की कमी के कई लक्षण हो सकते हैं। कमजोर दांत और हड्डियां विटामिन डी की कमी की ओर इशारा करती हैं। वहीं, फटे होंठ और मसूड़ों से खून आना विटामिन सी और विटामिन बी की कमी की ओर इशारा करता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी समस्या के बारे में बताने जा रहे हैं जिसपर किसी का भी ध्यान नहीं जाता लेकिन यह समस्या भी शरीर में एक खास विटामिन की कमी के कारण हो सकती है। ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्हें फटी एड़ियों की समस्या का सामना करना पड़ता है। अधिकतर लोगों में सर्दियों के मौसम में यह समस्या देखने को मिलती है। लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जिन्हें पूरे साल भर फटी एड़ियों की समस्या का सामना करना पड़ता है। क्या आपने कभी सोचा है ऐसा क्यों होता है? एड़ियां फटने के कई कारण हो सकते हैं जैसे खराब स्किन केयर रुटीन, गंदगी आदि। लेकिन क्या आप जानते



हैं एड़ियां फटने के पीछे शरीर में विटामिन की कमी भी एक बड़ा कारण हो सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं शरीर में किन विटामिन्स की कमियों के कारण फटी एड़ियों की समस्या का सामना करना पड़ता है।

विटामिन सी, ई और बी 3 स्किन की हेल्थ को मेंटेन रखने के लिए काफी जरूरी माने जाते हैं। शरीर में इन विटामिन्स की कमी होने पर फटी एड़ियों की समस्या का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में अधिकतर लोगों को इस बारे में पता ही नहीं होता कि फटी एड़ियों के पीछे किसी विटामिन की कमी भी हो सकती है। ऐसे में अगर आपको सर्दियों के अलावा भी फटी एड़ियों की समस्या का सामना करना पड़ता है तो जरूरी है कि डॉक्टर से संपर्क करें और इन तीनों विटामिन्स की कमी की जांच करें।

विटामिन बी 3- विटामिन बी 3 स्किन और ब्रेन की हेल्थ के लिए काफी जरूरी माना जाता है। शरीर में विटामिन बी 3 की कमी के कारण मेमोरी लॉस, डायरिया का सामना भी करना पड़ता है। कई बार विटामिन बी 3 की कमी से शरीर के उन हिस्सों में तेज खुजली होती है जो धूप के संपर्क में रहते हैं। जैसे गर्दन और हाथ, पैर आदि।

विटामिन सी- विटामिन सी मसूड़ों और स्किन के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। शरीर में विटामिन सी की कमी से स्कर्वी नाम की बीमारी होती है जिससे मसूड़ों से खून आना, बालों की जड़ों के आसपास रक्तस्राव, घावों का धीरे भरना शामिल है। इसके अलावा बालों का झड़ना, थकान और एनीमिया भी विटामिन सी की कमी के लक्षण है। विटामिन ई- विटामिन ई इम्यूनिटी सिस्टम, कोशिकाओं और ब्लड सकुर्लेशन को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे ब्यूटी विटामिन के रूप में भी जाना जाता है, स्किन और बालों के लिए यह विटामिन काफी फायदेमंद माना जाता है। शरीर में विटामिन ई की कमी से मसल्स में कमजोरी, ड्राई स्किन, झुर्रियां और समय से पहले बूढ़ापा आना शामिल है।

फटी एड़ियों के पीछे स्किन ड्राईनेस एक बड़ा कारण है। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी एड़ियों को मॉइश्चराइज करें। साथ ही इसके लिए यह भी जरूरी है कि आप खुद को और अपनी स्किन को हाइड्रेटेड रखें। ऐसे वॉटर इंटेक को बढ़ाएं।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव


ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

धर्म-आस्था

जब अचानक अपनी ही जिंदगी अजनबी लगने लगे,मिलने लगते हैं संकेत

कई बार हमें पुराने रिश्ते बदलते हुए महसूस होते हैं, रोजमर्रा की जिंदगी बोझिल लगने लगती है और मन किसी अनजानी दिशा की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। बाहर से सब कुछ सामान्य दिखाई देता है, लेकिन भीतर कुछ बदल रहा होता है। आध्यात्मिकता में इस तरह के अनुभव को कभी-कभी टाइमलाइन शिफ्ट कहा जाता है। इसके पीछे यह विचार है कि इंसान की चेतना, सोच और जीवन के प्रति नजरिया बदलने पर उसे अपनी पुरानी जिंदगी से अलगाव महसूस हो सकता है। उसे लगने लगता है कि वह अपने जीवन के एक नए अध्याय में प्रवेश कर रहा है। अध्यात्म में इसे आत्मा के विकास और जीवन के उद्देश्य के करीब पहुंचने की प्रक्रिया मानती है। हालांकि, इन अनुभवों को समझने के लिए जीवन में होने वाले सामान्य बदलावों, तनाव और मानसिक स्वास्थ्य जैसे पहलुओं पर भी ध्यान देना जरूरी है।

टाइमलाइन शिफ्ट एक आध्यात्मिक अवधारणा है, जिसके अनुसार जीवन में कई संभावित रास्ते हो सकते हैं। हमारे फैसले, अनुभव, परिस्थितियां और प्राथमिकताएं यह निर्धारित करने में भूमिका निभाते हैं कि हम किस दिशा में आगे बढ़ेंगे। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति लंबे समय तक एक ऐसे करियर में काम करता है जिसमें उसे संतुष्टि नहीं मिलती। एक दिन उसे एहसास होता है कि वह जिस जीवन को जी रहा है, वह उसकी वास्तविक इच्छाओं से मेल नहीं खाता। इसके बाद वह अपने इच्छाओं पर विचार करता है और



नया रास्ता चुनने का निर्णय लेता है। अध्यात्म में इस तरह के गहरे आंतरिक बदलाव को टाइमलाइन शिफ्ट से जोड़कर देखा जाता है। इसमें व्यक्ति को लगता है कि वह अपनी पुरानी पहचान से आगे निकल रहा है और जीवन की एक नई दिशा खोज रहा है। जब व्यक्ति अपने विचारों, इच्छाओं और जीवन के उद्देश्य पर गहराई से विचार करने लगता है, तो उसकी प्राथमिकताओं में बदलाव आ सकता है। जो चीजें पहले महत्वपूर्ण लगती थीं, वे अब उतनी जरूरी नहीं लगतीं। इसके विपरीत, शांति, आत्मसम्मान, सार्थक रिश्ते और मानसिक संतुलन अधिक महत्वपूर्ण हो सकते हैं। इस बदलाव के दौरान व्यक्ति को एक साथ दो तरह की भावनाएं महसूस हो सकती हैं। एक ओर वह पुरानी आदतों, रिश्तों या जीवनशैली से दूर होने के कारण उदासी अनुभव करता है, वहीं दूसरी ओर उसे नए अवसरों की संभावना से उत्साह भी मिलता है। आध्यात्मिक लेखों में कुछ अनुभवों को टाइमलाइन शिफ्ट के संभावित संकेतों के रूप में बताया जाता है। ये संकेत किसी विशेष आध्यात्मिक घटना का प्रमाण नहीं हैं, लेकिन इनके माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर हो रहे बदलावों को समझने का प्रयास कर सकता है।

1. पुरानी जिंदगी से जुड़ाव कम महसूस होना- क्या आपको लगता है कि जिन चीजों में कभी आपकी गहरी रुचि थी, वे अब पहले जैसी खुशी नहीं देतीं? ऐसा होने पर व्यक्ति अक्सर सोचने लगता है कि आखिर उसके भीतर क्या बदल गया है। अध्यात्म में इसे अपनी बदलती प्राथमिकताओं को पहचानने का अवसर माना जा सकता है।

2. समय का अनुभव पहले से अलग लगना- कभी-कभी ऐसा महसूस होता है कि दिन बहुत तेजी से बीत रहे हैं। कभी समय रुक-सा गया लगता है, तो कभी व्यक्ति किसी काम में इतना व्यस्त हो जाता है कि उसे समय का ध्यान ही नहीं रहता। अध्यात्म में इस अनुभव को चेतना में बदलाव से जोड़ा जाता है।

3. पुराने रिश्तों और लोगों के प्रति नजरिया बदलना- जीवन में आगे बढ़ने के साथ हमारी सोच बदलती है। कभी जिन लोगों के साथ समय बिताना अच्छा लगता था, उनके साथ अब विचारों का अंतर महसूस हो सकता है। कुछ रिश्तों में दूरी बढ़ सकती है, जबकि कुछ संबंध पहले से अधिक गहरे हो सकते हैं।

4. भविष्य को लेकर पुरानी योजनाओं पर संदेह होना- कभी-कभी व्यक्ति को एहसास होता है कि जिस लक्ष्य को पाने के लिए वह लंबे समय से मेहनत कर रहा था, वह अब उसकी इच्छाओं से मेल नहीं खाता। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति हमेशा बड़ी नौकरी और अधिक आय को सफलता मानता रहा हो। लेकिन समय के साथ उसे महसूस हो कि वह मानसिक शांति, परिवार के साथ समय या रचनात्मक काम को अधिक महत्व देना चाहता है।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली- 5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग- 2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना- 6151, राजमा- 8926, बटला- 1611- 3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेर्ण्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी- टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

खेत में पानी निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद

शुजालपुर। मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम महुघाट में खेत में पानी निकालने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई। घटना में एक पक्ष के बुजुर्ग दंपती और दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को चोट आई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार एक पक्ष के प्रहलाद सिंह परमार ने बताया कि खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में अशोक और महेश परमार ने गाली-गलौज करते हुए पत्थर से हमला किया। बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी सोरम बाई को भी लात मारकर गिरा दिया, जिससे दोनों के घुटनों में चोट आई।
वहीं दूसरे पक्ष के अशोक परमार ने शिकायत में बताया कि प्रहलाद सिंह के खेत का पानी उनके खेत में आने को लेकर पूछने पर प्रहलाद और उनके तीन बेटों ने गाली-गलौज करते हुए झूमाझटकी और मारपीट की। बीच-बचाव करने आए उनके भाई महेश के हाथ में भी चोट आई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं।

टिगरिया के जंगल में अवैध लहान नष्ट



शाजापुर। टिगरिया के जंगल में बन रही अवैध शराब को पुलिस ने दबिश देकर नष्ट किया। मोहन बड़ोदिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टिगरिया कंजर डेरा जंगल में अवैध शराब बनाई जा रही है। इस पर पुलिस ने दबिश देते हुए शराब बनाने के स्थानों पर रखी लहान करीबन 3000 हजार लीटर नष्ट की। पुलिस के अनुसार मौके पर कोई भी व्यक्ति नहीं मिला।

गाली-गलौज से रोकने पर महिला को डंडे से पीटा

शुजालपुर। सिटी के भीमपुरा क्षेत्र में घर के बाहर गाली-गलौज करने से रोकने पर एक व्यक्ति ने महिला के साथ मारपीट कर दी। आरोपी ने डंडे से हमला कर महिला की कलाई और कंधे पर चोट पहुंचाई। इसके बाद उसे जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस के अनुसार भीमपुरा निवासी सुनीता पुष्पद ने रविवार शाम अपने बेटे वासु के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि शाम करीब 5 बजे वह घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान मोहल्ले का बलवीर पुष्पद उसके घर के सामने बैठकर गाली-गलौज कर रहा था। महिला ने उसे ऐसा करने से रोका तो आरोपी ने अभद्र गालियां देते हुए पास पड़ा डंडा उठाकर हमला कर दिया। इससे उसकी बाईं कलाई और कंधे के पास चोट आई। शोर सुनकर बेटा वासु और मोहल्ले के अनिल व जितेंद्र मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू की।

जरूरतमंदों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

आगर मालवा। दीपावली के पर्व पर आगर जैन समाज के आगमोद्वारक बालिका मंडल ने सेवा और सहयोग की पहल करते हुए जरूरतमंद परिवारों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। मंडल की बालिकाओं ने नगर की विभिन्न गरीब एवं जरूरतमंद बस्तियों में पहुंचकर महिला, पुरुष और बच्चों को वस्त्र, साड़ियां, ऊनी कपड़े, कंबल, शॉल, स्वेटर और मिठाई वितरित की। इस दौरान त्योहार पर मिली सामग्री से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी, वहीं परिवारों में भी उत्साह का माहौल रहा।

अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम आयोजित

बडौद। शासकीय महाविद्यालय बड़ौद में शिक्षा से विकसित भारत के अंतर्गत 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्याख्यान एवं विस्तृत जानकारी के माध्यम से विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के बारे में रोचक जानकारियां प्रदान की गई महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ वंदना शर्मा के नेतृत्व मे समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के सहयोग से डिजिटल पोस्टर, वाद -विवाद, पैनल चर्चा इत्यादि कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक संपन्न हुए।

पुलिस ने पशु चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी की गाय और वारदात में प्रयुक्त 13 लाख रुपए कीमत की पिकअप जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



कालापीपल पुलिस ने पशु चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई शंकर जर्सी गाय बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप वाहन भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बिसनखेड़ी निवासी अखिलेश तिवारी ने 26 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25-26 सितंबर की दरमियानी रात उसके कच्चे मकान में बंधी 50 हजार रुपए कीमत की शंकर जर्सी गाय अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। इस पर कालापीपल थाने में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।
चोरी की वारदात का खुलासा करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार पाठक के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 31 अक्टूबर को शुभम शर्मा निवासी बिसनखेड़ी और दिनेश राने निवासी रामड़ी थाना कालापीपल को गिरफ्तार किया।
कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पाठक, उपनिरीक्षक मुनेश्वर राम भगत, प्रधान आरक्षक विशाल पटेल, विवेक गोस्वामी, सतीश रावत, आरक्षक नयन यादव, वेदप्रकाश परमार, सतीश गौतम, पंकज जोमर, होकम कारपेंटर, गोर्धन वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, अर्जुन दांगी, राहुल और अखिल वर्मा सहित साइबर सेल के प्रधान आरक्षक विकास तिवारी तथा आरक्षक अनिल सक्सेना, राजेश दांगी, घनश्याम एवं रोहित बिलावलिया की भूमिका रही।

बोलेरो पिकअप जब्त
पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई 50 हजार रुपए कीमत की शंकर जर्सी गाय तथा वारदात में प्रयुक्त करीब 13 लाख रुपए कीमत की बोलेरो पिकअप जब्त की है।



तीन अलग-अलग बस्तियों से निकले पथ संचलन, जगह-जगह पुष्पवर्षा से किया स्वागत

शुजालपुर। विजयादशमी के उपलक्ष्य में रविवार को शुजालपुर सिटी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन अलग-अलग बस्तियों के पथ संचलन निकले। गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने घोष की धुन पर कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से संचलन किया। इस दौरान मार्ग में जगह-जगह नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। महाकाल बस्ती के स्वयंसेवक शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर एकत्रित हुए। यहां से शुरू हुआ पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा और वापस एकत्रीकरण स्थल पहुंचकर संपन्न हुआ। इसी तरह अन्य दो बस्तियों के संचलन भी निर्धारित मार्गों से निकाले गए। संचलन के दौरान व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मार्गों पर तैनात रहा।

सुनार की दुकान से चांदी चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

देवास पुलिस ने 200 सीसीटीवी खंगाले, सूरत से पकड़ा, 2.50 लाख का माल बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के बरोठा में सुनार की दुकान का शटर तोड़कर चांदी के जेवर चुराने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 25 दिन तक दो राज्यों में तलाश की और ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले।
जांच के दौरान पुलिस टीम गुजरात के सूरत पहुंची। आरोपियों से दुकान से चुराए करीब 600 ग्राम चांदी के जेवर और नकदी समेत 1.51 लाख रुपए का माल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बरोठा में दो और उज्जैन में एक चोरी करना भी कबूल किया। पुलिस ने कुल चार चोरी के मामलों का खुलासा कर 2.50 लाख रुपए की संपत्ति बरामद की।
पुलिस ने 28 अक्टूबर को मुख्य आरोपी बबलू वसुनिया निवासी भटकुंड को गुजरात के सूरत जिले के सचिन औद्योगिक क्षेत्र से पकड़ा। पूछताछ में उसने विजय उर्फ विजू, रतन और शोभाराम उर्फ गलिया के साथ चोरी करना कबूल किया। इसके बाद पुलिस ने ग्राम भीलआमला से विजय और शोभाराम को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर भटकुंड की एक झोपड़ी में छिपाकर रखे करीब 600 ग्राम चांदी के जेवर और एक हजार रुपए नकद मिले।
उज्जैन के चिमनगंज थाना क्षेत्र में हुई चोरी की जानकारी भी उज्जैन पुलिस को दी गई है।

एक आरोपी पर 22 आपराधिक केस
गिरफ्तार आरोपियों में बबलू वसुनिया के खिलाफ अलग-अलग थानों में 22 आपराधिक मामले दर्ज हैं। विजय उर्फ विजू पर पांच और शोभाराम उर्फ गलिया पर दो मामले दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पत्थर गुराड़िया में चोरी कर सोने की चेन और चांदी की पायल चुराना भी कबूल किया। वहां से करीब 90 हजार रुपए की संपत्ति बरामद हुई। गाजनोदखेड़ा की चोरी में करीब 9 हजार रुपए कीमत का छएऊटीवी और चांदी के सिक्के मिले।



झाड़ियों में मिला नवजात, जन्म के करीब 3 घंटे बाद छोड़ा गया

- डायल 112 और एंबुलेंस ने जिला अस्पताल पहुंचाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर

आगर मालवा जिले के बर्डा बरखेड़ा गांव के बाहरी इलाके में झाड़ियों के बीच एक नवजात बालक जीवित मिला। जन्म के करीब 3 घंटे बाद उसे वहां छोड़ दिया गया था।
सूचना मिलने पर पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। एंबुलेंस स्टाफ बच्चे को जिला अस्पताल ले गया, जहां उसे एनआईसीयू में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।
एएसआई विजय बड़गोतीया ने बताया कि पुलिस को झाड़ियों में नवजात के होने की सूचना मिली थी। उसके रोने की आवाज सुनकर लोगों को उसके वहां होने का पता चला। इसके बाद डायल 112 और एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया।
थाना प्रभारी नागेश यादव ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नवजात को झाड़ियों में कौन छोड़कर गया और इसकी वजह क्या थी।

मध्य प्रदेश दिवस पर गूंजा 'प्यारो लागे रे म्हारो मध्य प्रदेश', कलाकारों ने बांधा समां



शाजापुर। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक संगीत की मधुर प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के अनुमोदित कलाकार तथा ग्राम झोंकर के प्रसिद्ध राष्ट्रीय कबीर भजन व मालवी लोक गायक दिनेश कुमार धौलपुरे और वरिष्ठ भजन गायक बाबूलाल धौलपुरे ने साथी कलाकारों के साथ शानदार प्रस्तुति दी। मालवी लोक संगीत कबीर भजन मंडल द्वारा पारंपरिक मालवी लोक शैली में प्रस्तुत गीत 'प्यारो लागे रे म्हारो मध्य प्रदेश' की संगीतमय प्रस्तुति ने सभागार में उपस्थित अतिथियों और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रस्तुति में मुख्य गायक दिनेश कुमार धौलपुरे के साथ वरिष्ठ गायिका शांताबाई धौलपुरे और बाबूलाल धौलपुरे ने सुरीले सुर मिलाए। संगत कलाकारों में हारमोनियम पर कचरुलाल गोयल, ढोलक पर विजय कुमार अहिरवार व आदित्य धौलपुरे, आक्टोपैड पर देवकरण मालवीय, मंजीरे पर आदर्श धौलपुरे, करताल पर बाबूलाल राजोरिया तथा खंजरी पर भेरूलाल परमार ने बेहतरीन संगत देकर कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। उपस्थित अतिथियों ने सभी कलाकारों की भूरि-भूरि प्रशंसा कर उन्हें सम्मानित किया।

स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों को बताया शिक्षा का महत्व



शुजालपुर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर अकोदिया नाका स्थित शासकीय सीनियर बालक छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित किया। इस दौरान विद्यार्थियों को खेल सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति परिषद मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष एवं जिला शाजापुर की अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण समिति के सदस्य सुरेश मालवीय, रामगोपाल फौजी सहित पालकगण रामसिंह, ज्ञानसिंह, बद्रीप्रसाद, भेरूलाल एवं सीमादेवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप 500-500 रुपए की राशि प्रदान की गई। अंत में अधीक्षक ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

झूठे मामले में फंसाने की दी धमकी

प्रिंटिंग प्रेस संचालक से 25 लाख मांगे, स्टेशनरी विक्रेता पर आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर में एसपी कार्यालय के स्टेशनरी सप्लाई टेंडर के बाद नवीन प्रिंटिंग प्रेस के संचालक मोहम्मद अली ने 25 लाख रुपए मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने स्टेशनरी विक्रेता अंकित नागर के खिलाफ कोतवाली थाने में आवेदन दिया है। पुलिस अधीक्षक शाजापुर प्रियंका शुक्ला ने कहा कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।
मोहम्मद अली का आरोप है कि रुपए नहीं देने पर अंकित नागर ने उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। आवेदन के मुताबिक, अप्रैल 2026 में अली ने एसपी कार्यालय में स्टेशनरी सप्लाई के लिए टेंडर भरा था। दस्तावेजों में कुछ जानकारी नहीं होने के कारण उनकी निविदा रद्द कर दी गई थी।
मामले में पुलिस विभाग के एक आरक्षक और तत्कालीन एसपी के चालक की भूमिका पर भी आरोप लगाए गए हैं। पुलिसकर्मी को उसके पद से हटा दिया गया है। फर्म की प्रतिष्ठा खराब करने की धमकी दी गई।

12 लाख देने का आरोप
अली के मुताबिक, 3 जुलाई 2026 को एसबीआई बंगले के बाहर अंकित नागर की स्कूटी पर बैठकर बातचीत हुई। इस दौरान कथित तौर पर एक व्यक्ति को 12 लाख रुपए दिए गए। साथ ही, 13 लाख रुपए का भारतीय स्टेट बैंक, शाजापुर का चेक अंकित नागर को जमानत के तौर पर दिया गया। अली ने 4 जुलाई को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच उसी जगह 13 लाख रुपए देने का भी आरोप लगाया है।

गरोठ-उज्जैन फोरलेन पर चलते कंटेनर से 43 कार्टून चोरी

सील तोड़कर 65.75 लाख का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान ले गए बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़ौद



गरोठ-उज्जैन फोरलेन पर चलते कंटेनर से 43 कार्टून चोरी हो गए। अज्ञात बदमाशों ने कंटेनर की सील तोड़कर पिछला दरवाजा खोला और इलेक्ट्रॉनिक्स समेत अन्य सामान ले गए। पूरे माल की कीमत करीब 65 लाख 75 हजार रुपए बताई गई है।
बड़ौद थाना पुलिस के मुताबिक, कंटेनर चालक बबलू कुमार (27), पिता भूप सिंह, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के ग्राम लोढ़ा के निवासी हैं। वे अंबाला से इंदौर जा रहे थे।
चालक ने बताया कि 28 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे वे गरोठ-उज्जैन फोरलेन से गुजर रहे थे। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक चालक ने उन्हें कंटेनर का पिछला दरवाजा खुला होने की जानकारी दी।
कंटेनर रोककर जांच करने पर पीछे की सील टूटी मिली और 43 कार्टून गायब थे। आशंका है कि बदमाश चलते कंटेनर पर चढ़े, सील तोड़ी और सामान चोरी कर लिया।
इसके बाद चालक कंटेनर मालिक के साथ बड़ौद थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शनिवार रात अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की।
पुलिस चोरी गए कार्टून में रखे सामान की सही कीमत और आरोपियों का पता लगा रही है। कंटेनर में इलेक्ट्रिकल सामान, ड्राई फ्रूट्स, फुटवियर और ऑटो पार्ट्स समेत अन्य सामग्री थी।

सर्व प्रयास सामाजिक संस्था शाखा द्वारा गोद ली गई बालिकाओं को वस्त्र-मिठाई वितरित

महिदपुर। सर्व प्रयास सामाजिक संस्था शाखा महिदपुर द्वारा दीपावली के पर्व पर संस्था द्वारा गोद ली गई बालिकाओं को नए-नए वस्त्र मिठाई, राशन सामग्री, आतिशबाजी, रंगोली आदि वितरित की गई। परोपकार परम धर्म इस भावना को स्वीकार करते हुए इस अवसर पर शाखा संस्था प्रभारी सोनू मेहता, सह प्रभारी नीतू जैन, सचिव रजनी गुलाटी, कांता जलान्द्रा, अनिता राठी, किरण झंवर, कोषाध्यक्ष सरिता कालरा, प्रभा शर्मा, सरोज पोरवाल, मंजूबाला शर्मा सुजाता मांडीवाल, रेखा चौरसिया, कुसुम दशोरा एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्य उपस्थित रही । यह जानकारी कार्यकारिणी प्रमुख सुजाता मांडीवाल द्वारा दी गई ।



कृषि क्विज के तीन विजेताओं को पुरस्कार

पवन को ट्रैक्टर, मोतीलाल को बुलेट और बगडू सिंह को ई-स्कूटी, छात्र देवांश को एक लाख

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर मालवा में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर रविवार शाम गांधी उपवन के सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय समारोह हुआ। स्कूली विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश और मालवा की लोकसंस्कृति, जनजातीय परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत पर प्रस्तुतियां दीं। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने प्रस्तुति देने वाली हर छात्रा को 1100 रुपए देने की घोषणा की।
किसान स्वाभिमान पर्व के तहत हुई ऑनलाइन कृषि क्विज के जिले के तीन विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक मधु गहलोत और कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने उन्हें वाहनों की सांकेतिक चाबियां और प्रमाण-पत्र सौंपे।
पहला पुरस्कार पाने वाले ग्राम गोंदलमऊ के पवन कुमार को 7.26 लाख रुपए का ट्रैक्टर मिला। दूसरे पुरस्कार के विजेता ग्राम पनाला के मोतीलाल सोंधिया को 1.68 लाख रुपए की बुलेट और तीसरे पुरस्कार के विजेता ग्राम गंगापुर के बगडू सिंह को 1.20 लाख रुपए की ई-स्कूटी दी गई।
संस्कृति विभाग और वीर भारत न्यास ने 29 जनवरी से 15 मार्च 2026 तक ऑनलाइन कृषि क्विज आयोजित की थी। श्री कृष्ण पाथेय न्यास की ओर से सोयतकलां के छात्र देवांश कुशवाहा को एक लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र दिया गया।
समारोह स्थल पर जिला प्रशासन ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष ओम मालवीय सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और नागरिक मौजूद रहे।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा LIC Housing Finance Limited से श्री किशन गोपाल तिवारी पिता श्री देवीलाल जी तिवारी एवं श्री नवनीत तिवारी पिता श्री किशन गोपाल तिवारी निवासी-32 ए, कंचन विहार कॉलोनी, नीलगंगा चौराहा उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन क्रमांक 272, जिसका कुल क्षेत्रफल 97.20 स्थित त्रिवेणी हिल्स गोयलाखुर्द उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक 273, पश्चिम में-कॉलोनी की सड़क, उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 271 एवं दक्षिण में-कॉलोनी की सड़क है ऋण सुविधा प्राप्त की गयी थी, तत्पश्चात श्री किशन गोपाल तिवारी पिता श्री देवीलाल जी तिवारी का स्वर्गवास दिनांक 18.09.2026 को हो गया है, तथा श्री नवनीत तिवारी पिता श्री किशन गोपाल तिवारी का स्वर्गवास भी दिनांक 25.04.2024 को हो गया है, स्वर्गीय श्री किशन गोपाल तिवारी की मृत्यु के पश्चात उनके उत्तराधिकारीगण में उनकी पत्नि श्रीमती ललिता तिवारी पति श्री स्वर्गीय श्री किशन गोपाल तिवारी एवं पुत्र सचिन तिवारी पिता स्वर्गीय श्री किशन गोपाल तिवारी तथा नवनीत तिवारी के उत्तराधिकारी में उनकी पत्नि श्रीमती आरती तिवारी पति स्वर्गीय श्री नवनीत तिवारी एवं माता श्रीमती ललिता तिवारी पति श्री स्वर्गीय श्री किशन गोपाल है तथा दोनों मृतक के उत्तराधिकारीगण द्वारा ऋण की राशि भी मेरे पक्षकार के यहाँ जमा करवा दी गयी है, बैंक में जमा दस्तावेज को उनके उत्तराधिकारीगण द्वारा प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, यदि उक्त दस्तावेज दोनों मृतक के उत्तराधिकारीगण को प्रदान करने में किसी अन्य व्यक्ति या उत्ताराधिकारी को आपत्ति हो अथवा उनका अन्य कोई उत्तराधिकारी हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त बंधक संपत्ति से संबंधित समस्त दस्तावेज जो एल.आय.सी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में जमा हैं उन्हें प्रदान कर दिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो।
दिनांकः-02.11.2026

विवेक गुप्ता, एडवोकेट
घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.
मोबाईल नंबर- 98272-28461

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जगदीशचंद्र पिता रतनलाल जी आयु 50 व्यवसाय व्यापार ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन ने मकान स्वामी दिनेश पिता श्री रमेश चंद्र जी मालवीय आयु 36 वर्ष व्यवसाय नौकरी (आर्मी) हाल मुकाम प्रेम एवेन्यू उज्जैन से यह कि अनुबंधकर्ता के स्वामित्व एवम् आधिपत्य का भवन क्रमांक 97, प्रेम एवेन्यू (प्रेम नगर एवेन्यू) एम.आर.4, रिंग रोड, उज्जैन, म. प्र. में स्थित हे जिसका कुल क्षेत्रफल 61.26 वर्गमीटर हे चतुरसीमा इस प्रकार हे, पूर्व में भूखण्ड क्रमांक 98, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 96, उत्तर में - रतन एवेन्यू कालोनी दक्षिण में कालोनी का रोड जो कि फ्री होल्ड हैं, ओर दक्षिण मुखी है। इस मकान का क्रय करने का सौदा किया गया हे आंशिक विक्रय मूल्य बतौर बयाना स्वरूप अदा कर दिया गया हे ओर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया हे तथा अब शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है।
उक्त मकान में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त मकान पर किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक अथवा सरकारी साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी इति दिनांक 03/11/2026 उज्जैन

जगदीश पिता रतनलाल राठौर
उज्जैन आगर रोड नजरपुर तहसील घट्टिया उज्जैन
मो.न. 9713602384, 8878751221, 9009747426

छात्रावास में बाहरी व्यक्ति की आवाजाही से परेशान छात्राएं



उज्जैन। आदिवासी कन्या महाविद्यालयीन छात्रावास में बाहरी व्यक्ति की लगातार आवाजाही और कथित हस्तक्षेप से परेशान करीब 50 छात्राएं सोमवार दोपहर सामूहिक शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं। छात्राओं ने सोनू कुशवाहा नामक व्यक्ति पर छात्रावास परिसर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने, छात्राओं और अधीक्षिका के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा उनकी गतिविधियों की वीडियो रिकॉर्डिंग कराने के आरोप लगाए। छात्राओं ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर संबंधित व्यक्ति की आवाजाही पर रोक लगाने और पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। छात्राओं ने ज्ञापन में बताया कि सोनू कुशवाहा लगभग हर दूसरे-तीसरे दिन छात्रावास आते हैं। कई बार रात 8 से 9 बजे के बीच भी उनकी आवाजाही रहती है। छात्रा किरण सूर्यवंशी के अनुसार, संबंधित व्यक्ति ने 4-5 छात्राओं के साथ बदतमीजी की। इतना ही नहीं, वार्डन से भी अभद्रता करते हुए तू-तड़ाक में बात की और कहा कि तू होती कौन है बोलने वाली । छात्राओं का कहना है कि उन्हें किसी के निजी जीवन से कोई मतलब नहीं है, लेकिन छात्रावास में बाहरी व्यक्ति के बार-बार आने और छात्राओं के मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार किसने दिया है, यह स्पष्ट होना चाहिए। छात्रावास की अधीक्षिका प्रीति चंदेल ने बताया कि सोनू कुशवाहा आदिम जाति कल्याण विभाग के संभागीय उपायुक्त के वाहन चालक हैं। छात्रावास से उनका कोई आधिकारिक संबंध नहीं है। इसके बावजूद वे दिन में 4 से 5 बार परिसर में आते हैं और रात में भी उनका आना-जाना बना रहता है। अधीक्षिका के अनुसार, वे छात्रावास की अधीक्षिका पवित्रा परमार से मिलने के लिए आते हैं और उनके निवास के साथ छात्रावास परिसर में भी पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 8 अक्टूबर को जिला संयोजक और संभागीय उपायुक्त को लिखित शिकायत देकर स्थिति से अवगत कराया था। उनका आरोप है कि इस तरह की गतिविधियों से छात्रावास की शासकीय व्यवस्था और छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्राओं ने शिकायत में आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति थार, स्कूटर सहित अन्य वाहनों से छात्रावास पहुंचते हैं, जिन पर नंबर प्लेट नहीं लगी होती। छात्राओं का दावा है कि उनके पास वाहनों के फोटो और वीडियो भी मौजूद हैं। उन्होंने इनकी जांच कराने की मांग की है। इसके अलावा छात्राओं ने आशंका जताई कि छात्रावास के सीसीटीवी कैमरे बंद करवाने या हटवाने का प्रयास किया जा रहा है। उनका आरोप है कि छात्राओं की गतिविधियों की वीडियो रिकॉर्डिंग कर विभागीय अधिकारियों को भेजी जाती है। पेयजल संकट के दौरान भी संबंधित व्यक्ति द्वारा हस्तक्षेप किए जाने की बात ज्ञापन में कही गई है। छात्राओं का ज्ञापन लेने वाली संयुक्त कलेक्टर शिवानी तरेटिया ने बताया कि छात्राओं ने एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद शिकायत की है। संयुक्त कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि शिकायत में उठाए गए सभी बिंदुओं की जांच कराई जाएगी। छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरे हटाने या बंद कराने के आरोपों की भी जांच कराई जाएगी।

होटर पर निगम ने ठोका 1.50 लाख का जुर्माना

उज्जैन। सोमवार को नगर निगम की टीम भी होटल सॉलिटेयर में स्वच्छता की जांच करने पहुंची। इस दौरान सफाई और कचरा प्रबंधन से जुड़ी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इस पर निगम ने होटल प्रबंधन पर 1 लाख 50 हजार रुपये का चालान किया। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने होटल का निरीक्षण किया। जांच में गीले और सूखे कचरे को अलग रखने, गीले कचरे के प्रसंस्करण, कचरा प्रबंधन के रिकॉर्ड, सूखे कचरे के सुरक्षित भंडारण और परिसर की स्वच्छता सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की पड़ताल की गई। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के पालन की भी जांच हुई। अनियमितताएं मिलने पर होटल प्रबंधन को तीन दिन में सभी कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में सुधार नहीं होने पर आगे भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

विवेक खरे ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार संभाला

मालीगांव। 1989 बैच के आईआरएसएमई अधिकारीश्री विवेक खरे ने 1 नवंबर, 2026 को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के नए महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार संभाला है। महाप्रबंधक के तौर पर, वह पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के समग्र रूप से कार्यकारी प्रमुख होंगे। भारतीय रेल के 18 भौगोलिक जोनों में से यह एक सबसे बड़ा और सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है, जो 10 राज्यों और 36 लोकसभा निर्वाचन केंद्रों में फैला हुआ है। इसमें असम, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, सिक्किम के साथ-साथ पश्चिम बंगाल और बिहार के कुछ हिस्से भी शामिल हैं। देश के विभिन्न राज्यों और जोनों में रेलवे परिचालन, रखरखाव, कार्यक्षमता में सुधार और आधुनिकीकरण के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, उनकी विशेषज्ञता पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, वह रायबरेली स्थित मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) में प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियरके पद पर थे।

होटल सॉलिटेयर के मान भोग रेस्टोरेंट में खाद्य विभाग की जांच में मिली अनियमितताएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई दुकानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच तेज कर दी है। इसी क्रम में सोमवार सुबह खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होटल सॉलिटेयर स्थित माखन भोग रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान किचन में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। सब्जियां रखने वाले स्टोर रूम के ठीक नीचे फूड वेस्ट चैंबर बना मिला, जहां से तेज दुर्गंध आ रही थी। वहीं, रोटी और चपाती पर बटर की जगह वेजिटेबल फैट स्प्रेड का इस्तेमाल किया जा रहा था। टीम ने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए तेल, बटर और पनीर के सैंपल लिए हैं तथा जांच के लिए भेजे हैं।

सब्जियों के स्टोर रूम के नीचे मिला वेस्ट चैंबर-निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को स्टोर रूम में आलू, प्याज सहित अन्य सब्जियां रखी मिलीं। इसी स्टोर रूम के नीचे फूड वेस्ट चैंबर बना हुआ था। चैंबर से दुर्गंध आने पर अधिकारियों ने



नाराजगी जताई। किचन में साफ-सफाई की कमी और खाद्य सामग्री के उचित भंडारण में लापरवाही भी सामने आई।

बटर की जगह इस्तेमाल हो रहा था वेजिटेबल फैट- जांच में सामने आया कि रोटी और चपाती पर बटर के नाम पर वेजिटेबल फैट स्प्रेड (न्यूट्रलाइट) का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसमें वेजिटेबल ऑयल और बटर फ्लेवर होता है। इसके अलावा डीप फ्रीजर में रखी दाल और चावल के संबंध में रेस्टोरेंट संचालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। खाद्य अधिकारियों को इनके पुराने होने की आशंका थी। इसके बाद टीम ने मौके पर ही दाल और चावल नष्ट करवा दिए।

तेल, बटर और पनीर के सैंपल लिए- किचन में साफ-सफाई की कमी के साथ आलू बड़े तलने में इस्तेमाल किए जा रहे तेल की गुणवत्ता पर भी संदेह जताया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तेल, बटर और पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे है। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर स्थिति स्पष्ट होगी।

खाद्य लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई शुरू- खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत शर्मा ने बताया कि टीम ने सोमवार सुबह रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कई अनियमितताएं मिली हैं। खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। रेस्टोरेंट का खाद्य लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई भी शुरू की जा रही है। विभाग की ओर से दीपावली तक होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई दुकानों में निरीक्षण की कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

कल उत्तर क्षेत्र में नहीं होगा जलप्रदाय

उज्जैन। मध्यप्रदेश सडक विकास निगम द्वारा निर्माणाधीन ब्रिज के कार्य में आ रही पाइपलाइन की शिफ्टिंग की जाना है। इसके चलते मंगलवार 3 नवंबर 2026 को नगर निगम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शटडाउन लेकर अपनी पाईप लाईन को शिफ्ट करेगा। इस कारण से बुधवार 4 नवंबर 2026 को नगर निगम के उत्तर क्षेत्र में जलप्रदाय नहीं किया जा सकेगा। नगर निगम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खंड ने नागरिकों से अपील की है कि वे जलप्रदाय बाधित रहने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में पानी संग्रहित कर लें तथा जल का उपयोग सावधानीपूर्वक करें।

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार गोदरेज फायनेंस लिमिटेड शाखा 402 चतुर्थ मंजिल खण्डेलवाल बिजनेस सेंटर 9/1 एम.जी. रोड इन्दौर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड/भवन/शॉप क्रमांक ए-66 थोक विक्रेता क्लॉथ मार्केट (वी.डी.क्लॉथ मार्केट) स्थित बियाबनी मोहल्ला फाजलपुरा भुमि सर्वे क्रमांक 1312 तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 675 वर्गफीट है। जिसके पूर्व में- 40 फीट चौडा रोड़, पश्चिम मे- 20 फीट चौडा रोड़, उत्तर मे- शॉप न. ए-67, दक्षिण मे- शॉप न. ए-65 स्थित है। उक्त सम्पत्ति को श्यामलाल ने वसीयत पत्र क्रमांक ए3/81 दिनांक 02/01/2014 के माध्यम से रेखा गोयल पति अखिलेश गोयल के हित में निष्पादित कि। तथा श्यामलाल का स्वर्गवास दिनांक 30/01/2018 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति पर रेखा गोयल पति ने अपना नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 658/19/7 पीटी दिनांक 17/07/2019 को नाम दर्ज करवाया। तथा रेखा गोयल ने उक्त सम्पत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु गोदरेज फायनेंस लिमिटेड इन्दौर में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से तीन दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर गोदरेज फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण गोदरेज फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचित हो।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स
विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग घट्टिया जिला उज्जैन

क्रं. /रीडर/ 2026/ 1076 घट्टिया दिनांक 30-10-26
प्रकरण क्रमांक 0003/अ-20(2)/2026-27

// सार्वजनिक उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सतनाम आयुर्वेद सोसायटी उज्जैन ग्राम गुढा स्थित शासकीय भूमि सर्वे नंबर 372 रकबा 1.28 व सर्वे नंबर 401 रकबा 7.21 से 3.61 है. भूमि पर आयुर्वेदिक औषधीय संवर्धन, हर्बल प्लांट गार्डन एवं आयुर्वेदिक गुरूकुल निर्माण हेतु भूमि आंवटन के संबंध में निर्धारित प्रारूप 1 में आवेदन प्रस्तुत किया गया। न्यायायल का प्र.क. 0003/अ-20(2)/2026-27 में प्रकरण प्रचलित है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह सार्वजनिक सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग घट्टिया जिला उज्जैन के कार्यालय में अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों को न तो स्वीकार किया जावेगा और न ही उन पर किसी प्रकार का विचार किया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुभाग घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.)

न्यायालय तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन

कमांक / क्यू/री-2/2026/
प्र.क्र. 1079/ब-121/2026-27 /3769
बड़नगर दिनांक 29.10.2026

// सार्वजनिक सूचना इश्तिहार //

आवेदक भूरा पिता उमर खान निवासी मकान नं 19 पीपलखूंट तह. महू जिला इन्दौर ने ग्राम झलारिया में स्थित भूमि सर्वे नं 546/2/2 रकबा 1.25 हेक्टर पर पेकी 0.830 हेक्टर पर प्रति प्रार्थीगण का नाम राजस्व रिर्काड से कम किया जाकर प्रार्थी का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस प्रकरण में निम्नलिखित अनावेदक /सह खातेदारों के विरूद्ध कार्यवाही विचाराधीन है। 01. नजरू खान पिता नासिर खान निवासी - काजीपुरा वार्ड नं बडनगर जिला उज्जैन 02. बशीर खान पिता नासिर खान निवासी - 18 रंगतलाब तह लाडपुरा जिला कोटा 03. रईसा बी पिता नासिर खान 04. नफीसा बी पति नासिर खान 05. जमीला बी पति हैदर खान निवासी काजीपुरा वार्ड नं 1 बडनगर 06. गफूरनबी बेवा छोटे खान 07. शकूरनबी बेवा कादर खान निवासी-काजीपुरा रतलाम तहसील रतलाम उपरोक्त सभी अनावेदको को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 12.11.2026 को प्रात 11 बजे न्यायालय तहसीलदार बड़नगर जिला उज्जैन के समक्ष स्वंय अथवा अपने विधिवत अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे । उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

तहसीलदार
बड़नगर तहसील-बड़नगर

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता-थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड़ क्रमांक ई.डब्ल्यु.एस. -06, म्यु. क्रमांक 180/ई.डब्ल्यु.एस. -06 स्थित संजना पार्क कॉलोनी बड़नगर तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षैत्रफल 29.43 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में - भूखण्ड़ क्रमांक ई.डब्ल्यु.एस. 05, पश्चिम में - भूखण्ड़ क्रमांक ई.डब्ल्यु.एस. 07, उत्तर में- कॉलोनी की बाउण्ड्रीवाल् एवं दक्षिण में- कॉलोनी का रास्ता स्थित हैं। उक्त संपत्ति राजेश पिता भंवरलाल ने इसके पूर्वस्वामी सरला पति राजेश से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 17 आईजीआर 18782025 ए 100497255 दिनांक 19/06/2025 के माध्यम से क्रय कि। एवं राजेश ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का विक्रय पत्र क्रमांक एमपी43152019ए1323261 दिनांक 15/05/2019 का कही गुम हो गया है। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से पांच दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रंमाक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9301860352

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी श्री जीवनसिंह पिता श्री गोरधनसिंह, निवासी-ग्राम शक्करखेडी तहसील झारडा जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नंबर-97 रकबा 1.45 हेक्टर एवं सर्वे नंबर-98/1 रकबा 0.17 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 1.62 हेक्टर ग्राम शक्करखेडी, तहसील झारडा जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-02.11.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड
उज्जैन मो. 94259-46659

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी होतचंद पिता श्री गोविंदराम जी आयु-57 वर्ष व्यवसाय-कृषि निवासी ग्राम गढसिंघा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-71/1 रकबा 0-800 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-71/2 रकबा 0.200 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-89/2/1 रकबा 0.400 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-89/4 रकबा 0.170 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-90/1 रकबा 0.460 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-91/2 रकबा 0.600 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-92/1 रकबा 0.670 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर-92/2 रकबा 0.800 हेक्टयर कुल किता 8 कुल रकबा 4.100 हेक्टयर में से रकबा 3.740 हेक्टयर भूमि स्थित ग्राम कड़ाई तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-162 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-02.11.2026

राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट
कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 99930 79516-94250 94349

मप्र राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने दीपावली पूर्व प्रशासन से की बोनस देने की मांग

गुना। मप्र राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने मप्र के समस्त शासकीय विभाग, कार्यालयों, निगम, मण्डल, प्राधिकरण, शासकी विद्यालयों, शासकीय विश्वविद्यालयों एवं अन्य शासकीय संस्थानों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियो को दीपावली पूर्व बोनस भुगतान करने की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में संघ ने उल्लेख किया है कि पूर्व में इस संबंध में उन्होंने ज्ञापन भी दिया था। आउटसोर्स कर्मचारियों की मांग है कि आगामी दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए समयवब्द वेतन, अनिवार्य बोनस, विधिक कार्यवाही - वेतन / बोनस मे विलंब होने पर भुगतान में विलंब होने पर ठेका ऐंजेसियो पर सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जाए। जिससे इस प्रकार की समस्याएं उत्पन्न न हो और समय पर आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन भत्ते मिल सकें।

जाहिर सूचना का खण्डन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार सुलतान खान पिता शब्बीर खान जाति मुसलमान निवासी वार्ड नं.01 सांवेर जिला इंदौर म. प्र. ने ओमप्रकाश पिता धर्मराज जी चौहान निवासी ग्राम लोहाना तह. बडनगर जिला उज्जैन, वर्तमान पता बदनावर तह. बदनावर जिला धार से भूमि सर्वे नं. 113 रकबा 2.82 हे0 सर्वे नं. 115/1 रकबा 2.40 हे, सर्वे नं. 74 रकबा 1.05 हेस, सर्वे नं. 75 रकबा 0.60 हे0, सर्वे नं. 77 रकबा 0.27 हे0, सर्वे नं. 80 रकबा 0.12 हे, सर्वे नं. 92 रकबा 0.13 हे0, सर्वे नं. 116 रकबा 2.49 हे, सर्वे नं. 119 रकबा 0.05 हे., सर्वे नं. 124 रकबा 0.05 हे, सर्वे नं. 125 रकबा 0.05 हे., सर्वे नं. 115/2 रकबा 2.40 हे, कुल किता 12 कुल रकबा 12.43 हे भूमि स्थित ग्राम बिसलखेडी तह. बडनगर जिला उज्जैन को कय करने का सौदा दिनांक 12.10.2026 को तय किया था। उक्त सौदा मेरे पक्षकार ने निरस्त नहीं किया है तथा विक्रेता ने जानबुझकर अत्याधिक प्रलोभन के कारण मेरे द्वारा दी गई पुर्व मे जाहिर सुचना व विक्रय अनुबंध पत्र कि असत्य जाहिर सुचना प्रकाशन दिनांक 31.10.2026 को करवाया गया है जो कि पुर्ण रूप से गलत है। मेरा पक्षकार आज भी उक्त भूमि को कय करने वाला प्रथम व्यक्ति होकर उक्त भूमि का क्रेता है तथा उक्त भूमि मेरे पक्षकार के पक्ष में बिक्रीत अनुबंधित भूमि है विक्रेता को उक्त भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं है तथा मेरे द्वारा पूर्व मे किए गए विकय अनुबंध पत्र विक्रेता पर पुर्ण रूप से बंधनकारी होकर पालनिय है। विक्रेता के द्वारा दिनांक 31.10.2026 कि जाहिर सुचना के खण्डन में यह जाहिर सुचना प्रकाशीत की जा रही है, अगर इस खण्डन जाहिर सुचना के संबंध में किसी प्रकार कि किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में आकर संपर्क करे। सुचित हो । दिनांक 02.11.2026

अंसार पटेल एडव्होकेट.
न्यायालय परिसर बडनगर तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मोबा.9770281664

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने श्री चन्द्रकान्ता शुक्ला पिता श्री लक्ष्मी नारायण शुक्ला निवासी ए10/11, बसंत विहार कॉलोनी उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एवं स्वत्व एवं आधिपत्य का भू-खण्ड क्रमांक 3 स्थित 3 नजर अली मार्ग पंथ क्रमांक 3 क्षीरसागर कॉलोनी उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 2277 वर्गफीट है। उक्त भूखंड को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है। अत: इस सुचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुआ हो या किसी भी बैंक, प्राइवेट संस्था विभाग तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टैक्स अन्य किसी का कोई हक्क, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझ, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपति हो तो व इस सुचना प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिन में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं कोई आपति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सो सूचित हो।

दिनांक 02/11/2026

अजय कुमावत एडवोकेट
कार्यालय पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन
मो. 9993364312

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने 1) अनिता खुराना पत्नि स्वर्गीय श्री रविन्द्र खुराना निवासी 20, महाकालेश्वर सिंधी कॉलोनी, उज्जैन 2) शिखा खुराना पुत्री स्वर्गीय श्री रविन्द्रनाथ खुराना निवासी ए-15 राज रेसीडेंसी नियर बड़ोदा एक्सप्रेस हाईवे न्यू, मणीनगर अहमदाबाद 3) प्रमोद खुराना पिता स्वर्गीय श्री रविन्द्रनाथ खुराना निवासी 20, महाकालेश्वर सिंधी कॉलोनी, उज्जैन 4) आनंद कुमार खुराना पिता श्री रामचंद्र खुराना निवासी 20/2, महाकाल सिंधी कॉलोनी, सांवेर रोड, उज्जैन 5) श्रीमती नेहा चोपडा पत्नि श्री शिवा चोपडा निवासी 13, राजीव नगर, नियर शिव मंदिर, पोस्ट शंकर नगर, रायपुर के मालिकी का एक मकान जिसका पुराना नगर पालिक निगम क्रमांक 1/561/2, रहा है, जिसका नवीन नगर पालिक निगम क्रमांक 98. फदालीपुरा, लक्ष्मीबाई मार्ग, नईसडक, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 29.45 वर्गमीटर हैं। इस मकान को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का अनुबंध किया हैं। जिसमें मेरे पक्षकार से बयाना राशी भी प्राप्त कर ली गई हैं। मेरे पक्षकार द्वारा शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री कराई जावेगी। उक्त मकान के विक्रय के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हों या किसी का कोई ऋण, भार हो या किसी का उक्त मकान में स्वत्व हित निहित हो, व इस मकान को किसी के हित में किसी भी प्रकार से अनुबन्धित किया गया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिन की अवधि के अन्दर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा इस अवधि के बाद मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त मकान की विक्रय पत्र की रजिस्ट्री शेष विक्रय मूल्य चुकाकर करा ली जावेगी व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

इति दिनांक 02/11/2026 ई., स्थान उज्जैन

मानमल दुग्गड़ अभिभाषक
1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन
फोन 94250-91829

न्यूज-कॉलम

16 हजार का इनामी फरार आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। राज्य स्तरीय एन्टी नारकोटिक्स विशेष अभियान के तहत मंदसौर जिले की पिपलियामंडी थाना पुलिस ने पिछले दो वर्षों से एनडीपीएस एक्ट के मामलों में फरार चल रहे 16 हजार रुपये. के इनामी बदमाश जवान सिंह उर्फ निर्मल बावरी को दबोच लिया है। पिपलियामंडी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम अम्बाव निवासी 40 वर्षीय आरोपी जवान सिंह को गिरफ्तार किया, जिस पर पिपलियामंडी और उज्जैन जिले के नागदा थाने में एनडीपीएस एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज थे। आरोपी के खिलाफ पहले से 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है और उससे अवैध मादक पदार्थों के स्त्रोतों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

आवारा कुत्तों का कहर, तीन साल की मासूम पर हमला

रतलाम। शहर के धाकड़ीपुरा क्षेत्र में रविवार दोपहर आवारा कुत्तों के झुंड ने तीन साल की बच्ची जोया खान पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्ची को बुरी तरह नोच लिया, जिससे उसके सिर, पेट और पैर पर गंभीर घाव हो गए। घायल बच्ची को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। बच्ची के पिता ने पड़ोसी के खिलाफ पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने और विवाद करने का आरोपधाकड़ीपुरा निवासी फिरोज खान ने बताया कि उनके पड़ोसी मंजर खान द्वारा क्षेत्र में कुत्तों को खाने-पीने की सामग्री डाली जाती है। इसके चलते वहां चार से छह कुत्ते हमेशा जमा रहते हैं। फिरोज का आरोप है कि ये कुत्ते कई बार लोगों को काटने का प्रयास कर चुके हैं। उन्हें रोकने पर पड़ोसी द्वारा गाली-गलौज की जाती है।

कलेक्टर कार्यालय में हुआ राष्ट्रीय गीत

रतलाम । माह के प्रथम कार्य दिवस पर सोमवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजय कटेसरिया, अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कलेक्टर कार्यालय के शासकीय सेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्म चारियों ने पूरे सम्मान और राष्ट्र भक्ति की भावना के साथ सहभागिता की।

रहवासी इलाके की दुकान से 3 लाख के अवैध पटाखे जब्त

रतलाम। दीपावली के त्योहार से पहले अवैध रूप से पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। रावटी पुलिस ने सिंचाई कॉलोनी स्थित एक दुकान पर दबिश देकर करीब ३ लाख रुपए कीमत की आतिशबाजी सामग्री जब्त की है। दुकान में बिना वैध लाइसेंस के ४६ कार्टून पटाखे रखे हुए थे। इनमें अनार, फुलझड़ियां, टिकड़ियां, सुतली बम, लहसुन टिकड़ी, रॉकेट सहित विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी सामग्री शामिल है। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर को थाना रावटी की टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान नायन रोड पर मुखबिर से सूचना मिली कि सिंचाई कॉलोनी स्थित विनोद गांधी की दुकान में बिना लाइसेंस बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण किया गया है।

खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई करें डीएसओ : कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



साप्ताहिक अंतरविभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री अजय कटेसरिया ने खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए कम राशन वितरण पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन उचित मूल्य दुकानों पर खाद्यान्न का कम वितरण हो रहा है, उनके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करें। साथ ही दुकानवार जानकारी तैयार कर यह चिन्हित करें कि किन दुकानों पर सबसे कम राशन वितरित हुआ है।

कलेक्टर ने कहा कि सैलाना, रतलाम एवं बाजना क्षेत्र में खाद्यान्न वितरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इन क्षेत्रों में वितरण की प्रगति बेहतर होना चाहिए। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कम राशन वितरण पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को वितरण व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए।

समीक्षा में जनपद पंचायत बाजना के ग्राम आमलीपाड़ा, तम्बोलिया, कुंडियापाड़ा, जाबड़ एवं रूपापाड़ा में सबसे कम खाद्यान्न वितरण पाया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत रतलाम के ग्राम नौगांवाजागीर, ईटावाखुर्द, तितरी, बिबड़ोद एवं रामपुरिया तथा जनपद पंचायत सैलाना के ग्राम कांगसी, कोटड़ा, पुनियाखेड़ी, वाली एवं भामट में भी सबसे कम खाद्यान्न वितरण किया गया। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि जमीन आवंटन से संबंधित प्रकरणों में संबंधित अधिकारी तहसीलदार के साथ मौके पर जाकर भूमि का निरीक्षण करें तथा आवंटन की कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके लिए जिला अधिकारी तहसीलदार से सीधे समन्वय स्थापित करें।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को बाजना में मेटरनिटी वार्ड निर्माण का कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

17 नवम्बर को गांधी सागर में प्रस्तावित मंत्री परिषद बैठक की तैयारी

समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में तेजी लाएं। आगामी 17 नवंबर को जिले के गांधी सागर में प्रस्तावित प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी स्थल पर पहुंचकर अपने दायित्वों की समीक्षा करें और सतत संपर्क में रहें।

बैठक में यह जानकारी सामने आई कि राजस्व, नगरीय विकास, ऊर्जा, और स्वास्थ्य विभागों में सबसे अधिक संख्या में शिकायतें लंबित हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के कार्यों के लिए कम से कम एक घंटा दें और निराकरण के लिए अंतिम तिथि का इंतजार बिल्कुल न करें। समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि गरोठ, मल्हारगढ़ और सीतामऊ तहसीलदारों के यहां अधिक संख्या में शिकायतें लंबित हैं, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों से दूरभाष पर चर्चा कर देरी का कारण पूछा और निराकरण हेतु स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की।

शासकीय विभागों के जर्जर भवनों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिन विभागों के भवन जर्जर हैं, उन्हें ध्वस्त करवाने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की ही होगी। कलेक्टर ने गरोठ एसडीएम द्वारा की गई कार्रवाई की सराहना की तथा सीतामऊ एसडीएम को उनके क्षेत्र के फोर लेन पर बनाए गए अवैध कट तुरंत बंद करवाने के निर्देश दिए।

शिवना नदी प्रोजेक्ट में देरी और समय-सीमा में कार्य न करने पर पीआईयू के अधिकारी के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने उन्हें आरोप-पत्र जारी करने के निर्देश दिए और साथ ही कार्य पूरा करने के लिए दो माह का समय दिया। विभिन्न जिला अधिकारियों को मैदानी कार्यालयों एवं संस्थाओं का औचक निरीक्षण करने की हिदायत दी गई।



सौ ग्राम एमडी ड्रग्स व 10 किलो 610 ग्राम डोडाचुरा सहित 2 तस्कर गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

पुलिस ने 11 लाख 5 हजार रुपएं मुल्य के अवैध मादक पदार्थ 100.8 ग्राम एमडी ड्रग्स व 10 किलो 610 ग्राम डोडाचुरा सहित 2 तस्कर गिरफ्तार, मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त ब्रेजा कार जप्त, पुलिस थाना नीमच सिटी को मिली सफलता मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश द्वारा नशें एवं मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्व चलाये जा रहे १५ दिवसीय राज्य स्तरीय एन्टी नारकोटिक्स विशेष अभियान के अंतर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति हेमलता अग्रवाल व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नीमच सिटी श्री विजय सागरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम नीमच सिटी द्वारा नीमच के दो तस्करो से 100.08 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स एवं 10 किलो 610 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा सहित आरोपी श्रवण बंजारा व मुबिन मंसुरी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है । घटना 1 नवम्बर 2026 को प्राप्त मुखबीर सुचना पर घटना स्थल मनासा नाका पर नाकाबंदी कर कार्यवाही करते हुए श्रवण पिता दुगार्लाल सुरावत जाति बंजारा एवं मुबिन पिता रशीद मंसुरी के कब्जे वाले वाहन ब्रेजा कार से कुल 100.8 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स एवं 10 किलो 610 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया

सड़क पर घायल पड़े युवक को देख एसपी ने स्वयं की गाड़ी रुकवा कर पहुंचाया अस्पताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

प्रदेश ही नहीं जिले में भी बढ़ते वाहनों की संख्या और यातायात नियमों के पालन न करने से दुर्घटनाएं आम हो गई है द्य ऐसे ही एक सड़क दुर्घटना में घायल युवक को देखकर पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश की। जीरन क्षेत्र की ओर जाते समय एसपी की नजर सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े बाइक सवार सुनील कुमावत पर पड़ी। उन्होंने तत्काल अपना काफिला रुकवाया और घायल युवक को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार की व्यवस्था करवाई। घटना रविवार रात नीमच सिटी थाना क्षेत्र में भाटखेड़ा चौराहे से जमुनिया कला के पास की है। रठाजना गांव निवासी सुनील कुमावत बाइक से जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वे घायल होकर सड़क किनारे पड़े रह गए। इसी दौरान जीरन की ओर जा रहे एसपी राजेश व्यास ने घायल युवक को देखा। बिना देर किए उन्होंने अपना वाहन रुकवाया और घायल को अस्पताल पहुंचाया। एसपी की इस तत्परता से घायल को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल गई ।

सूचना मिलने पर कैंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जिला अस्पताल में सुनील कुमावत का उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटना के बाद फरार अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के इनलाइन स्पर्धाओं के रोमांचक फायनल मुकाबले संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के तत्वावधान में जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट एवं प्रतियोगिता के संयोजक तथा प्राचार्य डॉ. विजय सिंह पुरावत के मार्गदर्शन में रेवास देवड़ा रोड स्थित लोटस वैली स्कूल मंदसौर में 70वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में बालक वर्ग के अंडर ग्यारह आयु वर्ग में जबलपुर संभाग के समरवीर ने प्रथम, इंदौर संभाग के मुजतबा अहमद ने द्वितीय और भोपाल संभाग के त्रिनभ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर चौदह बालक वर्ग में नर्मदापुरम संभाग के प्रेरक रघुवंशी प्रथम, उज्जैन संभाग के तन्मय द्वितीय और भोपाल संभाग के रेयांश कोठा तृतीय स्थान पर रहे। अंडर सत्रह बालक वर्ग में जबलपुर संभाग के निरेक टंडन ने प्रथम, उज्जैन संभाग के आहिल ने द्वितीय और भोपाल संभाग के पार्थ जोशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर उन्नीस बालक वर्ग में उज्जैन संभाग के दक्ष प्रथम, भोपाल संभाग के खुराना कुशवाह द्वितीय और रीवा संभाग के आरव तिवारी तृतीय स्थान पर विजयी रहे। बालिका वर्ग के अंडर ग्यारह आयु वर्ग में ग्वालियर संभाग की आहाना प्रथम, उज्जैन संभाग की काव्यांशी द्वितीय और इंदौर संभाग की नैना सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर चौदह बालिका वर्ग में रीवा संभाग की पहल प्रथम, जबलपुर संभाग की आरुषी यादे द्वितीय और भोपाल संभाग की हिरांगी तृतीय स्थान पर विजयी घोषित हुईं। अंडर सत्रह बालिका वर्ग में इंदौर संभाग की वेधा माहेश्वरी ने प्रथम, रीवा संभाग की अवंतिका सिंह ने द्वितीय और भोपाल संभाग की जाह्नवी कोठा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अंडर उन्नीस बालिका वर्ग में भोपाल संभाग की अनिष्का चावड़ा प्रथम, भोपाल संभाग की शताक्षी पांडे द्वितीय और उज्जैन संभाग की दानिया तृतीय स्थान पर रहीं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक

पिपलियामंडी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इन्दौर में डेली कॉलेज के संत श्री रविदास सभागार में आरंभ हुई। बैठक का शुभारंभ पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी और माननीय सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबाले जी ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया। बैठक में सरसंघचालक, सरकार्यवाह, सभी सह सर कार्यवाह, अखिल भारतीय पदाधिकारी, क्षेत्र संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारक, प्रांत संघ चालक, कार्यवाह, प्रचारक तथा संघ प्रेरित कुछ विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री उपस्थित हैं। बैठक के प्रारम्भ में सरकार्यवाह ने गत कुछ माह में दिवंगत हुए समाज की प्रमुख हस्तियों, कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिनमें प्रमुख हैं - फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर, श्रीमति आशा भोंसले, पूज्य संत पद्मश्री रमेश बाबा, विवेकानन्द केन्द्र के पूर्व अध्यक्ष श्री बालकृष्णन श्री बलवीर पुंज, उपस्थित थे।

पत्नी की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास।

नीमच। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, मनासा, जिला-नीमच द्वारा अपने निर्णय में कुल्हाड़ी से पत्नी के सिर पर मारकर उसकी हत्या करने वाले आरोपी पति गुड्डा पिता नारायण बांछड़ा, उम्र-48 वर्ष, निवासी-बांछड़ा डेरा, ग्राम पावटी, तहसील मनासा, जिला नीमच को धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं दो हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 4 वर्ष पुरानी होकर दिनांक 20.07.2022 की सुबह के लगभग 5-6 बजे ग्राम पावटी स्थित आरोपी के घर की हैं।

प्रायवेट बस स्टैंड पर नवीन पुलिया अटल सेतु का लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



अटल जी के सड़क व नदियों को जोड़ने के सपनों को प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री मोहन यादव साकार कर रहे हैं, जिसका उदाहरण यह अटल सेतु का निर्माण है, भाजपा जोड़ने का काम करती है और इसीलिए आज देश में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है और देश व प्रदेश के साथ ही नीमच भी विकास के पद पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

यह बात सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस रविवार 1 नवंबर को नीमच के वार्ड क्रमांक 14 स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर नवीन पुलिया अटल सेतु का लोकार्पण करते हुए कही। इस अवसर पर अतिथि के रूप में सांसद श्री गुप्ता के साथ ही विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार , नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा , भाजपा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार , भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल , भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री दारासिंह यादव श्री मोहन सिंह राणवत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल , नपा सभापति श्री मनोहर मोटवानी , श्रीमती छाया जायसवाल , वरिष्ठ भाजपा नेता श्री संतोष चोपड़ा, आदि थे।

संकल्प से होता है विकास- श्री परिहार- इस अवसर पर विधायक श्री दिलीप सीह परिहार ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकास वही करते हैं जिनके पास संकल्प होता है, हमने जनता से जो वादे किए थे उन्हें पूरे संकल्प के साथ पूरा कर संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबादत लिख रहे हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा ने कहा कि नगर पालिका बगैर भेदभाव के शहर में विकास कार्य कर रही है, शहर का कोई भी हिस्सा ऐसा नहीं है जहां विकास कार्य नहीं हुए हो, चोड़ी सड़के, डामरीकरण, नाली निर्माण, सीसी रोड बगीचों का कायाकल्प, पुलिया निर्माण सहित अरबो के विकास कार्य शहर विकास की कहानी कह रहे हैं और इन विकास कार्यों से शहर बदला बदला नजर आने लगा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-3

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- शुभ लक्ष्मी पति जयंत खेर क्रेता- जयंत पिता स्व. नरहरी खेर वार्ड क्रं. 56 पता- 16/1/2 स्नेहलता गंज इन्दौर पिन- 1000879941 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-17

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- उल्का पति स्व.श्री तुषार क्रेता- अंकित राणा पिता प्रतापसिंह राणा पता- 1-5 तुषार एवेन्यू भानगढ़ इन्दौर पिन- 1003017651 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-17

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- सुमित पिता राजेन्द्र ठक्कर, पियूष क्रेता- श्रीमती राखी डाबर पति अनिल डाबर पता- 97 तुषार एवेन्यू इन्दौर पिन- 1004559921 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

न्यूज कालम



सार्थक वेलफेयर सोसायटी ने छात्रावास परिसर में किया पौधरोपण

मन्दसौर। सार्थक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रेवास देवड़ा रोड स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावास परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रेरणादायक कार्यक्रम सार्थक एनजीओ की सोशल मीडिया प्रभारी बबीता भट्ट की सुपुत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रकृति को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आदिम जाति कल्याण विभाग की जिलाधिकारी अंगूरबाला और छात्रावास अधीक्षक गोपाल राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने संपूर्ण व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। छात्रावास के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ इस पहल में सहभागिता की। छात्रों और सार्थक संस्था के सदस्यों ने मिलकर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 31 छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का दृढ़ संकल्प लिया।सार्थक संस्था की फाउंडर डॉ. उर्मिलासिंह तोमर ने उपस्थित छात्रों को लगाए गए १५ विभिन्न प्रजातियों के पौधों की पहचान भी करवाई। इस अवसर पर सार्थक संस्था के समस्त पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य, छात्रावास प्रबंधन का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

चौरड़िया परिवार ने बच्चों के साथ मनाई दीपावली की खुशियां



मन्दसौर। मिशन मुस्कान के अंतर्गत लायन्स क्लब मंदसौर और सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में राजा यशोधर्मन बालक छात्रावास बंजारी बालाजी मंदिर परिसर में चौरड़िया परिवार द्वारा कु. सुविका चौरड़िया के प्रथम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में छात्रावास के 23 बच्चों को मिठाई, फटाखे और पोशाकें भेंट कर दीपावली की खुशियां बांटी गईं।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान लायन्स क्लब के उपप्रांतपाल द्वितीय लायन जितेन्द्र मित्तल, क्लब अध्यक्ष डॉ. के.सी. श्रीमाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अजय गौड़, घुमंतू कार्य प्रांत सहसंयोजक श्री चैनराम जैन तथा चौरड़िया परिवार के अनिल चौरड़िया एवं पिंकेश चौरड़िया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सेवा भारती के सचिव गिरिजाशंकर मोदी ने किया। आभार सचिव मयूर सुराणा द्वारा व्यक्त किया गया।

रणजीत सिंह ने दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक को किया संबोधित



पिपलिया मंडी। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि तथा किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदितराज जी के द्वारा आयोजित की गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मे मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र को गौरवान्वित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय कार्यालय चौबीस अकबर रोड नई दिल्ली में आयोजित इस बैठक को संबोधित किया कुंवर शक्तावत ने 1 नवंबर, 2026 को राहुल गांधी जी के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट बचाओ। देश बचाओ कार्यक्रम में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी पूरी ताकत एवं उपस्थिति के साथ आयोजन को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा की,उसके लिए उन सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को कुं शक्तावत ने मंच से धन्यवाद ज्ञापित किया। कुंवर शक्तावत ने असंगठित कामगारों की समस्या के समाधान के लिए उपस्थित समस्त प्रदेश अध्यक्षों एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों से नवीन योजनाए बनाने के साथ ही साथ संगठन का विस्तार करते हुए राहुल गांधी जी के कंधों को मजबूत करने हेतु अपील की इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश प्रभारी रमेश कुमार यादव एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाभा सहित सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेश अध्यक्षों के साथ-साथ सभी प्रदेशों से आए हुए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

म.प्र.शासन ने जनता यूनियन को किया आमंत्रित

राजगढ़-ब्यावरा। विद्युत आउट सोर्स कर्मचारी संघ ने अपनी 34 सूत्रीय मांगो को लेकर 07 नवंबर से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है जिसका नैतिक समर्थन विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा किया गया विषय की गंभीरता को देखते हुए विद्युत कंपनी प्रशासन एवं मध्यप्रदेश शासन ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण हेतु आउट सोर्स कर्मचारी संघ के साथ जनता यूनियन को भी वल्लभ भवन मे 02 नवंबर को आमंत्रित किया है, जिसमें जनता यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश शर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष ओपी सक्सेना जिलाध्यक्ष रामप्रसाद यादव आउट सोर्स कर्मचारी संघ के संयोजक मनोज भार्गव उपस्थित रहेंगे। कैलाश शर्मा एवं ओ.पी.सक्सेना ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि शासन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कर्मचारियों के हित मे निश्चय ही निर्णय लेगा उन्होंने मीटिंग के बाद अगले रूपरेखा की जानकारी देने की बात कही।

इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं सरदार पटेल की जयंती मनाई

महिदपुर। ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी महिदपुर द्वारा क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस के मार्गदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती स्थानीय आंबेडकर चौक पर मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत में कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी को उनकी दृढ़ नेतृत्व क्षमता के कारण आयरन लेडी कहा जाता था। उन्होंने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश के निर्माण, बैंकों के राष्ट्रीयकरण एवं हरित क्रांति जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए। वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उनके सम्मान में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नवनियुक्त किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शंभूसिंह तंवर का महिदपुर में स्वागत



महिदपुर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा द्वारा शंभूसिंह तंवर को उज्जैन जिला ग्रामीण किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार महिदपुर आगमन पर अंबेडकर चौक से स्वागत जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर नागरिकों एवं कार्यकताओं ने पुष्पमाला, दुपट्टा, श्रीफल एवं शाल भेंट कर तंवर का स्वागत किया। जुलूस का समापन स्थानीय गोपाल गौशाला धर्मशाला में सभा के रूप में हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाई माली, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमा पांडे, जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह एवं श्याम सिंह तथा गोगापुर सरपंच ऋतु पाटीदार, लोकतंत्र सेनानी नरेंद्र चौधरी, चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ विपुल धारीवाल, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सुनेडा में अज्ञात कारण से युवती ने घर में फांसी लगाई

इंगोरिया। बड़नगर रोड पर थाना क्षेत्र के गांव सुनेडा में शनिवार शाम 4 बजे एक 19 वर्षीय युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि अस्मिता पिता मुकेश राठौर निवासी ग्राम सुनेडा ने 31 अक्टूबर की सांय 4 बजे मकान की छत के कड़े से फंदे पर लटकी मिली थी। सूचना कर्ता दीपक राठौर ने पुलिस को बताया कि अस्मिता का कमरा अंदर से बंद था। रोशनदान से झांक कर देखा तो वह छत पर लटकी हुई थी और उसकी मौत हो गई थी। मृतका बड़नगर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि के भाई की लड़की है। जांच कर्ता पुलिस अधिकारी आर एस तोमर ने बताया कि मृतका का पंचनामा बना कर शव को पोस्टमार्टम कराया है।

दो-तीन साल से उज्जैन में रहकर कर रहे थे मजदूरी, रविवार शाम सुसनेर पहुंचा शव, गमगीन माहौल में किया सुपुर्द-ए-खाक

रोजी-रोटी के लिए उज्जैन गए सुसनेर के युवक वाहिद की होटल के टैंक में दम घुटने से मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

परिवार की आजीविका चलाने और रोजी-रोटी कमाने के लिए अपने गृह नगर सुसनेर से उज्जैन गए एक युवक की होटल में हुए दर्दनाक हादसे में जान चली गई। उज्जैन में शनिवार रात्रि को होटल के टैंक की सफाई के दौरान हुए हादसे में सुसनेर के हरिनगर निवासी वाहिद पिता सगीर खान सहित चार लोगों की मौत हो गई। हादसे की खबर सुसनेर पहुंचते ही परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। रविवार शाम को वाहिद का शव उज्जैन से सुसनेर लाया गया, जहां गमगीन माहौल में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

जानकारी के अनुसार नरबदिया क्षेत्र निवासी वाहिद पिछले दो से तीन वर्षों से रोजगार के सिलसिले में उज्जैन में रह रहे थे। वे परिवार की आर्थिक मदद और आजीविका चलाने के लिए सुसनेर से उज्जैन गए थे। वहां



एक निजी अस्पताल में सफाई का कार्य करते थे। इसके अलावा अन्य समय में अपनी टीम के साथ निजी काम भी करते थे। इसी दौरान शनिवार रात्रि को वे उज्जैन के एक होटल में टैंक की सफाई के काम के लिए पहुंचे थे। टैंक की सफाई के दौरान अचानक हुए हादसे में दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें वाहिद भी शामिल थे। हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं और परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

रविवार शाम गृह नगर पहुंचा शव

हादसे में वाहिद की मौत की सूचना मिलने के बाद से ही सुसनेर में उनके परिजनों और परिचितों के बीच शोक का माहौल बना हुआ था। रविवार शाम को उनका शव गृह नगर पहुंचा। अंतिम विदाई देने के लिए परिवार, रिश्तेदार और समाज के लोग एकत्रित हुए। इसके बाद गमगीन माहौल में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। परिवार के सदस्य की अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

खुशियों का ओटला ने 65 महिलाओं को साड़ियां, 70 बच्चों को नए कपड़े बाँटे

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।



ब्यावरा शहर में दीपावली का पर्व हर किसी के जीवन में खुशियां लेकर आए, इसी उद्देश्य के साथ ब्यावरा सिटी पुलिस थाने के पीछे जनसहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों का ओटला द्वारा सेवा और सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को संस्था परिसर में आयोजित सेवा गतिविधि के दौरान 65 जरूरतमंद महिलाओं को नई साड़ियों का वितरण की गई वहीं 70 बच्चों को नए कपड़े भेंट किए गए। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ सुरजीत सिंह अजमानी ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दीपावली के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों के साथ खुशियां बांटने के लिए विशेष अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष भी खुशियों का ओटला द्वारा 501 नई साड़ियों का वितरण करने का संकल्प लिया गया। इसमें से अब तक 100 साड़ियों का वितरण किया जा चुका है। शेष लगभग 400 साड़ियों का वितरण दीपावली तक निरंतर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था इस बार भी जरूरतमंद परिवारों के लिए विशेष हैप्पी किट तैयार कर रही है। इस किट में महिलाओं के लिए नई साड़ी, बच्चों के लिए नए कपड़े, पटाखे और मिठाइयां शामिल रहेंगी, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार भी दीपावली का पर्व पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मना सकें। खुशियों का ओटला केवल संस्था परिसर में आने वाले जरूरतमंदों तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि शहर की आसपास की गरीब बस्तियों, झुग्गी बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों तक भी पहुंचकर उन्हें हैप्पी किट एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराता है। संस्था का प्रयास रहता है कि दीपावली की खुशियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें और कोई भी परिवार अभाव के कारण त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे। डॉ अजमानी ने बताया कि खुशियों का ओटला वर्षभर जरूरतमंदों की सेवा में सक्रिय रहता है।

व्यापारी ने गलती से किसान को 4 लाख रुपए अधिक दिए, दिया थाने में आवेदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

व्यापारी के द्वारा किसान को 4 लाख रुपए अधिक देने का मामला सामने आया है। रविवार को व्यापारी द्वारा तराना थाने पर आवेदन देकर मामले में कार्यवाही की मांग की गई है।

आवेदक जगदीश जायसवाल अनाज व्यापारी मेसर्स ज्योति ट्रेडींग कम्पनी के द्वारा ग्राम नानुखेड़ा के किसान को 1,17677 /- रू का पेमेंट के स्थान पर गलती से 5,17677/- रू का भुगतान हो गया। फर्म द्वारा अनाज मण्डी तराना निलामी पर नानुखेड़ा के किसान से 29 अक्टूबर को 17 क्विंटल 45 किलो सोयाबीन क्रय की थी जिसका भाव 6750 /- रू प्रति क्विंटलके मान से खरीदा था। जिसकी राशि टोटल 1,17787/- रूपये बनी थी जिसमे से 110 रू हिम्माली के कम होकर 1,17677/- रू का भुगतान करना था। जिसके बदले में किसान को 5,17677/- रू का भुगतान गलती से हो गया है। जो किसान को 100 रू के नोट का 1 बंडल देना था उसकी जगह पर 500 रू के नोट का 1 बंडल दे दिया गया है। उक्त पेंमंट मेरे द्वारा बैंक तराना से लाया गया था।जिसमे बैंक कर्मचारी द्वारा मुझे 100 रू का 10 बंडल एवं शेष 500 के 1 बंडल थे। टोटल राशी 15 लाख रू बैंक से लेकर दुकान पर आये थे। जिसमे से 100 रू का 1 बंडल एवं 17677 रू के स्थान पर 100 के 1 बंडल के स्थान पर 500 रू का 1 बंडल टोटल 5,17677 रू का भुगतान हो गया है। जो कि सी सी टी वी केमरे मे रिकार्डींग भी मोजूद है। लेकिन अब किसान का यह कहना है कि जो आपने मुझे पेमेंट दिया था वह मैंने जो भैंस खरीदी थी उसको दे दिया है। अब मुझे जब वो वापस देगा तब मैं आपको दे दूंगा।

भाटपचलाना पुलिस ने

1 किलो 517 ग्राम गांजा के साथ आरोपी को घेराबंदी के साथ किया गिरफ्तार



अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां

भाटपचलाना पुलिस ने खरसोदकला से बड़नगर सड़क मार्ग से गांजा तस्कर को घेराबंदी कर पकड़ा । आरोपी के पास से 1 किलो 517 ग्राम अवैध मादक पदार्थ के रूप में गांजा मिला।

थाना प्रभारी सत्येंद्रसिंह चौधरी ने बताया की मुखबिर के जरिए सूचना मिलेगी एक व्यक्ति गांजा सप्लाई करने के लिए निकला है। सूचना मे बताए होलिए के गांजा खरसोद सुंदराबाद के बीच बढ़िया घंटे पर पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर के पकड़ा। जिसने अपना नाम पता रामचन्द्र पिता मांगू सिंह निवासी ग्राम चिरोलाकला होना बताया।आरोपी के पास से 1 किलो 517 गांजा मिला।

इनकी रही भूमिका

आरोपी रामचंद्र चौहान के विरुद्ध थाने पर अपराध धारा 8/20एनडीफसी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर विशेष न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षक में दाखिल किया है। आरोपी को पकड़ने में उच्च निरीक्षक शैतान सिंह डिंडोर , गिरधारी कनेल,शैलेंद्र सिंह ,आर विजय जाट,मुकेश नागर आदि की अहम भूमिका रही।

मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए एकजुटता का आह्वान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) का 106वां स्थापना दिवस समारोह ग्रेसिम मजदूर यूनियन एटक के उपकार्यालय डी-12 पर उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर एटक के गौरवशाली इतिहास, मजदूरों के अधिकारों और श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के अंत में एटक के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रख्यात ट्रेड यूनियन नेता गुरुदास दासगुप्त की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉमरेड दिलीप पांचाल ने की। मध्य प्रदेश एटक कार्यसमिति के सदस्य कॉमरेड जयंत बोराल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कॉमरेड हृदय चंद्र ने किया। इस अवसर पर कॉमरेड जयंत बोराल, कॉमरेड सोमदेव पाल, कॉमरेड रामगोपाल और कॉमरेड हृदय चंद्र ने अपने विचार व्यक्त किए।

मजदूरों से एकजुट रहने का आह्वान

अध्यक्षीय उद्बोधन में कॉमरेड दिलीप पांचाल ने मजदूरों से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहकर संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों पर सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

म.प्र. शासन के द्वारा कचनारिया को वृंदावन ग्राम घोषित किया



तराना। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा ग्राम कचनारिया को वृंदावन ग्राम घोषित किया गया। इसके अनुसार वृंदावन ग्राम गोपाल कृष्ण जिसमें मुख्य अतिथि राय सिंह परमार सरपंच (भाजपा मंडल महामंत्री) गौशाला कोषाध्यक्ष गोविंद प्रसाद पाटीदार पशुपालन विभाग डॉक्टर परिहार साहब दिलीप जी लकड़ ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 100000/रुपये द्वितीय पुरस्कार 50000/रुपए और तृतीय पुरस्कार 25000/रुपए शासन द्वारा घोषणा की गई।

पुरस्कार प्राप्त किए

ग्राम कचनारिया के पशुपालक द्वारा इस प्रतियोगिता में भाग लिया गया और पुरस्कार जीता गया। इसमें प्रथम पुरस्कार –संदीप सरिया पिता होकम सिंह सरिया द्वितीय पुरस्कार –किशोर बैरागी पिता बद्रीदास बैरागी। और तृतीय पुरस्कार –वासुदेव कछवाना पिता कैलाश कछवाना ने प्राप्त किए।

महिला ने पड़ोसी के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाया

इंगोरिया। महिला के साथ पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति 8 माह से धमका कर दुष्कर्म कर रहा था। उज्जैन रोड स्थित ग्राम चिकली निवासी महिला ने पड़ोस में रहने वाले समाज के ही एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। प्रकरण में जांच कर्ता सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि आरोपी रईस खां पिता न्याज खां निवासी चिकली के खिलाफ पीड़िता अपने पति के साथ पुलिस थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला ने पुलिस को बताया कि रईस खां पिछले 8 माह से उसके साथ धमकी देकर खोटा काम करता आ रहा है। वह घर में बुलाकर दुष्कर्म करता था। आरोपी की बार बार की हरकतों से परेशान होकर महिला ने पति के साथ थाने आकर उसके खिलाफ बलात्कार का प्रकरण दर्ज कराया । पुलिस ने बताया कि आरोपी रईस खां की पत्नी भी कई वर्षों से उसे छोड़कर चली गई है। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

म.प्र. के स्थापना दिवस पर छात्रावास में कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

मध्य प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस के अवसर पर शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर बालिका छात्रावास में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दोहरे उत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों के द्वारा भारतमाता,मॉ सरस्वती जी एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर दीपप्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर शुरूआत की गई।


कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने उपस्थितों को संबोधित करते हुवें कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने म.प्र. स्थापना एवं छात्रावास दिवस को भव्य रूप से मनाने की शुरूआत की थी जिसे मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आगे बढाया है। भाजपा सरकार निरंतर छात्रावास में सुविधाओं में विस्तार का कार्य करने में लगी हुई है।

जूनियर बालिका छात्रावास में बालिकाओं को आने जाने के लिए रास्ते की समस्या के हल के



लिए सड़क बनाने के लिए मे स्वयंम प्रभारी मंत्री से मिलकर इसकों लेकर चर्चा करूगा। अगर जरूरत पड़ी तो नगर परिषद से सड़क का निर्माण करवाएगें। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष भवानी शंकर वर्मा ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर आगे बढने की बात कही। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ.सौरभ जैन ने छात्रावास में पढ़ने वालें बच्चों के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी दी।

सांसद प्रतिनिधी पवन शर्मा ने सभी बच्चों से बाबा साहब के जीवन एवं त्याग प्रेरणा लेकर उनके विचारों को अपने जीवन में उतारने की बात कही। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधी मुकेश हरदेनिया,पार्षद प्रतिनिधी दिलिप जैन साग्याखेंडी,भाजपा नेता लखन सेन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचकर उपस्थितों को स्थापना दिवस की शुभकामनाऐं दी।



महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम, विद्यार्थियों को दिलाया प्रदेश की उन्नति का संकल्प

सुसनेर। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मध्य प्रदेश के विकास में विभिन्न शासकीय विभागों एवं योजनाओं के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं पंचायत विभाग की योजनाओं और उनसे आमजन को मिलने वाले लाभों की जानकारी साझा की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश प्रसाद कुलमी, असिस्टेंट प्रोफेसर ने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के महत्व, प्रदेश की स्थापना, विकास यात्रा और नागरिकों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रदेश की उन्नति, स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्रहित में सकारात्मक योगदान देने का संकल्प दिलाया। अतिथि राधेश्याम सूर्यवंशी ने भी युवाओं की भूमिका और प्रदेश के विकास में उनकी जिम्मेदारियों पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सत्यनारायण सोनी एवं परामर्शदाता ज्योति बैरागी ने विद्यार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक रहने तथा सामाजिक विकास में सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में परामर्शदाता कैलाश नारायण विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता प्रांशी पांडे ने किया। समारोह में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकला




जगोटी। रविवार को जगोटी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उज्जैन जिला ग्रामीण द्वारा पथ संचलन निकाला गया, जिसमें जिला, मंडल व खंड स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। श्री चैतन्य हनुमान मंदिर के समीप स्थित श्री बालाजी परिसर में सुबह क्षेत्र के स्वयं सेवकों का एकत्रीकरण हुआ,यहां वरिष्ठ वक्ताओं ने राष्ट्रीय विचारधारा से ओतप्रोत बौध्दिक प्रदान किया। उज्जैन जिला ग्रामीण शारीरिक शिक्षण प्रमुख धर्मेंद्र सिंह सिसौदिया ने आर एस एस की स्थापना से अब तक की विचारधारा यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन संस्कृति ही समाज व राष्ट्र में सकारात्मक बदलाव ला सकती है हमारी संस्कृति विश्व की दशा और दिशा बदलने का माद्दा रखती है। अतिथि के रूप में समाजसेवी निर्भयसिंह आंजना उपस्थित थे। पथ संचलन में बाल स्वयं सेवक आकर्षण का केंद्र रहे। संचालन का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पथ संचलन के दौरान राघवी पुलिस मुस्तैद रही।

बड़नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक महाविद्यालय इकाई का निकला पथ संचलन



बड़नगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महाविद्यालय इकाई द्वारा रविवार 1 नवंबर को पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन से पूर्व बस स्टैंड के पीछे एकत्रित स्वयंसेवकों को वक्ता द्वारा संबोधित किया गया। अपने वक्तव्य में वक्ता ने युवाओं से राष्ट्र के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को राष्ट्र विरोधी ताकतों को पहचानने की आवश्यकता है। जो ताकतें देश की एकता और अखंडता को कमजोर करना चाहती हैं, उनके षड्यंत्र को समझकर हमें राष्ट्रहित में संगठित होना होगा। राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। वक्तव्य के उपरांत अनुशासित पथ संचलन बस स्टैंड के पीछे से प्रारंभ हुआ। घोष की धुन पर कदम से कदम मिलाते हुए स्वयंसेवक नगर के प्रमुख मार्गों शांति निकेतन, जय स्तंभ, धानमंडी, गांधी चौक, नयापुरा और संगम चौराहा होते हुए पुनः बस स्टैंड के पीछे पहुंचा, जहाँ संचलन का समापन हुआ। मार्ग में नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी, स्वयंसेवक और नगरवासी उपस्थित रहे।

भाजपा के लोकतंत्र बचाओ भीड़तंत्र हटाओ अभियान अंतर्गत युवा संवाद




महिदपुर । भारतीय जनता पार्टी के अभियान लोकतंत्र बचाओ भीड़तंत्र हटाओ अंतर्गत युवा संवाद कार्यक्रम नगर के शासकीय मॉडल उमावि एवं शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में युवा संवाद आयोजन किया गया । कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष धाकड़ पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, आयोजन के जिला संयोजक संदीप व्यास, सह प्रभारी डॉक्टर विपुल धाडीवाल आदि उपस्थित थे। प्राचार्य रामेश्वर सोनी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी किशोर परमार आदि भी उपस्थित रहे ।

घर पर वर्टिगो के लिए 7 असरदार एक्सरसाइज....

मूवमेंट और हलचल से आपके आस-पास की चीजें घूम रही या घूम रही लग सकती हैं, जिससे आपको धुंधलापन और उलझन महसूस हो सकती है। सुरक्षित और हल्की एक्सरसाइज आपके खराब दिमाग को ठीक करने, आपका बैलेंस ठीक करने और आपको होने वाले चक्कर कम करने में मदद कर सकती हैं। नीचे सात एक्सरसाइज दी गई हैं जिन्हें आप अपने घर पर सुरक्षित रूप से आजमा सकते हैं।





ब्रांट-डारोफ व्यायाम- ब्रांट-डारोफ व्यायाम वर्टिगो (चक्कर आना) व्यायाम का एक सामान्य रूप है जिसका उपयोग मस्तिष्क को स्थितिजन्य परिवर्तनों (अपने सिर को अलग-अलग दिशाओं में घुमाना) के अभ्यस्त होने में मदद करने के लिए किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप आमतौर पर चक्कर आने और दिशाभ्रम के लक्षण दिखाई देते हैं। ब्रांट-डारोफ व्यायाम मुख्य रूप से बिनाइन पैरोक्सिस्मल पोजिशनल वर्टिगो वाले व्यक्तियों के लिए डिजाइन किया गया है।

इसे कैसे करें:- अपने बिस्तर के किनारे पर सीधे बैठकर शुरूआत करें। जल्दी से अपनी बाईं ओर लेट जाएं, जिसमें आपकी नाक 45 डिग्री पर सीधे ऊपर की ओर इशारा कर रही हो। इस स्थिति को 30 सेकंड के लिए, या जब तक आपके लक्षण रुक न जाएं, तब तक बनाए रखें। बैठने की स्थिति में लौटें, 30 सेकंड के लिए रुकें और अपनी दाईं ओर लेटकर व्यायाम को दोहराएं।

एपली मैन्यूवर -एपली मैन्यूवर आपके आंतरिक कान में गिरने वाले बहुत छोटे क्रिस्टल को फिर से स्थापित करने के लिए सबसे अच्छे और सबसे प्रभावी उपचारों में से एक है, जो चक्कर आने का कारण बन सकते हैं। एपली मैन्यूवर को शांत वातावरण में करना सबसे अच्छा है ताकि आप अधिक आसनीय परिवर्तनों पर दबाव न डालें।

इसे कैसे करें:- अपने पैरों को लटकाकर अपने बिस्तर पर सीधे बैठें।

अपने सिर को 45 डिग्री बाईं ओर घुमाएं। अपने बिस्तर पर पीछे की ओर (जल्दी से) लेट जाएं, जिसमें आपका सिर बिस्तर के किनारे से थोड़ा लटका हुआ हो। वहां 30 सेकंड तक रहें। फिर अपने सिर को 90 डिग्री दाईं ओर घुमाएं, और वहां 30 सेकंड तक रहें। फिर अपनी दाईं ओर करवट लें (अपने सिर को थोड़ा नीचे रखें), और बैठने की स्थिति में लौटने से पहले 30 सेकंड तक रहें।



सीमोंट मैन्यूवर

यह मैन्यूवर आंतरिक कान के कणों को शिफ्ट करता है जो चक्कर आने का कारण बनते हैं। यह कुछ राहत प्रदान कर सकता है, और यदि ठीक से किया जाए तो यह बहुत जल्दी हो जाता है।

इसे कैसे करें: अपने पैरों को लटकाकर अपने बिस्तर पर सीधे बैठें। अपने सिर को 45 डिग्री दाईं ओर घुमाएं। अपनी बाईं ओर जल्दी से लेट जाएं और वहां 30 सेकंड तक रहें। अपने सिर की स्थिति को बदले बिना, जल्दी से अपनी दाईं ओर पलटें और वहां 30 सेकंड तक रहें। बैठने की स्थिति में लौटें।



गेज स्टेबिलाइजेशन एक्सरसाइज- यह व्यायाम आपकी आंखों और आंतरिक कान को एक साथ काम करने में मदद करता है और जब आप अपना सिर हिलाते हैं तो आपके लिए ध्यान केंद्रित करना आसान बनाता है और कम चक्कर आते हैं।

इसे कैसे करें: एक आरामदायक कुर्सी पर बैठें। अपने सामने बांह की लंबाई पर एक लक्ष्य (जैसे पेन या अपना अंगूठा) पकड़ें। लक्ष्य को देखें और धीरे-धीरे अपने सिर को अगल-बगल (साइड-टू-साइड) घुमाएं। इसे 10 बार दोहराएं।

स्टैंडिंग बैलेंस एक्सरसाइज- जब आपको चक्कर आ रहे हों तो संतुलन महत्वपूर्ण है, और यह सरल मुद्रा व्यायाम आपके शरीर को अधिक स्थिर महसूस कराने और गिरने की संभावना को कम करने का एक तरीका है।

इसे कैसे करें: दीवार के बगल में खड़े हों ताकि जरूरत पड़ने पर आप इसे पकड़ सकें। पैर एक साथ (पैरों के किनारों पर खड़े होने की चिंता न करें, बस पैरों को एक साथ रखकर सीधे खड़े हों) अपनी आंखें बंद करें और इस स्थिति को 20 सेकंड तक बनाए रखें। अपनी आंखें खोलें और इसे 5 बार दोहराएं।

मार्चिंग इन प्लेस- क जगह पर मार्च करना आपके संतुलन तंत्र को उत्तेजित करने का एक सौम्य तरीका है। यह आपको तब चलने के लिए प्रोत्साहित करता है जब आपका मस्तिष्क आपके आंतरिक कान से आने वाले इनपुट के अनुकूल हो रहा होता है।

हेल्दी स्मूदीज, जो वजन घटाने में करेंगी मदद...



फलों और सब्ज़ियों से भरपूर स्मूदी आपकी सेहत के लिए सबसे अच्छे पेय पदार्थों में से एक है। ये न केवल स्वादिष्ट होती हैं, बल्कि कुछ खास तरह की स्मूदी वजन घटाने में भी मददगार साबित होती हैं। अगर आप वजन घटाने की कोशिश में हैं, लेकिन बेस्वाद और उबाऊ खानपान नहीं चाहते हैं, तो इन स्मूदी को अपनी डाइट में शामिल कर लें, ये स्मूदीज ह्यएक तीर से दो निशानेह्न वाली कहावत को चरितार्थ करती हैं।

चिया-बेरीज स्मूदी

इसे ग्रीक दही के साथ तैयार किया जाता है। इससे स्मूदी को एक क्रीमी फ़्लेवर मिलता है। चिया सीड्स और अलग-अलग तरह की बेरीज डालकर इसे आप पोषक तत्वों से भरपूर बना एक सेहतमंद पेय बना सकते हैं। अगर आपको ज्यादा मीठा पसंद हो, तो इसमें शहद मिलाएं।

फ्लैक्स स्मूदी

आयरन से भरपूर पालक और ओमेगा-3 एसेंशियल फैटी एसिड से भरपूर फ्लैक्ससीड्स दिल को स्वस्थ रखने में मददगार होता है। इन दोनों सामग्री से स्मूदी तैयार करने के लिए दही का इस्तेमाल करें। मिठास के लिए इसमें शहद मिलाएं। अगर आपको पालक का स्वाद पसंद नहीं आता है, तो आप स्मूदी में केला या आम भी जोड़ सकते हैं।

कद्दू की स्मूदी

1 कप कद्दू की प्यूरी, 1 कप बिना शक्करवाला बादाम का दूध, ० केला और स्वाद के लिए एक चुटकी दालचीनी पाउडर लें। सभी सामग्रियों को एक साथ पीस लें और हेल्दी कद्दू की स्मूदी का मजा लें।

आम का धमाका

इस फ्रूट स्मूदी का एक ग्लास पीने से आपको जरूरी पोषक तत्व और कई स्वास्थ्य लाभ मिलेंगे। आपको बस 1 कप आम के टुकड़े, 1 कप अनानास के टुकड़े, बिना शक्करवाला अनानास का पानी, 1 कप हरी पत्तेदार सब्ज़ियां जैसे केल या पालक और 1० कप नींबू का रस चाहिए। सभी सामग्रियों को एक साथ मिलाकर ब्लेंड करें और आपकी हेल्दी स्मूदी तैयार है।

Sport

ओपनिंग से विकेटकीपिंग तक संभाल सकते हैं 3 जिम्मेदारियां; न्यूजीलैंड में उपकप्तानी करेंगे

2027 वर्ल्ड कप के लिए ईशान किशन क्यों जरूरी..

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टीम 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए ऐसे खिलाड़ियों को तैयार करना चाहती है, जो जरूरत के मुताबिक अलग-अलग भूमिकाएं निभा सकें। ईशान किशन इस योजना में अहम हो सकते हैं। न्यूजीलैंड दौरे के आखिरी दो वनडे के लिए उन्हें उपकप्तान बनाया गया है। इन मैचों में टेस्ट सीरीज के लिए चुने गए खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। इनमें टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल भी शामिल हैं। ईशान को उपकप्तानी देना इसलिए अहम है, क्योंकि इससे संकेत मिलता है कि चयनकर्ता और टीम मैनेजमेंट उन्हें भविष्य की टीम में बड़ी जिम्मेदारी के लिए देख रहे हैं। ईशान की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वह टीम की जरूरत के हिसाब से बल्लेबाजी क्रम बदल सकते हैं। साथ ही विकेटकीपिंग भी कर सकते हैं। इससे 15 खिलाड़ियों की सीमित वर्ल्ड कप टीम में उन्हें शामिल करने का फायदा बढ़ जाता है।

रोहित शर्मा ने पिछले चार वनडे मैचों में दो शतक और एक 92 रन की पारी खेलकर अपनी जगह मजबूत की है। इससे पहले उनकी टीम में



जगह को लेकर सवाल थे और यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग का विकल्प माना जा रहा था। जायसवाल ने जून में चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 110 रन बनाए थे। वह वनडे की शुरूआती 6 पारियों में दो शतक लगाने वाले भारत के इकलौते बल्लेबाज हैं।

दोहरा शतक लगाने के बाद भी 2023 वर्ल्ड कप नहीं खेल पाए

ईशान ने दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ 126 गेंदों पर 200 रन बनाए थे। उस समय यह वनडे क्रिकेट का सबसे तेज दोहरा शतक था। इसके बावजूद वह 2023 वर्ल्ड कप की प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं बना सके। इसकी वजह रोहित शर्मा और शुभमन गिल की ओपनिंग जोड़ी थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद ईशान ने टी-20 में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह ओपनिंग के साथ तीसरे नंबर पर भी बल्लेबाजी कर चुके हैं। वनडे में भी उन्होंने मिडिल ऑर्डर में अपनी उपयोगिता साबित की है। अफगानिस्तान के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए 79 गेंदों पर 125 रन बनाए थे। यह इस फॉर्मेट में मिडिल ऑर्डर पर उनका पहला शतक था।

ओपनिंग में ज्यादा सफल रहे हैं ईशान- वनडे में ओपनर के तौर पर ईशान ने 9 पारियों में 61.87 की औसत से रन बनाए हैं। वहीं, दूसरे बल्लेबाजी क्रमों पर उनका औसत 34 रहा है और स्ट्राइक रेट 97.45 है।

न्यूजीलैंड दौरे पर खुद को साबित करने का मौका- ईशान रविवार और सोमवार को ऑकलैंड के ईडन पार्क में हुई भारतीय वनडे टीम की प्रैक्टिस में शामिल नहीं थे। उस समय वह हैमिल्टन में पांचवां टी-20 इंटरनेशनल खेल रहे थे। इस मुकाबले में उन्होंने 32 गेंदों पर 61 रन की तेज पारी खेली।

रणजी ट्रॉफी-हर्ष दुबे ने 53 रन देकर 9 विकेट झटके

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी के चौथे राउंड में विदर्भ के स्पिनर हर्ष दुबे ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने मध्य प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में 53 रन देकर 9 विकेट हासिल किए। उनकी गेंदबाजी के सामने मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर ऑलआउट हो गई। यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में विदर्भ के किसी गेंदबाज का अब तक का बेस्ट प्रदर्शन है। दुबे ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 10वीं बार एक पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लिए। इस प्रदर्शन के साथ वे इस सीजन के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। रेलवे के खिलाफ मुंबई के ओपनर अंगकृष रघुवंशी ने लगातार तीसरा 50+ स्कोर बनाया। उन्होंने पिछले मैच में हरियाणा के खिलाफ 114 और नाबाद 67 रन बनाए थे। रेलवे के खिलाफ भी 78 रन बनाए। उन्होंने 8 चौके व एक छक्का लगाया। मुंबई ने 25 ओवर में बिना विकेट गंवाए 94 रन बना लिए थे। पंजाब के बल्लेबाज सलिल अरोड़ा शानदार फॉर्म में हैं। मिडिल ऑर्डर के लड़खड़ाने के बावजूद उन्होंने पारी संभाली। चंडीगढ़ के खिलाफ पंजाब ने 5 विकेट पर 188 रन बनाए हैं। अरोड़ा 71 रन बनाकर नाबाद है। उन्होंने सनवीर सिंह के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी की। इस सीजन में अरोड़ा ने हैदराबाद के खिलाफ 151, छत्तीसगढ़ के खिलाफ 107 और असम के खिलाफ 110 रन बनाए हैं।

नैनो न्यूज

- **न्यूजीलैंड ने भारत को हराया:** पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को 7 विकेट से हराकर सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है।
- **पीवी सिंधु का हाइलो ओपन खिताब:** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने डेनमार्क की लाइन कजर्सफेल्ट को हराकर हाइलो ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीत लिया है।
- **लक्ष्य सेन बने हाइलो ओपन चैंपियन:** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने फाइनल मुकाबले में जोनाथन क्रिस्टी को हराकर हाइलो ओपन पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया है।
- **भारतीय हॉकी टीम की शानदार जीत:** एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मलेशिया को 4-2 से हरा दिया, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शानदार हैट्रिक लगाई है।
- **मनीषा बनीं वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियन:** मनीषा ने महिला वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं।
- **वेस्टइंडीज की मीरपुर टेस्ट में जीत:** वेस्टइंडीज ने मीरपुर टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 8 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन, रचिन रवींद्र वनडे सीरीज से बाहर

चोट से ठीक नहीं हो सके, 4 नवंबर से शुरू होगी पांच मैचों की सीरीज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और रचिन रवींद्र भारत के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि दोनों खिलाड़ी चोटों से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं।

चैपमैन बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं। जबकि प्रमोशनल शूट के दौरान रचिन रवींद्र का दायां कंधा डिसलोकेट हो गया था। भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज 4 नवंबर से ऑकलैंड में शुरू होगी। मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, हर कोई जानता है कि मार्क और रचिन इस टीम के लिए कितने अहम हैं। उनका इस सीरीज में नहीं खेलना दुखद है।

उन्होंने कहा, मैं पिछले हफ्ते मार्क से मिला था। वह निराश हैं, लेकिन मैदान पर लौटने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। रॉब वॉल्टर ने कहा, ह्यरचिन का कंधा



अभी उस स्थिति में पूरी तरह नहीं आया है, जिसमें वह सफेद गेंद की क्रिकेट में आराम से फील्डिंग कर सकें।

उन्होंने कहा, इस महीने के आखिर में टेस्ट सीरीज भी है। इसलिए हम कोई अनावश्यक जोखिम नहीं लेना चाहते।

विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सीफर्ट को पहले तीन ओडीआई के लिए टीम में शामिल किया गया है। उन्हें सीरीज के आखिरी दो मैचों के लिए पहले ही चुना गया था। बाएं हाथ के बल्लेबाज हेनरी निकोल्स और ऑलराउंडर डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को भी टीम में बुलाया गया है। निकोल्स पहले तीन ओडीआई के लिए टीम में रहेंगे। फॉक्सक्रॉफ्ट आखिरी दो मैचों के लिए टीम से जुड़ेंगे।

तेज गेंदबाज मैट फिशर भी पहले तीन मैचों के लिए टीम में शामिल किए गए हैं। उन्हें शुरूआत में केवल आखिरी दो मैचों के लिए चुना गया था। मैट हेनरी दाएं क्वाड्रिसेप में मामूली चोट के कारण आखिरी तीन टी20क नहीं खेल पाए थे। वह सोमवार, 2 नवंबर को टीम से जुड़ेंगे।



आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करें
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

धार-इंदौर रेल सेवा शुरू होने की उम्मीद बढ़ी

धार। इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के तहत धार से इंदौर के बीच ट्रेन शुरू होने का इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। इसके लिए 5 और 6 नवंबर को धार से टिही रेलखंड का रेलवे सुरक्षा आयुक्त निरीक्षण प्रस्तावित है। निरीक्षण में ट्रैक और अन्य व्यवस्थाएं सुरक्षा मानकों के अनुरूप मिलने पर रेल संचालन की अनुमति मिल सकेगी। इसके बाद इस रेलखंड पर नियमित ट्रेन चलाने का रास्ता साफ होगा। धार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संचालन से जुड़ी ज्यादातर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

तीन दिशाओं से निकले पथ संचलन खच्चरटोडी चौराहे पर मिले

झाबुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेघनगर खंड के बड़ा घोसलिया मंडल में त्रिवेणी पथ संचलन निकाला गया। तीन दिशाओं से आए संचलन खच्चरटोडी चौराहे पर मिले। नया गांव जागीर, झाराडाबर और घोसलिया से स्वयंसेवकों के अलग-अलग संचलन शुरू हुए। स्वयंसेवक गणवेश में घोष की धुन पर कदमताल करते हुए तय रास्तों से खच्चरटोडी चौराहे पहुंचे। इसमें बड़ा घोसलिया, छोटा घोसलिया, बेड़ावली, डुंडका, गडुली, झाराडाबर, कालियाविराम, खच्चरटोडी, किशनपुरा, नया गांव जागीर, फुलेड़ी, राखड़िया और उदयपुरिया गांव के स्वयंसेवक शामिल हुए।

मौत के बाद खदान पर धरना पांच दिन से लोडिंग बंद

धार। धार जिले के गंधवानी में चूना पत्थर से भरे ट्राले की टक्कर से बाइक सवार हेमलता की मौत के बाद ग्रामीणों का धरना जारी है। ग्रामीण 28 अक्टूबर से कोसदाना की चूना पत्थर खदान पर प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को धरने का पांचवां दिन रहा। उनकी मांग है कि ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाई जाए और हेमलता के एक वर्षीय बेटे के भरण-पोषण के लिए सहायता राशि दी जाए। हेमलता ग्राम देदली की रहने वाली थीं। 25 अक्टूबर को वह परिवार के साथ ससुराल जा रही थीं।

किराना दुकान से 45.5 किलो पटाखे जब्त



पुलिस ने 71,107 रुपए के पटाखे पकड़े, दुकानदार अली असगर पर केस

धार। कुक्षी में गायत्री सरोवर के सामने बाबजी किराना दुकान से पुलिस ने 45.5 किलो पटाखे जब्त किए हैं। इनकी कीमत 71,107 रुपए है। दुकानदार अली असगर के पास पटाखों के भंडारण और बिक्री का लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक ने अवैध रूप से पटाखों के भंडारण और खरीद-बिक्री पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान के नेतृत्व में कुक्षी पुलिस कार्रवाई कर रही थी। टीआई दीपक चौहान ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि गायत्री सरोवर के सामने बाबजी किराना दुकान के पास बिक्री के लिए पटाखे रखे गए हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुकान संचालक अली असगर पिता इम्तियाज अली बोहरा (45) से पूछताछ की। वह गायत्री सरोवर के सामने, कुक्षी का निवासी है। पूछताछ में उसने पटाखे बिक्री के लिए रखने की बात स्वीकार की, लेकिन भंडारण और बिक्री का वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका। पुलिस ने दुकान से अलग-अलग तरह के 45.5 किलो पटाखे जब्त किए। इनकी कीमत 71,107 रुपए आंकी गई है।

नैनो न्यूज

- **रवि पुष्य में इंदौर के बाजारों में 850 करोड़ का कारोबार-** इंदौर में रवि पुष्य नक्षत्र पर सराफा, ऑटोमोबाइल, प्रॉपर्टी और इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार में जोरदार खरीदारी हुई। व्यापारियों के अनुमान से लगभग 850 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।
- **सराफा कारोबार में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी-** इंदौर सराफा बाजार में रवि पुष्य पर पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक बिक्री दर्ज की गई। हल्के वजन के आभूषण और सोने के सिक्कों की मांग बढ़ी।
- **वाहन बाजार में 700 कारों की डिलीवरी-** इंदौर में रवि पुष्य के अवसर पर लगभग 700 कारें और 1500 दोपहिया वाहन ग्राहकों को सौंपे गए। एसयूवी, हैचबैक और इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदारी में तेजी रही।
- **दीपावली सजावट बाजार में बिक्री कमजोर-** इंदौर के रानीपुरा बाजार में सजावटी सामान की बिक्री पिछले वर्ष के मुकाबले कमजोर रही। दुकानदारों के अनुसार महंगाई के कारण ग्राहक पारंपरिक दीये और कम कीमत वाले सामान को प्राथमिकता दे रहे हैं।
- **प्रॉपर्टी बाजार में शुभ मुहूर्त की बुकिंग-** रवि पुष्य के दौरान इंदौर में लगभग 200 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी बुकिंग का अनुमान व्यापारिक संगठनों ने जताया।

गांधी हॉल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय मराठी जत्रा में छह लाख से अधिक लोग पहुंचे, 10,650 किलो गीले कचरे से बनाई खाद

जत्रा में 46-47 मराठी फूड स्टॉल पर पारंपरिक व्यंजन परोसे गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गांधी हॉल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय मराठी जत्रा में छह लाख से अधिक लोग पहुंचे। रविवार को आयोजन का समापन हुआ। जत्रा में दादा-दादी से लेकर बच्चों तक तीन पीढ़ियां एक साथ पहुंचीं। यहां 46-47 मराठी फूड स्टॉल पर पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। इसके अलावा हैंडलूम, हस्तशिल्प और दीपावली की सजावटी वस्तुओं के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे।

मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर दांडेकर ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी गृहिणियों ने पारंपरिक मराठी व्यंजनों के स्टॉल लगाए। पूरण पोली, गुड़ रोटी, उकड़ीचे मोदक, झुणका भाकर, भाकरवड़ी और सोलकढ़ी सहित कई व्यंजन परोसे गए।





मुंबई के कला रंजना ग्रुप ने तीनों दिन लावणी नृत्य की प्रस्तुति दी। ट्रेड फेयर में विशेष छूट के साथ हैंडलूम और हस्तशिल्प के स्टॉल लगाए गए। इसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना और हस्तशिल्प उद्योग को बढ़ावा देना था।

समापन समारोह में पहुंचे नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि किसी आयोजन को 26 वर्षों तक लगातार चलाना बड़ी उपलब्धि है। इसकी विशेषता है कि इससे समाज जुड़ता है। इतने सारे लोग और तरह-तरह के व्यंजन इस आयोजन को खास बनाते हैं। महाराष्ट्र छोड़कर दूसरे शहरों में बसे लोगों को यहां घर के खाने का स्वाद मिलता है।

कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार और एमडीएच के चेयरमैन राजीव माहते सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

आयोजकों के अनुसार, इस बार भी जत्रा को 100 प्रतिशत जीरो वेस्ट रखा गया। फूड जोन में प्लेट, ग्लास सहित अन्य सामग्री के लिए बायोडिग्रेडेबल उत्पादों का इस्तेमाल किया गया। परिसर में 20 से अधिक कलेक्शन सेंटर बनाए गए, जहां गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्र किया गया। आयोजकों के मुताबिक, करीब 10,650 किलो गीले कचरे से खाद तैयार की गई, जबकि 5,750 किलो बायोडिग्रेडेबल सूखे कचरे का निस्तारण किया गया। तैयार खाद नगर निगम को सौंपी गई। तीन दिनों में ट्रेड जोन में अनुमानित चार करोड़ रुपए का कारोबार हुआ।

तीन साल से हर बार जत्रा में पहुंच रहा परिवार

आकांक्षा अग्रवाल और उनके परिवार ने बताया कि वे तीन साल पहले इंदौर शिफ्ट हुए थे। तभी से हर साल जत्रा में आ रहे हैं। उन्हें यहां का खानपान और खरीदारी का अनुभव पसंद है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि महाराष्ट्र की संस्कृति को करीब से जानने और पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए वे यहां पहुंचते हैं। कोथिंबीर वड़ी, बटाटा वड़ा और वड़ा पाव उनके पसंदीदा व्यंजन हैं। स्वप्नाली विनय कपसे ने कहा कि महाराष्ट्र की पारंपरिक लावणी नृत्य शैली बदलते समय के साथ अपनी पहचान खोती जा रही है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम हैं।

गश्त छोड़ जेल से छूटे बदमाश के साथ शराब पीने पहुंचे थाने के पुलिसकर्मी, जांच के आदेश

रहवासियों ने फुटेज के साथ कंट्रोल रूम में की शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तिलक नगर थाने की एफआरवी (डायल-112) के पुलिसकर्मी ही बदमाश के साथ शराब पीते मिले। शनिवार देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच एफआरवी के पुलिसकर्मी गश्त छोड़कर थाना क्षेत्र से करीब 6 किमी दूर खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम बिहाड़िया पहुंच गए।

यहां ताज कॉलोनी के रहवासी इलाके के खुले मैदान में जेल से छूटकर आए एक बदमाश के साथ शराब पीने का आरोप है। रहवासियों ने इसका वीडियो बनाया। बाद में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत की। मामला तिलक नगर टीआई मनीष लोधा तक पहुंचा तो उन्होंने एएसआई श्रीराम परमार, हेड कांस्टेबल विनोद सक्सेना और एफआरवी पायलट के खिलाफ रोजनामचे में रिपोर्ट दर्ज कर जांच के आदेश दिए। रहवासियों के मुताबिक, बिना नंबर की बाइक से एक बदमाश वहां पहुंचा। उसने अपनी बाइक पुलिस की एफआरवी के सामने खड़ी की। इसके बाद शराब निकाली और पुलिसकर्मियों के साथ पीने लगा। क्षेत्रवासी संदीप तिवारी के मुताबिक, यह सिलसिला रात करीब 1 बजे तक चलता रहा।



चोरों के लिए लगाए कैमरे में कैद हुए पुलिसवाले

रहवासियों ने बताया, वाहन चोरों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। इन्हीं कैमरों में पुलिस की एफआरवी और बदमाश के साथ पुलिसकर्मियों की गतिविधियां कैद हो गईं। रहवासियों का कहना है कि पुलिस इलाके में बदमाशों की गश्त करने नहीं आती, लेकिन खुले मैदान में शराब पीने पहुंच जाती है। शनिवार देर रात ग्राम बिहाड़िया की ताज कॉलोनी में तिलक नगर थाने की एफआरवी (एमपी 04 वायआर 1247) पहुंची। इसमें थाने के एएसआई श्रीराम परमार और हेड कांस्टेबल विनोद सक्सेना मौजूद थे। एफआरवी का पायलट भी उनके साथ था।

जिलाबदर मामा पकड़ाया तो भांजों ने युवक को मारे चाकू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में बोहरा मस्जिद के पास रविवार देर रात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। आरोपियों को शक था कि युवक ने उनके मामा हारून रंगीला को जिलाबदर अवधि के दौरान पुलिस से पकड़वाने के लिए मुखबिरी की थी। इसी शक में हारून के भांजे मोहम्मद फैजान, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद सलमान और उनके तीन साथियों ने आदिल पर चाकू से वार किए। हमले में घायल आदिल इरफान गौरी के साथ थाने पहुंचा। फरियादियों ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उसे अस्पताल भेजने के बजाय 20 मिनट से ज्यादा समय तक थाने में बैठाकर पूछताछ की। सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने इरफान गौरी की शिकायत पर मोहम्मद फैजान, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद सलमान और तीन अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ चाकूबाजी की एफआईआर दर्ज की है। इरफान ने बताया कि बोहरा मस्जिद के पास उसके भांजे आदिल पुत्र मोहम्मद जाकिर, निवासी चंपाबाग पर फैजान, रिजवान और उनके साथियों ने चाकू से हमला किया।

8वीं मंजिल से गिरकर युवती की मौत, प्रेमी पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में 8वीं मंजिल से गिरकर हुई शादीशुदा युवती की मौत के मामले में पुलिस जांच के दौरान नए तथ्य सामने आए हैं। अंजलि की 24 अक्टूबर को पलाश परिसर की 8वीं मंजिल से गिरने से मौत हुई थी। वह आरोपी अजय मुड़े के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी।

आरोपी उस पर चरित्र को लेकर शक करता था और उसके साथ मारपीट करता था। पुलिस ने मामले में अंजलि के नाबालिग भाई अर्जुन और पलाश परिसर रहवासी समिति के अध्यक्ष अभिषेक दुबे के बयान दर्ज किए हैं।

अभिषेक दुबे ने पुलिस को बताया कि करीब 8 से 10 दिन पहले युवक और युवती पलाश परिसर में किराए से रहने आए थे। इसके बाद से ही उनके फ्लैट से आए दिन झगड़े और चिल्लाने की आवाजें आती थीं। रहवासी समिति का अध्यक्ष होने के नाते वे अन्य रहवासियों के साथ दोनों को समझाने पहुंचे थे। वहां अंजलि के साथ आरोपी अजय पुत्र राजेंद्र मुड़े मिला था। उस समय अजय ने दोनों के पति-पत्नी होने का दावा किया था। उसने यह भी कहा था कि उनके बीच कोई विवाद नहीं है। रहवासियों के समझाने के बावजूद दोनों के बीच विवाद बंद नहीं हुआ। इसके बाद अभिषेक दुबे ने फ्लैट मालिक वैभव को इसकी जानकारी दी थी। वैभव ने दो दिन में फ्लैट खाली कराने की बात कही थी। इसी बीच 24 अक्टूबर को अंजलि 8वीं मंजिल से नीचे गिर गई। इसके बाद अजय और अन्य लोग उसे मैक्सवेल अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां इलाज के दौरान अंजलि की मौत हो गई।

युवक को पकड़ने गए पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजयनगर में रविवार देर रात खुद को कमरे में बंद कर चाकू लेकर हंगामा कर रहे आरोपी ने पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। आरोपी ने पुलिसकर्मी राजपाल सेंधव की पीठ पर चाकू से वार किया। घायल जवान को मेदांता अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र के खिलाफ पुलिसकर्मी पर हमला करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित गंभीर धाराओं में एफआइआर दर्ज की है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक रविवार रात डायल-112 पर श्रीराम मंदिर विजयनगर से सूचना मिली थी। बीट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी राजपाल सेंधव मौके पर पहुंचे। वहां पता चला कि जितेंद्र पिता सुरेंद्र रघुवंशी, जो मूल रूप से रायसेन का रहने वाला है और इंदौर में किराए से रहता है, ने खुद को कमरे में बंद कर रखा है। उसके हाथ में चाकू था और वह जोर-जोर से चिल्लाकर लोगों को भागने के लिए कह रहा था।

आयुक्त के निर्देश, जनवरी में वेतन से पहले होगी जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को अब 31 दिसंबर 2026 तक अपने सभी बकाया कर और शुल्क जमा करने होंगे। इसमें संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क और यूजर चार्ज सहित निगम के सभी देय शामिल हैं। यह निर्देश केवल नियमित कर्मचारियों पर नहीं, बल्कि मस्टर, विनियमित और आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से काम करने वाले कर्मचारियों पर भी लागू होगा।

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत कर्मचारियों को खुद के साथ परिवार के सदस्यों के नाम पर नगर निगम सीमा में स्थित सभी कर योग्य संपत्तियों का बकाया भी तय समय-सीमा में जमा करना होगा। कर और शुल्क जमा करने के बाद सभी अधिकारी-कर्मचारियों को भुगतान के प्रमाण के साथ आवेदन अपने विभाग प्रमुख को सौंपना होगा। विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी होगी कि वे अपने विभाग के सभी कर्मचारियों से शत-प्रतिशत कर जमा कराएं।

जल कनेक्शन बंद कराने के लिए अब एसओपी

आवेदन के 30 दिन में हटेगा कनेक्शन, बंद होगा खाता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में जिन उपभोक्ताओं को अब जल कनेक्शन की आवश्यकता नहीं है, उन्हें इसे स्थायी रूप से बंद कराने के लिए अब निर्धारित प्रक्रिया से गुजरना होगा।

नगर निगम ने जल कनेक्शन हटाने और उपभोक्ता का खाता बंद करने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार की है। इसके तहत कनेक्शन बंद कराने के बाद भी बिल जारी होने जैसी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। साथ ही पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समय-सीमा तय की गई है।

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर तैयार एसओपी के अनुसार उपभोक्ता को संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री के पास लिखित आवेदन देना होगा। इसमें कंज्यूमर आईडी, नाम, जल कनेक्शन का पता, मोबाइल नंबर और कनेक्शन बंद कराने का कारण दर्ज करना होगा। आवेदन मिलने के बाद सहायक यंत्री बकाया जलकर और अन्य भुगतान की जांच करेंगे। इसके बाद कनेक्शन हटाने में आने वाले खर्च का एस्टीमेट तैयार कर उपभोक्ता को उपलब्ध कराया जाएगा।

नगर निगम ने आवेदन मिलने के 10 दिन के भीतर बकाया राशि और कनेक्शन हटाने के शुल्क का एस्टीमेट देने की समय-सीमा तय की है। उपभोक्ता को बकाया बिल और निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। भुगतान के बाद संबंधित अधिकारी जल कनेक्शन को फिजिकली हटाएंगे। प्रक्रिया पूरी होने पर सहायक यंत्री कनेक्शन हटाने का प्रतिवेदन तैयार कर अफ्ड को भेजेंगे।



150 रुपए की रसीद के बाद मुख्यालय से बंद होगा खाता

एआरओ 150 रुपए की रसीद जारी कर पूरा मामला निगम मुख्यालय भेजेंगे। इसके बाद मुख्यालय स्तर पर उपभोक्ता का खाता बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। निगम के अनुसार, निर्धारित शुल्क जमा होने के बाद अधिकतम 30 दिन में कनेक्शन हटाने और खाता बंद करने की प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य होगा।

आवेदन देने से नहीं रुकेगी बिलिंग- एसओपी में स्पष्ट किया गया है कि केवल कनेक्शन बंद करने का आवेदन देने से बिलिंग बंद नहीं होगी। जल कनेक्शन वास्तव में हटाए जाने तक की देय राशि उपभोक्ता को जमा करनी होगी। फिजिकली कनेक्शन हटाने और निर्धारित औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही खाता बंद किया जाएगा। नगर निगम ने अधिकारियों को सभी आवेदनों का तय समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इससे कनेक्शन बंद कराने वाले उपभोक्ताओं को अनावश्यक बिलिंग और बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से राहत मिलेगी।

किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा
मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर
आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर
महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनयरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com